* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 11 अप्रैल, 2024, गुरुवार, वर्ष 09, अंक 170, चैत्र, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत 2081, पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00


## न्यूज रील्स

### भाजपा ने 10वीं लिस्ट जारी की, नौ उम्मीदवारों की घोषणा

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने बुधवार को 10वीं लिस्ट जारी की। इसमें उत्तर प्रदेश से 7, पश्चिम बंगाल से एक और चंडीगढ़ लोकसभा सीट से प्रत्याशियों के नाम हैं। पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री एसएस अहलुवालिया को टिकट दिया गया है। भाजपा ने अब तक 413 प्रत्याशियों के नाम घोषित किये हैं।

### दिल्ली के मंत्री राजकुमार आनंद का इस्तीफा

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने बुधवार को मंत्री पद और आम आदमी पार्टी (आप) से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने कहा कि मुझे कहीं से भी ऑफर नहीं मिला हैं। मैं आज बहुत व्यथित हूं। राजनीति बदलेगी तो देश बदलेगा। आम आदमी पार्टी का जन्म भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से हुआ था। आज ये पार्टी खुद भ्रष्टाचार के दलदल में फंस चुकी है। इस सरकार में काम करना असहज हो गया है।

### राम मंदिर में स्थापित हुअस डेढ़ क्विंटल का रामचरित मानस

अयोध्या। अयोध्या के राम मंदिर में अब भक्त रामलला के साथ-साथ सोने की रामचरितमानस के भी दर्शन करेंगे। नवरात्र के पहले दिन गर्भगृह में इसे विधि-विधान से स्थापित कर दिया गया है। रामचरितमानस को रामलला की मूर्ति से 15 फीट दूरी पर एक पत्थर के आसन पर रखा गया है। रामचरितमानस को मध्य प्रदेश कैडर के पूर्व आइएएस लक्ष्मी नारायण और उनकी पत्नी ने राम मंदिर ट्रस्ट को भेंट किया है। रामचरितमानस का वजन 155 किलोग्राम और 1000 पेज की है। हर पन्ने पर सोने की परत चढ़ायी गयी है।

### ठेकेदार भूषण सिंह और राम गोविंद सिंह की हत्या में आया फैसला

# पूर्व विधायक पौलुस सुरीन को उम्रकैद

- पीएलएफआइ कमांडर जेठा कच्छप की जिंदगी भी जेल में कटेगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खूंटी जिले के कर्रा में दो लोगों की हत्या के मामले में अपर न्यायायुक्त की कोर्ट ने झामुमो के पूर्व विधायक पौलुस सुरीन और पीएलएफआइ कमांडर नक्सली जेठा कच्छप को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। कोर्ट ने पौलुस सुरीन पर 25 हजार और जेठा कच्छप पर 45 हजार का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माने की राशि नहीं देने पर दोनों दोषियों को एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सभी पक्षों की ओर से सुनवाई पूरी होने के बाद 6 अप्रैल को पौलुस सुरीन और जेठा को दोषी ठहराया गया था। उसी दिन पौलुस सुरीन को न्यायिक हिरासत में ले लिया गया था, जबकि जेठा कच्छप पूर्व से ही अलग-अलग मामलों में न्यायिक हिरासत में है। इस मामले में ट्रायल फेस कर रहे चार अन्य लोगों को साक्ष्य के अभाव में पहले ही बरी कर दिया गया था।

**2009 और 2014 में विधायक चुने गये थे:** पौलुस सुरीन झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट पर तोरपा विधानसभा सीट से वर्ष 2009 और 2014 में विधायक चुने गये थे। 2019 में पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया था। वह निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरे थे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

#### क्या है मामला

विधायक रहते हुए पौलुस सुरीन और पीएलएफआइ कमांडर जेठा कच्छप पर ठेकेदार भूषण सिंह और राम गोविंद सिंह की हत्या का आरोप था। इस घटना को 27 मई 2013 को अंजाम दिया गया था। घटना के बाद मृतक के भाई ने खूंटी के कर्रा थाना में कांड संख्या 27-2013 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी थी। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह पेश किया गया था। वहीं मामले में ट्रायल फेस कर रही तीन महिला समेत चार को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है।

# दुमका सीट भाजपा की थी, है और रहेगी : बाबूलाल मरांडी

- सीता सोरेन के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं को दिये चुनावी टिप्स



आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी बुधवार को जामताड़ा पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने अमलाबनी गांव जाकर अपने पुराने सहकर्मी लालू हेंब्रम के निधन पर दुख जताया और उनके परिवार वालों से मिल कर सांत्वना दी। भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स देने के लिए बाबूलाल दुमका लोकसभा सीट से सांसद प्रत्याशी सीता सोरेन के साथ पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को कई जरूरी चुनावी टिप्स दिये। मुख्य रूप से पहले मतदान फिर जलपान को शिद्दत के साथ पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बगैर सिपाही के कप्तान कुछ नहीं कर सकता। पार्टी के सिपाही आप हैं, आपके ऊपर बहुत जवाबदेही है और उस जवाबदेही को जितने बेहतर तरीके से निभायेंगे जीत का दायरा उतना ही बड़ा और मजबूत होगा। मीडिया से बात करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मेरा प्रथम कार्य क्षेत्र जामताड़ा जिला रहा है और यहां के हर एक गांव में जाकर हमने पहले के विकास का नजारा देखा है। जब मौका मिला तो हमने विकास करके भी दिखाया है। उन्होंने कहा कि विकास के बाबत कोई हमसे क्या पूछेगा, झारखंड में विकास की बुनियाद ही भाजपा ने डाली है।

बाबूलाल मरांडी ने स्पष्ट कहा कि दुमका लोकसभा सीट के जनमानस के रुझान से स्पष्ट होता है कि हम सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि पहले भी यह सीट भाजपा की थी, आज भी भाजपा की है और आगे भी भाजपा की ही रहेगी। इस मौके पर सारठ विधायक रणधीर सिंह, पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा, भाजपा जिला अध्यक्ष सुमित शरण, वरिष्ठ भाजपा नेता विरेंद्र मंडल, जिप अध्यक्ष राधा रानी सोरेन सहित सैकड़ों अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संदेशखाली में रेप और जमीन हड़पने की जांच सीबीआइ करेगी

- कलकत्ता हाइकोर्ट में 2 मई को फिर सुनवाई होगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** कलकत्ता हाइकोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली मामले की जांच सीबीआइ को सौंप दी। अपने आदेश में कहा कि सीबीआइ कोर्ट की निगरानी में जांच करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी। मामले की अगली सुनवाई अब 2 मई को होगी।

संदेशखाली की महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं पर यौन उत्पीड़न और जबरन जमीन कब्जे का आरोप लगाया है। मामले में शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार आरोपी हैं। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हाइकोर्ट के आदेश के बाद अब राज्य की ममता बनर्जी सरकार सीबीआइ जांच पर रोक नहीं लगा पायेगी। दरअसल, राज्य से जुड़े किसी भी मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआइ की जांच के लिए राज्य सरकार से अनुमति लेनी होती है।

# लोकपाल के आदेश के खिलाफ दिल्ली हाइकोर्ट पहुंचा झामुमो

- संपत्ति की जांच सीबीआइ से कराने का है आदेश




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने बुधवार को लोकपाल के उस आदेश को दिल्ली हाइकोर्ट में चुनौती दी, जिसमें पार्टी के नाम पर मौजूद दो संपत्तियों की जांच सीबीआइ को करने का निर्देश दिया गया था। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि वह इस मामले की सुनवाई 23 अप्रैल को करेंगे।

याचिकाकर्ता झामुमो ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी के माध्यम से प्रतिनिधित्व करते हुए भारत के लोकपाल के 4 मार्च के आदेश को चुनौती दी, जो राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के खिलाफ भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा दायर शिकायत पर दिया गया था। वरिष्ठ वकील ने कहा कि पहली नजर में यह एक गलत आदेश है।

भ्रष्टाचार निरोधक लोकपाल ने सीबीआइ को झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन से जुड़ी कथित बेनामी संपत्तियों की छह महीने के भीतर जांच करने का निर्देश दिया है। लोकपाल, जिसने सीबीआइ को झामुमो से संबंधित दो संपत्तियों की जांच करने का भी निर्देश दिया है, ने निशिकांत दुबे की 5 अगस्त, 2020 की शिकायत का निपटारा करते हुए यह निर्देश पारित किया। अधिवक्ता अभिषेक रॉय के माध्यम से उच्च न्यायालय में दायर याचिका में कहा गया है कि लोकपाल का आदेश प्रथम दृष्टया कानून की दृष्टि से खराब और अधिकार क्षेत्र के बिना था और इसे झामुमो की पीठ पीछे पारित किया गया था और जो भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल के दायरे से बाहर था। इसमें कहा गया कि आदेश पारित करने से पहले झामुमो को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया और उसे सुनवाई का कोई अवसर नहीं दिया गया।

#### निशिकांत दुबे ने लगाये थे आरोप

लोकपाल को दी गयी अपनी शिकायत में निशिकांत दुबे ने कहा था कि सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों ने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया और बेईमान और भ्रष्ट तरीकों को अपना कर, अपने नाम पर, आय के ज्ञात और घोषित स्रोतों से अधिक बड़ी संपत्ति अर्जित की। उनके परिवार के सदस्यों, दोस्तों, सहयोगियों के नाम रांची, धनबाद और दुमका समेत झारखंड के कई जिलों में कई कंपनियों उनके नाम हैं।

# रामदेव और बालकृष्ण का माफीनामा खारिज

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जानबूझ कर हमारे आदेश की अवमानना की, कार्रवाई के लिए तैयार रहें

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पतंजलि के विवादित विज्ञापन केस में बाबा रामदेव और बालकृष्ण के दूसरे माफीनामे को भी खारिज कर दिया। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच ने पतंजलि के वकील विपिन सांघी और मुकुल रोहतगी से कहा कि आपने जानबूझ कर कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है, कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उत्तराखंड सरकार की ओर से ध्रुव मेहता और वंशजा शुक्ला ने एफिडेविट पढ़ा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र से खत आता है कि आपके पास मामला है। कानून का पालन कीजिए। छह बार ऐसा हुआ। बार-बार लाइसेंसिंग इंस्पेक्टर चुप रहे। इसके बाद जो आये, उन्होंने भी यही किया। तीनों अफसरों को तुरंत सस्पेंड किया जाना चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।

इससे पहले 2 अप्रैल को इसी बेंच में हुई सुनवाई के दौरान पतंजलि की तरफ से माफीनामा दिया गया था। उस दिन भी बेंच ने पतंजलि को फटकार लगाते हुए कहा था कि ये माफीनामा सिर्फ खानापूर्ति के लिए है। इस बीच सुनवाई से ठीक एक दिन पहले 9 अप्रैल को बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण ने नया एफिडेविट फाइल किया और बिना शर्त माफी मांगते हुए कहा कि इस गलती पर उन्हें खेद है और ऐसा दोबारा नहीं होगा।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) की ओर से 17 अगस्त 2022 को दायर की गयी याचिका पर सुनवाई कर रहा है।

# पेयजल विभाग का कैशियर गिरफ्तार, 51 लाख बरामद

- 20 करोड़ रुपये का हुआ है गबन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में चारा घोटाला की तरह करोड़ों रुपये का पाइपलाइन घोटाला हुआ है। यह घोटाला पेयजल स्वच्छता शीर्ष कार्य प्रमंडल (पीएचइडी) विभाग में किया गया है। यहां एक कर्मचारी ने फजी कंपनी बना कर उसके माध्यम से अपने सगे संबंधी के खाते में कुल 20 करोड़ रुपये डाल दिये। इस मामले में रांची पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए कैशियर संतोष कुमार को उसकी ससुराल सुखदेवनगर रोड नंबर एक से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 51 लाख रुपये भी बरामद किये हैं। संतोष कुमार मूल रूप से बिहार के जहानाबाद जिले का रहने वाला है। वर्तमान में चुटिया में रहता था। मामला सामने आने के बाद संतोष कुमार फरार चल रहा था। फर्जी निकासी का खेल चार साल से चल रहा था, जिसका खुलासा पिछले दिनों हुआ था।










# सिंहभूम सीट पर दो महिलाओं के बीच चुनावी जंग

## ■ कोल्हान की धरती पर दिखेगा दो आदिवासी महिलाओं के मुकाबले का रोमांच

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड की सिंहभूम संसदीय सीट पर मुकाबले की तस्वीर साफ हो गयी है। इंडी अलायंस की ओर से झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री रहीं जोबा मांझी को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। वह भाजपा की गीता कोड़ा के सामने होंगी। झामुमो द्वारा जोबा मांझी को टिकट दिये जाने की घोषणा के बाद सिंहभूम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में दो महिलाओं के बीच टक्कर के आसार बन गये हैं। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में कांग्रेस के खाते में मात्र सिंहभूम सीट आयी थी। तब गीता कोड़ा ने कांग्रेस के लिए यह सीट जीती थी। इस बार उन्होंने पाला बदल लिया है और दो महीने पहले भाजपा में शामिल हो गयी हैं। गीता कोड़ा पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी हैं और लगातार दो बार सिंहभूम संसदीय क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हुई हैं। कोड़ा परिवार की सिंहभूम संसदीय क्षेत्र में एक बड़ी राजनीतिक हैसियत है और इसी कारण भाजपा ने उन्हें अपने पाले में शामिल करा कर टिकट दिया है। पिछली बार गीता कोड़ा ने भाजपा के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुवा को 72155 वोट के अंतर से हराया था। उस चुनाव में कांग्रेस को 49.1 और भाजपा को 40.9 प्रतिशत मत प्राप्त हुआ था। इस बार के चुनाव में भी संभावना पूरी तरह द्विपक्षीय मुकाबले की है। उनकी प्रतिद्वंद्वी जोबा मांझी मनोहरपुर से विधायक हैं। जोबा मांझी को उम्मीद है कि झामुमो और कांग्रेस के परंपरागत वोटों का फायदा उन्हें इस चुनाव में मिल सकता है। दो कद्दावर आदिवासी महिलाओं के मुकाबले के रोमांच का गवाह बननेवाली सिंहभूम संसदीय सीट के चुनावी परिदृश्य का विश्लेषण कर रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय नेतृत्व ने सिंहभूम लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री सह मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक जोबा मांझी को प्रत्याशी बनाया है। यहां दो महिलाओं के बीच चुनावी मुकाबले का रोमांच देखने को मिलेगा। हालांकि गीता कोड़ा दो बार की सांसद रह चुकी हैं, जबकि जोबा मांझी लोकसभा का चुनाव पहली बार लड़ रही हैं।

चाइबासा संसदीय क्षेत्र सारंडा जंगलों की धरती और कोल्हान की हृदयस्थली है। यह झारखंड का महत्वपूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है। यह संसदीय क्षेत्र पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों के कुछ हिस्सों को मिला कर गठित किया गया है। 1952 में देश के लिए हुए पहले लोकसभा चुनावों में इस सीट का गठन नहीं हुआ था। 1957 में दूसरे लोकसभा निर्वाचन के दौरान यह संसदीय क्षेत्र अस्तित्व में आया। इस क्षेत्र में चाइबासा, सरायकेला, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, मझगांव और चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्रों को समाहित किया गया है। जहां तक सियासी परिदृश्य का सवाल है, तो यहां कभी कांग्रेस के बागुन सुंब्रुई का प्रभाव था, लेकिन कालक्रम में वह नेपथ्य में चले गये और अब यहां कांग्रेस के साथ भाजपा और झामुमो का भी प्रभाव देखा जाता है। फिलहाल सिंहभूम की राजनीति के केंद्र में कोड़ा दंपति है, यानी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और उनकी पत्नी सह वर्तमान सांसद गीता कोड़ा।

### भाजपा के लिए आसान नहीं रही यह सीट

'हो' लड़ाकों की भूमि रही सिंहभूम संसदीय सीट भारतीय जनता पार्टी के लिए कभी भी आसान नहीं रही है। जब से देश में आम चुनाव हुए हैं, तब से लेकर आज तक भाजपा प्रत्याशी यहां केवल तीन बार ही जीतने में सफल हुए हैं। इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि सिंहभूम संसदीय सीट पर कमल खिलने में 44 साल लग गये। 1952 से आम चुनाव शुरू हुए। 1952 से लेकर 1991 तक 10 बार लोकसभा चुनाव हुए। भारतीय जनता पार्टी कभी भी चुनाव नहीं जीत पायी थी। यहां पहली बार 1996 में भाजपा का खाता खुला। यह रिकॉर्ड चित्रसेन सिंकू के नाम पर है। चित्रसेन सिंकू ने 1996 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के टिकट से चुनाव लड़ा और पार्टी को जीत दिलायी थी। हालांकि, दो साल बाद 1998 में फिर से चुनाव हो गये और भाजपा के चित्रसेन सिंकू को हार का सामना करना पड़ा। 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा दूसरी बार जीत दर्ज करने में कामयाब रही और लक्ष्मण गिलुवा सांसद बने। इसके बाद 2004 के चुनाव में फिर से उलटफेर हुआ और भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। 10 साल बाद फिर भाजपा को सिंहभूम सीट से जीत मिली और लक्ष्मण गिलुवा दूसरी बार सांसद बने। सिंहभूम संसदीय सीट पर बागुन सुंब्रुई ने एकतरफा राज किया। वह पांच बार सांसद रहे। जहां तक पार्टियों की बात है, तो इस सीट पर कांग्रेस और भाजपा के बीच ही अधिकतर समय कांटे की टक्कर देखने को मिली है।





### जोबा मांझी को उतार कर झामुमो ने बदला माहौल

सिंहभूम सीट से जोबा मांझी को उतार कर झामुमो ने एक तीर से दो शिकार कर लिया है। एक तो उसने इस मुकाबले को दो महिलाओं के बीच बना दिया है और दूसरे इसने पार्टी के भीतर चल रही गुटबाजी को भी खत्म कर दिया है।

### पांच बार की विधायक हैं जोबा मांझी

जोबा मांझी को उनके दिवंगत शहीद पति देवेंद्र मांझी की पत्नी होने का राजनीतिक लाभ हमेशा मिलता रहा है। शहीद देवेंद्र मांझी की कोल्हान और पोड़ाहाट के साथ-साथ सारंडा क्षेत्र के जंगल गांवों में काफी मजबूत पकड़ थी। 1994 में उनकी हत्या के बाद से जोबा मांझी लगातार पांच बार मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रही हैं। बिहार और झारखंड में कई बार मंत्री भी रही हैं। जोबा मांझी की सादगी सबसे बड़ी पहचान है। उनकी सादगी के कारण सभी राजनीतिक दलों के नेता उनकी आलोचना करने से बचते हैं।

### जोबा मांझी को क्यों उतारा झामुमो ने

वास्तव में झामुमो ने सिंहभूम में कोड़ा दंपति की राजनीतिक पकड़ को चुनौती देने के लिए ही जोबा मांझी को मैदान में उतारा है। झामुमो के सभी विधायकों को अपने विधानसभा क्षेत्र में भाजपा से अधिक से अधिक मतों से जोबा मांझी को लीड दिलाने का टास्क दिया गया है। यहां तक कहा जा रहा है कि जिस विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी से कम मत मिलेगा, उस विधायक को पुनः टिकट देने पर विचार नहीं किया जायेगा।

### क्या है गीता कोड़ा की ताकत

गीता कोड़ा 'हो' जनजातीय समुदाय से आती हैं। उनके पति मधु कोड़ा राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उनका राजनीतिक सफर भी भाजपा से ही शुरू हुआ था और पार्टी से अलग होकर वह भले ही सत्ता शीर्ष तक पहुंचे, लेकिन कांग्रेस और अन्य दलों के साथ ने उनके राजनीतिक जीवन पर ऐसा ग्रहण लगा दिया कि वह आज भी इसके फेर में फंसे हैं। चाइबासा के जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कोड़ा परिवार की तूती बोलती है। इस दंपति के पास करीब सवा दो लाख वोटों की ऐसी ताकत है, जिसे कोई भी नजरअंदाज नहीं कर सकता है। 2014 में जब गीता कोड़ा जय भारत समानता पार्टी से सिंहभूम सीट से चुनाव मैदान में उतरी थीं, तो उन्हें करीब इतने ही वोट मिले थे। हालांकि वह भाजपा के लक्ष्मण गिलुआ से हार गयी थीं, लेकिन उनका वोट बैंक पूरी तरह उनके साथ बना रहा। 2019 में झामुमो और कांग्रेस का वोट इसमें जुड़ गया, तो गीता कोड़ा ने लक्ष्मण गिलुआ को पटखनी दे दी थी। गीता कोड़ा की यह ताकत अब भाजपा के पाले में चली गयी है, जबकि कांग्रेस-झामुमो की जोड़ी शून्य पर आ गयी है।

### 23 साल से जगन्नाथपुर पर है कोड़ा दंपति का कब्जा

वर्ष 2000 में इसी सीट से जीत हासिल करने के बाद मधु कोड़ा ने झारखंड की सियासत में अपना परचम गाड़ा था और उसके बाद यह सीट मधु कोड़ा परिवार के हाथ में ही रही। दो बार खुद मधु कोड़ा और दो बार उनकी पत्नी गीता कोड़ा जगन्नाथपुर विधानसभा से विधानसभा तक पहुंचने में कामयाब रही। जब गीता कोड़ा को कांग्रेस के टिकट पर सांसद बना कर दिल्ली भेज दिया गया, तो कांग्रेस ने इस सीट से सोनाराम सिंकू पर अपना दांव लगाया और वह जीतने में कामयाब रहे। माना जाता है कि सोनाराम सिंकू की इस जीत के पीछे भी मधु कोड़ा की ताकत ही रही थी। कुल मिला कर पिछले 23 वर्षों से इस सीट पर मधु कोड़ा का राजनीतिक वर्चस्व कायम है और बाबूलाल का मधु कोड़ा पर दांव लगाने की वजह भी यही है।

### सिंहभूम के चुनावी मुद्दे

इस बार के संसदीय चुनाव में सिंहभूम के मतदाता प्रत्याशियों को मुद्दों पर तौलेंगे। इस क्षेत्र में वैसे तो कई मुद्दे हैं, लेकिन पलायन, प्रदूषण और गरीबी के साथ नक्सली समस्या सबसे प्रमुख है। इसके अलावा अंधवश्विास, डायन हत्या, मानव तस्करी जैसी समस्याओं से यह संसदीय क्षेत्र दो-चार हो रहा है। आजादी के बाद भी इस क्षेत्र में विकास नहीं हुआ। उच्च और तकनीकी शिक्षा में यह इलाका पिछड़ा है। सिंचाई के मौलिक संसाधनों से लोग अभी भी जूझ रहे हैं। माना जा रहा है कि आगामी चुनाव में ये मुद्दे सत्ता का रास्ता तय करने वाले कारक हैं। सिंहभूम संसदीय क्षेत्र के विकास को समझने के लिए यहां उद्योग, रोजगार, कृषि और शिक्षा के संसाधनों का सच जानना जरूरी है। अगर इन सभी बातों पर विचार करें, तो यहां न तो औद्योगिक विकास हुआ और न ही शिक्षा के नये संस्थान बने। अगर बने भी तो, संसाधनविहीन। विशेषकर मानव संसाधन की कमी इस क्षेत्र में दिखती है।

### सिंहभूम का सियासी परिदृश्य

सिंहभूम लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है। यह सीट सरायकेला- खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम जिले में फैली हुई है। यह इलाका रेड कॉरिडोर का हिस्सा है। इस सीट पर अनुसूचित जनजाति का दबदबा है। उरांव, संताल समुदाय, महतो (कुरमी), प्रधान, गोप, गौड़ समेत कई अनुसूचित जनजातियां, इसाई और मुस्लिम मतदाता यहां निर्णायक भूमिका निभाते हैं। 2014 के चुनाव में भाजपा को अनुसूचित जनजातियों की गोलबंदी के कारण जीत मिली थी।

### सिंहभूम का चुनावी इतिहास

सिंहभूम का चुनावी इतिहास बेहद दिलचस्प है। 1957 से लेकर 1977 तक इस सीट पर झारखंड पार्टी का दबदबा रहा। 1957 में शंभू चरण, 1962 में हरी चरण सोय, 1967 में कोलाइ बिरुआ, 1971 में मोरन सिंह पूर्ति और 1977 में बागुन सुंब्रुई जीते। 1980 में बागुन सुंब्रुई ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया और चुनाव जीत कर फिर संसद पहुंचे। इसके बाद वह 1984 और 1989 का चुनाव भी जीते। यानी बागुन सुंब्रुई इस सीट से लगातार चार बार सांसद बने। 1991 में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कृष्णा मार्डी जीते। 1996 में पहली बार इस सीट पर भाजपा का खाता खुला। भाजपा के टिकट पर चित्रसेन सिंकू जीते। 1998 में कांग्रेस ने वापसी की और विजय सिंह सोय जीते। 1999 में भाजपा के टिकट पर लक्ष्मण गिलुवा जीतने में कामयाब हुए। 2004 में एक बार फिर इस सीट से बागुन सुंब्रुई कांग्रेस के टिकट पर पांचवीं बार संसद पहुंचे। 2009 में इस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मधु कोड़ा जीते। 2014 के चुनाव में भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा जीते। 2019 में कांग्रेस ने फिर बाजी पलट दी और उसकी प्रत्याशी गीता कोड़ा ने लक्ष्मण गिलुवा को हरा दिया।

### सीट से जुड़े हैं कई दिलचस्प मिथक

सिंहभूम लोकसभा सीट से कई दिलचस्प मिथक जुड़े हुए हैं। हालांकि 2019 के चुनाव में गीता कोड़ा ने इनमें से कई मिथकों को तोड़ा। पहला मिथक तो यही था कि आज तक यहां से केवल 'हो जाति' के ही उम्मीदवार जीतते रहे हैं। दूसरा मिथक यह था कि यहां की जनता ने कभी किसी महिला प्रत्याशी को नहीं जिताया। एक अन्य मिथक यह है कि पूर्व सांसद बागुन सुंब्रुई के अलावा यहां पर किसी को लगातार जीत नहीं मिली है। लक्ष्मण गिलुवा दो बार 1999 और 2014 में यहां पर जीत हासिल की, लेकिन वह भी लगातार नहीं जीत पाये। पहला मिथक तो अब भी बरकरार है, लेकिन दूसरा मिथक गीता कोड़ा ने 2019 में तोड़ा, जबकि इस बार यह देखना दिलचस्प होगा कि तीसरा मिथक वह तोड़ पाती हैं या नहीं या फिर जोबा मांझी पहली बार में ही झामुमो के लिए सिंहभूम का किला फतह करेंगी।

---

# अंबेडकर के सपनों को पूरा कर रही मोदी सरकार : अमर बाऊरी

- भीम आर्मी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल
- मोदी सरकार की उपलब्धियों को लेकर समाज के हर वर्ग में उत्साह का माहौल: आदित्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भीम आर्मी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान के नेतृत्व में कइयों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कार्यालय सभागार में आयोजित मिलन समारोह में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने सभी को पार्टी का पट्टा, माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया।

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपनों को पूरा करने का काम केंद्र की मोदी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि दलित समाज की सबसे बड़ी हितैषी भाजपा है, जिसे पिछले 10 वर्षों की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने कार्यों से साबित किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में दलित विरोधी, पिछड़ा विरोधी, युवा-महिला विरोधी सरकार चल रही है, जिसका इस आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जनता भारी मतदान कर जबाब देने का काम करेगी।

आदित्य साहू ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर हर दिन लोग बड़ी संख्या में पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज समाज के हर तबके में उत्साह का माहौल है। प्रधानमंत्री मोदी पर देश को भरोसा है, जनता को भरोसा है।

**इनकी रही मौजूदगी :** मिलन समारोह में शिवपूजन पाठक, कमलेश राम, पूनम देवी, प्रतिमा देवी, शोभा देवी, बबिता देवी, कृष्णा कुमार बाउरी, धीरज कुमार, मो शकील, सुरेश पासवान, गुड्डू गुप्ता, रॉकी कुमार, विशाल कुमार, मिथलेश कुमार उपस्थित थे।



**केंद्र सरकार के काम से प्रभावित: भीम आर्मी**

वीरेंद्र पासवान ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में सबसे ज्यादा दलितों के उत्थान के लिए काम किया है, जिससे प्रभावित होकर हम सबों ने आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

---

कांग्रेस ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा

# महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की आमदनी पर क्यों नहीं बोलते पीएम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री दुनिया के हर विषय पर भाषण देते हैं। लेकिन वह महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की आमदनी, महिला पहलवानों के साथ यौन शोषण पर क्यों नहीं बोलते हैं। प्रधानमंत्री विकसित भारत की बात करते हैं, लेकिन देश की अर्थव्यवस्था खतरें में है। इसकी भनक प्रधानमंत्री को नहीं लगती है। सिन्हा बुधवार को रांची के कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वित्तीय और निवेश सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी की ताजा रिपोर्ट यह बताती है कि घरेलू ऋण का स्तर सकल उत्पाद का लगभग 40 प्रतिशत हो गया है। घरेलू बचत भी 47 साल के निचले स्तर तक पहुंच गया है। पैसा बचाना तो दूर भारतीय परिवार धीरे-धीरे कर्ज में डूबते जा रहे हैं। भयंकर महंगाई, बेरोजगारी पर प्रधानमंत्री चुप हैं। किसान सड़कों पर हैं और प्रधानमंत्री अपने पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने में व्यस्त हैं। चंदे के पैसे से गैर भाजपा सरकार को गिराया जा रहा है। विपक्ष के विधायक को खरीदा गया है।



उन्होंने प्रधानमंत्री से पांच प्रश्न पूछे। इनमें बीफ कंपनियों से प्रधानमंत्री इलेक्टोरल बांड से 250 करोड चंदा क्यों लिये। महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपित बृजभूषण की गिरफ्तारी अब तक क्यों नहीं हुई। रक्षा बजट में कटौती क्यों की गयी। अग्निवीर की जगह स्थायी नियुक्ति क्यों नहीं शामिल है। साथ ही एलओसी पर भारत अपने 65 में से 26 पेट्रोलिंग प्वाइंट पर नहीं जा सकता है, क्योंकि वह बफर जोन बना दिया गया। इसकी वजह से हमारी जमीन चीन के प्रभुत्व में चली गयी।

---

# झामुमो बागी हो गया है, राजमहल से निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा : लोबिन हेंब्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरकार बनने के कुछ दिनों के बाद से जेएमएम से विधायक लोबिन हेंब्रम पूर्व की हेमंत सोरेन सरकार से नाराज चल रहे थे। उनकी नाराजगी कई मौके पर देखने को भी मिलती रही है। पार्टी ने राजमहल लोकसभा सीट से सांसद विजय हांसदा को फिर उम्मीदवार घोषित किया है। उसके बाद अब पार्टी के विधायक लोबिन हेंब्रम जेएमएम के उम्मीदवार के खिलाफ निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में होंगे।



उसकी जानकारी विधायक ने खुद दी है। लोबिन हेंब्रम ने कहा कि सांसद विजय हांसदा का कड़ा विरोध होने के बाद भी पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार बनाया है। राजमहल लोकसभा की जनता वर्तमान सांसद के खिलाफ है और मुझे समर्थन कर रही है। जनता के इसी समर्थन को देखते हुए मैं निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ूंगा। और मुझे पूरा भरोसा है कि जनता का समर्थन मुझे मिलेगा। मैं यह चुनाव स्थानीय नीति को लेकर लड़ रहा हूं। विजय हांसदा की स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं है। लोकसभा क्षेत्र के लोगों ने कल्पना सोरेन को लिखित शिकायत की थी, जिसके बाद भी पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार बना दिया। हमें लोग बागी बोलते हैं। हम बागी नहीं हैं, जेएमएम बागी हो गया है। जेएमएम अपना चुनावी घोषणा पत्र भूल चुका है।

# मोदी ने देश की तस्वीर बदल दी: संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने इचागढ़ विधानसभा के नीमडीह प्रखंड के पश्चिम मंडल के जुगीलोग गांव, कुकरू प्रखंड के परगामा, दुलमी, छातरडीह में जनसंपर्क अभियान चलाया। सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण से लेकर राष्ट्रीय नव निर्माण तक हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। मोदी जी की योजनाओं का लाभ नीचे स्तर के लोगों तक पहुंचा है, चाहे वह आवास योजना के तहत हो, शौचालय के रूप में हो या उज्ज्वला योजना के रूप में हो। देश की प्रगति के लिए तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना के लिए हम सबको आगे आना होगा। संजय सेठ ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा में तत्पर रहा हूं। पिछले पांच सालों में कई काम हुए हैं। इचागढ़ में रोड हो, रेलवे के क्षेत्र में हो, अंडर पास हो या चांडिल डैम के विस्थापितों का मुद्दा सदन में प्रमुखता के साथ उठाया है। आने वाले समय में और कैसे क्षेत्र का विकास हो, इस पर काम किया जायेगा। अभियान में मधु गोराई, खुदी सिंह सरदार, सारथी महतो, मदन सिंह सरदार, अनिता पारित, बलराम महतो, यदुपति गोप, भरत महतो, प्रभात पोद्दार सहित अन्य शामिल थे।



कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 11 अप्रैल, 2024, गुरुवार, वर्ष 09, अंक 170, चैत्र, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत 2081, पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00



# रिश्तों में दरार डाल रही 'कुर्सी'

## ■ सियासी अखाड़े में कई सीटों पर अपनों के बीच ही हो रहा है चुनावी दंगल

## ■ भाई-बहन, ननद-भाभी से लेकर ससुर-बहू और पूर्व पति-पत्नी तक

सलोनी

**कहते हैं** राजनीति में कोई किसी का सगा नहीं होता। सब कुर्सी का खेल है, लेकिन अमूमन कुछ ऐसे रिश्ते देखने को भी मिल जाते हैं, जिसमें आत्मिक और खून के रिश्ते की बयानगी नजर आती है। देश में लोकसभा चुनाव को लेकर गर्माहट बढ़ती जा रही है। इन सबके बीच रिश्ते में कड़वाहट भी पैदा हो रही है। इनमें पिता-पुत्र तो कहीं भाई-भाई में राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता शुरू हो गयी है। दो चरणों की नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के साथ 191 सीटों के मुकाबलों की तस्वीर साफ हो चुकी है। कई सीटों पर चेहरों ने सियासी लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। कई जगह पर परिवार के सदस्य ही आमने-सामने हैं।

जानकारी




### भाभी-ननद हुई आमने-सामने

महाराष्ट्र की बारामती सीट पर रिश्ते में ननद-भौजाई का राजनीतिक मुकाबला दिलचस्प हो चुका है। यहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-अजित पवार खेमा) ने सुनेत्रा पवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उम्मीदवार बनाया है। सुनेत्रा महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी हैं। वहीं सुनेत्रा के खिलाफ उनकी ननद सुप्रिया सुले चुनाव मैदान में हैं। सुप्रिया शरद पवार की बेटी हैं। बारामती लोकसभा क्षेत्र की मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले एनसीपी (शरद चंद्र पवार) गुट की हैं। 2019 में सुप्रिया ने भाजपा के कंचन राहुल कूल को हराया था।

### पूर्व पति-पत्नी एक दूसरे के खिलाफ

पश्चिम बंगाल की बिष्णुपुर सीट पर पूर्व पति-पत्नी के बीच सियासी मुकाबला है। बिष्णुपुर में वर्तमान भाजपा सांसद सौमित्र खान फिर से मैदान में हैं। तृणमूल कांग्रेस ने यहीं पर उनकी पूर्व पत्नी सुजाता मंडल को टिकट देकर मुकाबले को रोचक बना दिया है।

पिछले लोकसभा चुनाव में सौमित्र खान ने तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार श्यामल संत्रा को शिकस्त दी थी।

### चौटाला परिवार के सदस्य मैदान में

हरियाणा की हिसार सीट पर मुकाबला चौटाला परिवार के बीच होने की उम्मीद है। भाजपा ने यहां ओपी चौटाला के बेटे रणजीत चौटाला को मैदान में उतारा है। रणजीत निर्दलीय विधायक और हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्हें हिसार सीट से मैदान में उतार दिया गया है। वहीं इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने सुनैना चौटाला को मैदान में उतारा है। सुनैना इनेलो की महिला विंग की प्रधान महासचिव हैं। रणजीत चौटाला सुनैना चौटाला के रिश्ते में चाचा सुसर हैं। जेजेपी यानी जननायक जनता पार्टी भी हिसार सीट से ओम प्रकाश चौटाला की एक और बहू नैना चौटाला को मैदान में उतारने की तैयारी में है। पूर्व उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की मां नैना बाढड़ा चौटाला सीट से विधायक हैं। 2019 में भी इस सीट से चौटाला परिवार के दुष्यंत चौटाला जजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में थे। हालांकि, इस चुनाव में जीत भाजपा के उम्मीदवार बृजेंद्र सिंह को मिली थी। बृजेंद्र हाल ही में भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हो गये और पार्टी के उम्मीदवार भी हैं।

### भाई-बहन की सियासी टक्कर

आंध्रप्रदेश की कडप्पा लोकसभा सीट पर भी परिवार वालों के बीच भिड़ंत होनी है। कांग्रेस ने वाइएस शर्मिला को अपने पारिवारिक गढ़ कडप्पा सीट से उम्मीदवार बनाया है। शर्मिला आंध्रप्रदेश कांग्रेस इकाई की प्रमुख हैं। वह कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री वाइएस राजशेखर रेड्डी की बेटी और वाइएसआर कांग्रेस पार्टी प्रमुख वाइएस जगन मोहन रेड्डी की बहन हैं। इस चुनाव में शर्मिला अपने चचेरे भाइ वाइएस अविनाश रेड्डी से मुकाबला करेंगी। अविनाश रेड्डी को वाइएसआर कांग्रेस ने मैदान में उतारा है। 2019 से इस सीट पर अविनाश रेड्डी को जीत मिली थी। वाइएसआर की तरफ से उतरे अविनाश ने टीडीपी के आदि नारायणा रेड्डी को शिकस्त दी थी।

चुनावी विवाद

## नवरात्र में तेजस्वी मछली खाते दिखे सावन में लालू यादव मटन बना रहे थे



अक्षय

**पिछली बार** सावन में लालू प्रसाद यादव ने राहुल गांधी को घर पर बुला कर मटन पार्टी दी थी, जिसकी खूब चर्चा हुई थी। अब चैत्र नवरात्र के दौरान तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी एक साथ मछली पार्टी करते हुए नजर आ रहे हैं। अब यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। इंडी गठबंधन ने भाजपा को एक मुद्दा दे दिया है। अब इस बात की भी चर्चा जोरों पर है। तेजस्वी यादव ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें हेलिकॉप्टर के अंदर वह वीआइपी प्रमुख मुकेश सहनी के साथ लंच कर रहे हैं। इस दौरान मुकेश सहनी यह बता रहे हैं कि वह चेचरा मछली और रोटी खा रहे हैं। साथ में मिर्च और प्याज भी है।

वीडियो में तेजस्वी कह रहे हैं कि आप लोग देख रहे हैं कि हम अभी मुकेश सहनी के साथ हैं। दिनभर हम लोग प्रचार किये हैं। हम लोगों को अब यही 10-15 मिनट मिला है कि हम लोग लंच कर सकें। आज मुकेश जी खाना लाये हैं, मछली लाये हैं जो बहुत ही स्वादिष्ट मछली है। मछली दिखाते हुए कह रहे हैं कि एक कांटे की मछली है। बहुत ही स्वादिष्ट खाना है। साथ में रोटी है, नमक है, प्याज है और हरी मिर्च है। यही मौका मिलता है, जब हम लोग 10-15 मिनट का खाना खा सकें। मुकेश जी को मछली खिलाने के लिए धन्यवाद।

### जिनको मिर्ची लगे वो मुझसे मिर्ची मांग लें

इस दौरान मुकेश सहनी ने कहा कि ये मछली मिथिलांचल में कोसी नदी में पायी जाती है। इसे चेचरा मछली कहते हैं। जो भी समय मिल रहा है, उस दौरान हम हेलिकॉप्टर में ही लंच कर ले रहे हैं। मुकेश सहनी ने बिना नाम लिये भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि हमारा और तेजस्वी जी का यह वीडियो देखने के बाद कुछ लोगों को बहुत मिर्ची लगेगी, तो उनको मिर्ची न लगे, इसलिए वो मिर्ची हमसे मांग लें। हम लोग निश्चित रूप से सामाजिक न्याय के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं।

# मनरेगा से अधिक नारेबाजी में कमाई

## 300 रुपये नगद, खाना-पानी फ्री के चक्कर में मनरेगा मजदूर बन रहे कार्यकर्ता

राजवीर

**देश में** पहली अप्रैल से मनरेगा मजदूरों को 337 रुपये मजदूरी मिल रही है। मजदूरी की दर में सात रुपये का इजाफा हुआ है। अप्रैल से पहले मनरेगा में मजदूरी 330 रुपये थी। चुनावी सीजन में मनरेगा मजदूरों की भी सहालग चल रही है। कड़ी धूप में आठ घंटे की हाड़तोड़ मेहनत करने की जगह मनरेगा मजदूरों को नारेबाजी करना ज्यादा भा रहा है। इलाकाई नेताओं के लिए भी ये मजदूर मुफीद साबित हो रहे हैं। क्योंकि, दूसरे कार्यकर्ताओं के मुकाबले इन पर खर्च कम है। वहीं, ये भाव नहीं खाते और मेहनकश होने से इन्हें गर्मी-लू भी ज्यादा नहीं सताती। जानकारी के अनुसार विभिन्न राज्यों में मनरेगा मजदूरों की सेवाएं विभिन्न राजनीतिक दल ले रहे हैं। प्रत्याशियों को प्रचार में सेवाएं देने वाली मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनी के एमडी बताते हैं कि गर्मी की वजह से गली-गली प्रचार करना चुनौती है। प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के पास यूं तो कार्यकर्ताओं की लंबी-चौड़ी टीम है, लेकिन झुलसाती गर्मी उनकी राह में सबसे बड़ी बाधा है। मतदाता पर्ची, पंफलेट्स, डोर-टू-डोर कैंपेन के लिए मनरेगा श्रमिकों को लिया जा रहा है। मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनी के एमडी ने बताया कि मनरेगा श्रमिकों को पढ़ाई और स्मार्टनेस के हिसाब से पैकेज मिल रहा है। रोजाना न्यूनतम 300 रुपये और अधिकतम 500 रुपये दिहाड़ी है। सुबह नाश्ता, दिन में भोजन, रात के खाने के अलावा तीन बार चाय और शाम को सुरा का भी इंतजाम हो जाता है। दस गांवों के लिए एक टीम तैयार की गयी है। इसमें पांच से 10 मजदूर हैं। आबादी के हिसाब से ये संख्या घट-बढ़ भी सकती है। वाहन वालों को पेट्रोल भत्ता मिलता है।

अजब-गजब



### धूप में दौड़ने में माहिर

एक इलेक्शन मैनेजमेंट कंपनी के फाउंडर बताते हैं कि मनरेगा मजदूरों को कार्यकर्ता बनाने का ट्रेंड केवल यूपी में ही नहीं, बल्कि बिहार, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भी खूब है। इनमें नखरे कम हैं। शारीरिक रूप से फिट होने और मेहनती होने की वजह से गर्मी-लू झेल लेते हैं। भरी दुपहरी में भी गांवों में प्रचार के लिए निकल जाते हैं। उनके मुताबिक अकेले उन्होंने तीन राज्यों में एक राजनीतिक दल के लिए चार हजार से ज्यादा मनरेगा श्रमिकों की सप्लाई की है। इसमें स्थानीय स्तर के ग्राम प्रधानों की मदद ली है और उन्हें इसके एवज में मोटी फीस दी गयी है। वह बताते हैं कि कार्यकर्ताओं से ज्यादा नहीं कह-सुन सकते, लेकिन अनुबंधित मजदूरों के साथ प्रोफेशनल व्यवहार कर सकते हैं। जिन मजदूरों को पैसा दिया जा रहा है, उनकी लोकेशन ट्रैक की जा रही है। गूगल ट्रैक इसमें मददगार बन रहा है। इससे उनकी हर गतिविधि पर नजर रखी जाती है। किस गांव में और कितने घर में गये, इसकी निगरानी भी कंट्रोल रूम से हो जाती है। यह निगरानी मैनेजमेंट कंपनी करती है। इसका फायदा ये है कि वास्तविक मूवमेंट और प्रचार का पूरा डाटा प्रत्याशी के पास मौजूद रहता है। दिलचस्प बात यह है कि प्रचार में ऐसे कुशल कामगार भी लगे हैं, जिनका चयन इस्राइल जाने के लिए हो गया है। उन्हें 1.37 लाख रुपये महीना वेतन मिलेगा। जब तक उनके जाने की बारी नहीं आ जाती, उन्होंने कामकाज के बजाय प्रचार का बाजार पकड़ लिया है। मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनी के अधिकारी ने बताया कि राजधानी में ट्रेनिंग और परीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकांश कामगारों का डाटा तैयार किया था। सेलेक्शन के बाद इस्राइल जाने की प्रतीक्षा कर रहे ये कुशल कामगार काम में तेज हैं। इन्हें ज्यादातर शहरी क्षेत्रों में लगाया गया है। वह कहते हैं, ऐसे 250 कुशल कामगारों को चुनाव का रोजगार उन्होंने दिया है।

# दुल्हन के कन्यादान के लिए हो रही मारामारी

अमन

**बिहार** में कुछ सीटों पर 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। इसके लिए प्रशासन की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। मतदान के लिए कर्मचारियों के आवागमन और जरूरी सामग्री को भेजने के लिए परिवहन विभाग ने वाहनों का अधिग्रहण किया है। ऐसे में शादी बारात के लिए वाहनों का इंतजाम करना मुश्किल हो गया है। इलाके के अधिकांश वाहन अधिगृहीत होने से लोगों को निराश होना पड़ रहा है। लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार तेज होने के साथ ही 14 अप्रैल से शुभ लग्न शुरू हो रहे हैं। लोग शादियों की तैयारियों में जुटे हैं। इसके लिए जरूरी इंतजाम करने के साथ ही दुल्हन के घर तक बारात ले जाने के लिए वाहनों की बुकिंग की जा रही है, लेकिन उनके सामने वाहनों का संकट खड़ा हो गया है, क्योंकि उन इलाकों में लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने वाहनों का अधिग्रहण कर लिया है। अब वाहन मालिक और चालक के पास लोग लगातार संपर्क कर रहे हैं, लेकिन वाहन नहीं मिल रहे। बिहार की तीन सीटों पर चुनाव के सफल संचालन के लिए परिवहन विभाग ने 5523 वाहनों काअधिग्रहण किया है। इतनी बड़ी संख्या में सार्वजनिक परिवहन के अधिग्रहण होने से लोगों को शादी के लिए वाहन मिलना मुश्किल बना हुआ है। चुनाव के लिए अधिगृहीत वाहनों को आगामी 14 अप्रैल को निर्धारित जगह पर रिपोर्ट करनी है। इसके बाद प्रशासन उनकी जरूरत के अनुसार ड्यूटी लगायेगा। इसके अनुसार ही पोलिंग पार्टी को लेकर वाहन 17 और 18 अप्रैल को रवाना होंगे। वहीं वापसी के बाद 21 अप्रैल के बाद ही उन्हें जाने की अनुमति दी जायेगी। ऐसे में इन दिनों के लिए वाहन मालिक शादी की बुकिंग नहीं ले रहे हैं। निजी बसों और टैक्सियों के साथ ही परिवहन निगम की बसों को भी चुनाव के लिए प्रशासन ने अधिगृहीत किया है। ऐसे में आगामी 15 अप्रैल से रोडवेज की बसों का संचालन प्रभावित रहेगा। वहीं 19 अप्रैल को मतदान होने से सभी प्रकार के सार्वजनिक परिवहन का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। वहीं अपने निजी वाहन होने पर लोगों को राहत मिलेगी।

चुनाव के लफड़े



## वोट के लिए कुछ भी करेगा



### सब कुछ करना पड़ता है भैया

लोकसभा चुनाव नजदीक हैं। ऐसे में सभी पार्टियों के उम्मीदवारों ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। वोट पाने की उम्मीद में उम्मीदवार तरह-तरह से जनता को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। तमिलनाडु के रामेश्वरम से एक ऐसे ही उम्मीदवार का वीडियो सामने आया है, जो जनता को लुभाने के लिए एक दिन के लिए नाई बन गया। इस दौरान उम्मीदवार ने ग्राहकों की दाढ़ी भी बनयी। मामला रामनाथपुरम के परीराजन से निर्दलीय उम्मीदवार से जुड़ा हुआ है।

# काराकाट से निर्दलीय लड़ेंगे भोजपुरी एक्टर पवन सिंह

विद्यासागर

**भोजपुरी** फिल्मों के सुपरस्टार पवन सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर आसनसोल लोकसभा क्षेत्र से लड़ने से साफ तौर पर इनकार कर दिया था। उम्मीद थी भाजपा उन्हें कहीं और का टिकट दे देगी। लेकिन, कुछ देर पहले भाजपा ने लोकसभा उम्मीदवारों की जो आखिरी लिस्ट जारी की, उसने सारी अटकलों पर विराम लगा दिया। पवन सिंह को कहीं से भी टिकट नहीं मिला। जिस सीट से पवन सिंह नहीं लड़ना चाहते थे, वहां से वरीय नेता एसएस अहलूवालिया को उम्मीदवार बनाया है। पवन सिंह भाजपाई हैं, लेकिन भाजपा की इस सूची के साथ बगावत का अंदेशा सामने आ रहा था। वह कांग्रेस की तरफ देख रहे थे, क्योंकि उसे अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करनी है। लेकिन, अब पवन सिंह ने बिहार में काराकाट सीट से उतरने का एलान कर दिया है। यह सीट महागठबंधन में भाकपा माले के पास है। ऐसे में पवन सिंह निर्दलीय होंगे, यह ज्यादा संभावना है।

बिहार का रणक्षेत्र



### आसनसोल से न लड़ने की कही थी बात

दरअसल, जब भाजपा ने पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से पवन सिंह के नाम का एलान किया था। इसके बाद पवन सिंह ने खुद ही यह सूची सोशल मीडिया पर पोस्ट की। मिठाई खिलाते और भगवान का शुक्रिया अदा करते हुए वीडियो भी डाला गया। लेकिन, 24 घंटे से पहले ही खुद ही पवन सिंह ने कहा कि वह आसनसोल सीट से उम्मीदवार नहीं हो सकते। भोजपुरी अभिनेता-गायक ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह घोषणा कर दी। इधर, जैसे ही पवन सिंह ने ये बातें कहीं, उसके बाद ही तृणमूल के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया पर भाजपा के खिलाफ सोशल मीडिया पर मोर्चा खोल दिया। उन्होंने इसे पश्चिम बंगाल के लोगों की अदम्य इच्छाशक्ति और शक्ति बताते हुए इसकी सराहना की।

### आरा से चुनाव लड़ना चाहते थे पवन सिंह

सूत्रों के मुताबिक पवन सिंह भले ही आसनसोल से टिकट मिलने से खुश थे, लेकिन उनकी पहली पसंद आरा थी। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, एक बार इस संबंध में पवन सिंह भाजपा के एक वरिष्ठ नेता से भी मिले थे, ताकि उनको आरा से टिकट मिल जाये, लेकिन भाजपा ने आरा से उनको टिकट नहीं दिया। आसनसोल के भाजपा नेताओं ने उनके इस निर्णय पर बयान जारी नहीं किया था। हालांकि, एक दिन बाद ही पवन सिंह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले थे। इसके बाद उन्होंने कहा था कि जो भी होगा, सब ठीक होगा। लेकिन, भाजपा ने आरा सीट से केंद्रीय मंत्री आरके सिंह को फिर से टिकट दे दिया। अब जब भाजपा ने आसनसोल का टिकट भी दूसरे को दे दिया, तो पवन सिंह ने एलान के मुताबिक बिहार की काराकाट सीट से उतरने की घोषणा कर दी।

### क्या लिखा पवन सिंह ने

पवन सिंह ने पार्टी की जानकारी नहीं शेयर की, लेकिन सोशल मीडिया पर यह जरूर लिखा है- माता गुरुतरा भूमेरू अर्थात माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं और मैंने अपनी मां से वादा किया था कि मैं इस बार चुनाव लड़ूंगा । मैंने निश्चय किया है कि मैं 2024 का लोकसभा चुनाव काराकाट, बिहार से लड़ूंगा ।

सर्राफा
सोना (बिक्री) 66,900 रु./10 ग्राम
चांदी 85,000 रु./प्रति किलो

# जमीन घोटाले के आरोपी हिलेरियस कच्छप की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बड़गाईं क्षेत्र की 8.5 एकड़ जमीन के घोटाले में इडी के आरोपित हिलेरियस कच्छप की मौत का मामला प्रकाश में आया है। इडी ने जमीन घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ हिलेरियस कच्छप को भी आरोपित बनाया था। हिलेरियस कच्छप बरियातू इलाके में रहते थे। हिलेरियस लंबे समय से बीमार थे और डायलिसिस पर थे। मंगलवार देर रात बीमारी के वजह से उनका निधन हो गया।

हिलेरियस कच्छप के बेटे एलेस्टर कच्छप ने भी बताया कि उनके पिता लिवर और किडनी की बीमारी से पीड़ित थे। बता दें कि बीते 30 मार्च को इडी ने जमीन के घोटाले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आर्किटेक्ट विनोद कुमार, बड़गाईं अंचल के उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।



# नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व कल से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सूर्य उपासना का अति पावन चैती छठ व्रत अनुष्ठान शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ हो जायेगा। व्रती स्नान-ध्यान कर छठी मइया की आराधना करेंगे। 13 अप्रैल को खरना का निर्जला उपवास रखा जायेगा। व्रतधारी इस दिन शाम ढलने के बाद पूजा अर्चना कर छठी मइया को शुद्ध रूप से पका खीर आदि पकवान का भोग लगायेंगे। इसके बाद स्वयं ग्रहण कर अपना उपवास तोड़ेंगे। फिर परिवार सहित इष्ट-मित्रों के बीच प्रसाद रूप में उसे वितरण किया जायेगा। माना जाता है कि खरना का महाप्रसाद पाने वालों का जीवन धन्य हो जाता है। रोग-शोक से मुक्ति मिलती है। 14 अप्रैल को पहला अर्घ्य है। सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ चार दिनी सूर्योपासना का व्रत छठ संपन्न हो जायेगा।







DYNAMIC PUBLIC SCHOOL
Panchanmandir Road, Near Lalabandh
Atka Chowk, Bagodar (Giridih)-825322
Tel No. 8409096720, 9162630008
E-mail: dspatkainfo@gmail.com

REQUIREMENT OF TEACHER

Application from candidate with brilliant academic record, excellent communication skills, public school background and adequate computer literacy are invited for the following posts:
- Trained Graduate Teachers (TGT):- Maths, English, Social Science, Hindi, Computer.
- Primary Teachers (PRT) :- English, Hindi, Math, EVS, Art & Craft, Mother teacher.
- Nursery & KG) Teachers (Pre-Primary): Female candidate must be affectionate with kids creative and possessing good communication skills.
- Preference will be given to candidates who have worked experience & english fluency in CBSE school.
- Salary should be negotiable, suitable candidates may apply upto 13th of April 2024 with complete resume and one recent photograph through Email.
- Shortlisted candidate will be intimated for interview date through Email.

By the order of management
- Principal


















**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 34.7 °C | 23.4 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.32 बजे |

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में ईद उत्सव आयोजित




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के किंडरगार्टन (केजी) के छात्रों ने ईद के उत्सव के एक दिलकश समारोह में एकता और खुशियों का रंग भरने और सांस्कृतिक समझ और समानता को बढ़ावा देने वाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में आयोजित इस ईद के उत्सव में संस्कृतिक विविधता और एकता के महत्व को दर्शाया गया। पारंपरिक पोशाक में केजी कक्षा के छात्रों ने ईद की महत्ता को उजागर करने वाले विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। शिक्षिका प्रियंका सिंह, सपना शर्मा, दीक्षा सिंह, मरियम ने ईद के उद्देश्य को दिखाने वाली खूबसूरत कलाकृति बनाने से लेकर एकता और दया के मूल्यों को बढ़ावा देने वाले कहानी को बच्चों को समझाया। सभी बच्चों ने एक-दूसरे को ईदी मिठाइयां खिलायी। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने छात्रों के उत्साह और भाईचारे को देखकर अपनी खुशी व्यक्त की। इस उत्सव के दौरान सांस्कृतिक विविधता और समझ के संरक्षण का संकल्प दिखाया। मौके ओर बच्चों में रणवीर सिंह, सौम्या सिंह, मो. अनस, माहिरा परवीन, माहिरा आरिफ, मो जैद अमन, अलीजा नाज, वान्या श्री, मो आरहम समेत अन्य बच्चे मौजूद थे।

## आयोजन समिति के अध्यक्ष बने संजय



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव मनाने को लेकर एक बैठक महाराणा प्रताप चौक स्थित विवेक विला में आहूत की गयी। सभी के सहमति के साथ आयोजन समिति का अध्यक्ष संजय कुमार सिंह और सचिव राहुल कुमार सिंह को चुना गया। इस सभा में उमेश सिंह, प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह, अरुण सिंह, धर्मेंद्र सिंह, देव सिंगर सिंह, कौशल सिंह, शिव सिंह, नीरू सिंह, अनुराग सिंह, नरेंद्र सिंह चंदेल, रजनीश सिंह, बिट्टू सिंह, अंकित सिंह, विशाल सिंह, उदय सिंह, सोनू सिंह, प्रियांशु सिंह उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण में फ्लाई ऐश का प्रयोग, लोग परेशान



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सुभाष चौक से लेकर महाराणा प्रताप चौक तक अंडर पास बनाने के क्रम में फ्लाई ऐश का हो रहा है अधिक प्रयोग जिसके कारण एनएच 31 के किनारे बसे हुए घरों और आसपास के दुकानदारों को रहने में परेशानी हो रही है। आसपास के दुकानदारों के पास-खाने पीने के समान में भर जाते हैं डस्ट और आने जाने वाले मुसाफिर को आने-जाने में हो रही है तकलीफ। इन सभी लोगों का कहना है कि एनएचएआई द्वारा हो रहे कार्य क्षेत्र में पानी का समय अनुसार छिड़काव होते रहे जिससे हो रही परेशानियों से छुटकारा मिल पाये। फ्लाई एस के कारण दुकानदार और आने -जाने वाले मुसाफिर को जिन मुसीबत से जूझकर गुजरना पड़ रहा है उससे छुटकारा मिले। इन लोगों का कहना है कि समय-समय पर पानी का छिड़काव सिर्फ एनएच-31 रोड पर ही नहीं बल्कि सर्विस रोड पर भी किया जाये जिससे जितने भी फ्लाई एस के कण हवा में उड़ते रहते हैं उससे राहत मिल सके। जिससे सभी के स्वास्थ्य और आने-जाने में हो रही तकलीफों का सामना न करना पड़े।

## भाजपा की बैठक में चुनाव पर चर्चा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चेहाल पंचायत में भारतीय जनता पार्टी जयनगर मंडल में पंचायत के बूथ अध्यक्ष, संयोजक, सह संयोजक, पंचायत प्रभारी और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव 2024 में लोकसभा के उम्मीदवार केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी को अपने-अपने बूथ पर अधिक से अधिक मतों से विजय बनाकर केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार बनाने में सहयोग करने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ संगठन मजबूती पर लोगों से अपना-अपना विचार विमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामदेव मोदी और संचालन बूथ अध्यक्ष रोहित राणा ने किया। मौके पर मंडल महामंत्री यमुना प्रसाद, राजेंद्र सिंह, पंचायत के प्रभारी विजय यादव, अनुसूचित मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अशोक रजक, पंचायत संयोजक सरजू शर्मा, सह संयोजक किशोर यादव, सरजू यादव, मुकेश पासवान, शिव शंकर यादव, दिनेश यादव, महेश यादव, रामदेव कुमार सोनी, आनंद यादव, प्रदीप पासवान, सुजीत सोनी, सुनील यादव, कुलदीप कुमार सिंह, रामस्वरूप यादव, बहादुर यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस की बैठक 12 को

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में लक्ष्य 2024 कोडरमा लोकसभा चुनाव तैयारी की समीक्षा बैठक 12 अप्रैल को न्यू अशोका होटल के सामने में किया जायेगा। कार्यक्रम मे कोडरमा लोकसभा चुनाव 2024 इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह और बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव और कोडरमा जिला कांग्रेस प्रभारी सह जमुआ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर मंजू कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित होंगे।

## हाइकोर्ट में हाजिर हुए ट्रैफिक डीएसपी

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में हजारीबाग के ट्रैफिक डीएसपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे हजारीबाग में ट्रैकिंग व्यवस्था में सुधार के लिए उठाये गये कदम पर चार सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। इससे पहले प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हजारीबाग में चौक-चौराहों पर ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था की जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान ट्रैफिक डीएसपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 4 अप्रैल को हजारीबाग जिला प्रशासन की बैठक हुई है, जिसमें हजारीबाग में आने वाले समय में राजधानी रांची की तरह ट्रैफिक लाइट सहित सुगम यातायात की व्यवस्था बहाल करने पर विचार हुआ है। कोर्ट में ट्रैफिक डीएसपी को अगली सुनवाई में उपस्थित रहने का छूट प्रदान की है।

## फरार अभियुक्त के घर को पुलिस ने किया कुर्क



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र पंचायत समलडीह के ग्राम नौवाचक में बुधवार को सतगावां पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त के घर में कुर्की किया है। बताया जाता है कि पूर्व के मामले को लेकर नौवाचक निवासी अजय ठाकुर पिता जवाहर ठाकुर के घर का कुर्की सतगावां पुलिस के द्वारा की गयी है। वहीं सतगावां थाना कांड संख्या 12/17 धारा 135 के तहत कार्रवाई की गयी है। पुलिस न्यायालय में उपस्थित होने को लेकर लगातार दबाव बना रही थी। नियुक्त दंडाधिकारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के नेतृत्व में एएसआई कृष्णा राम, अन्य जवान के साथ अभियुक्त के घर पर कुर्की की गयी है।

### कलशयात्रा रोके जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

# बड़कागांव की दुकानें स्वत: बंद रहीं

**आठ नामजद समेत 50 अज्ञात पर मामला दर्ज**

**दोषियों पर कार्रवाई करते हुए अविलंब गिरफ्तारी की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता






**बड़कागांव।** सांढ़ छपेरवा गांव के यज्ञ कलश यात्रा के दौरान छावनिया गांव में दूसरे समुदाय के द्वारा कलश यात्रा को रोकने और महिलाओं के साथ अभद्र गाली गलौज, पत्थरबाजी, साउंड सिस्टम को बंद कराकर जय श्री राम का नारा नहीं लगाने देने के विरुद्ध बड़कागांव में बुधवार को व्यवसायियों ने अपनी दुकान को स्वतः बंद कर दिया। वही मुस्लिम समुदाय की सभी दुकानें खुली रहीं। ज्ञात हो कि सांढ़ छपेरवा गांव के हनुमंत और भगवान विश्वकर्मा के प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली जा रही थी। कलश यात्रा ग्राम छावनिया होते गुजर रही थी। इसी दौरान कलश यात्रा को दूसरे समुदाय के लोगों के द्वारा लाठी-डंडे से रोक कर महिलाओं के साथ गाली गलौज करने पर विवाद उत्पन्न हो गया था। इसके बाद हजारीबाग के एसडीओ शैलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में देर शाम तक बड़कागांव थाना में शांति समिति की बैठक की गयी, जिसमें एसडीओ ने दोषियों पर कार्रवाई करने की घोषणा की। बड़कागांव में शांति कायम करने की ग्रामीणों से अपील की गयी थी। बंद के दौरान बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह बंद का जायजा ले रहे थे। शांति बहाल करने के लिए बड़कागांव चौक पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था, ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने सभी अखाड़ों में जाकर विधि व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। पुलिस हुड़दंगियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रख रही है। 1:30 बजे के बाद दुकान खुलने लगी और बाजार सामान्य हो गया।

**आठ दोषियों पर और 50 अज्ञात पर हुआ मामला दर्ज:** बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि कलश यात्रा के दौरान उपद्रव करने वाले आठ लोगों को नामजद अभियुक्त और 50 अज्ञात लोगों के नाम मामला दर्ज किया गया है। पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस का छापामारी अभियान चल रहा है। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की है कि क्षेत्र में शांति भाईचारगी बनाये रखें।

### अधिकारियों ने की शांति बहाल करने की अपील

बड़कागांव में शांति बहाल करने को लेकर अंचलाधिकारी बालेश्वर राम थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत मेहता, पूर्व मुखिया विष्णु रजक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामसेवक सोनी, बिंदेश्वर उर्फ बिंदु कुमार, पूर्व पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, गिरेंद्र कुमार ने मुख्य भूमिका निभायी। साथ ही चौक चौराहों पर शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गयी।

## रामनवमी महासमिति के कार्यालय का उद्घाटन

**रामनवमी के सफल आयोजन के लिए हजारीबाग वासियो से है सहयोग की आश: जीतू यादव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** बड़ा अखाड़ा के समीप हजारीबाग रामनवमी महासमिति 2024 के कार्यालय का उद्घाटन सदर विधायक सह हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी मनीष जायसवाल और पूर्व बरही विधायक मनोज यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर शामिल भाजपा नेता सह समाजसेवी प्रदीप प्रसाद, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, समाजसेवी प्रशांत प्रधान के साथ साथ सभी उपस्थित अतिथियों को हजारीबाग महासमिति अध्यक्ष जीतू यादव के द्वारा भगवा वस्त्र और फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं मुख्य अतिथि मनीष जायसवाल ने उपस्थित महासमिति के अध्यक्ष को सबसे पहले बधाई दी और सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर वर्ष रामनवमी के बदलते स्वरूप को देखते हुए इस बार की रामनवमी भी पहले के अपेक्षा भव्य और ऐतिहासिक होगी। बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव ने भी अपने संबोधन में महासमिति के तमाम कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि हजारीबाग की रामनवमी इंटरनेशनल है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी एक अलग महता है। भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने कहा कि रामनवमी पर्व हम सभी हजारीबाग वासियों के लिए एक गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने कहा कि यहां के लोगों में रामनवमी को लेकर एक अलग जोश, उमंग और उत्साह होता है। समाजसेवी प्रशांत प्रधान ने हजारीबाग महासमिति के अध्यक्ष जीतू यादव व सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारा विश्वविख्यात रामनवमी पर्व में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव की खुशी में जश्न के साथ मनाते आ रहे हैं। महासमिति अध्यक्ष जीतू यादव ने सभी उपस्थित अतिथियों को धन्यवाद दिया। मौके पर महासमिति के कार्यकर्ताओं के साथ शहर के गण्यमान्य उपस्थित थे।

## केरेडारी के चट्टी बरियातू में बिरहोर की मौत

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से सटे बिरहोर कॉलोनी में रहने वाले एक बिरहोर परिवार के व्यक्ति दुर्गा बिरहोर उम्र करीब 40 वर्ष पिता तुलसी बिरहोर की मौत हो गयी। मौत के बाद परिजनों ने शव के साथ ट्रांसपोर्टिंग को सड़क जाम कर दिया था। इस घटना की सुचना मिलते ही केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी, कांग्रेस नेता प्रेमरंजन पासवान केरेडारी थाना प्रभारी अजित कुमार व कई जनप्रतिनिधि भी पहुंचे और लोगों को काफी समझाया बुझाया। इस वार्ता में मृतक के परिजन को अंतिम संस्कार के लिए तत्काल 30 हजार रुपये नकद राशि प्रदान की गयी। जबकि दो छोटे बच्चों पांच वर्षीय मोहन व 3 वर्षीय मंजू को इनके परवरिस के लिए 5 हजार रुपए प्रत्येक महीने देने व बड़े बेटे मुकेश व रंगीला को रोजगार देने के लिखित आश्वासन के बाद करीब 1 बजे शव उठा लिया गया। इसके साथ ही पानी का लगातार छिड़काव करने पर भी सहमति बनी है।

## एनटीपीसी मैती में तकनीकी कौशल विकास ट्रेनिंग का समापन

**पकरी बरवाडीह खनन परियोजना के 38 युवकों को मिला सर्टिफिकेट**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** एनटीपीसी की पकरी बरवाडीह खनन परियोजना से प्रभावित लोगों का तीन महीने का कौशल विकास प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संपन्न हो गया। प्रशिक्षण के दौरान तकनीक से जुड़ी जानकारी के साथ व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। इसके बाद छात्रों की परीक्षा ली गयी और सर्टिफिकेट दिये गये। कार्यक्रम का आयोजन बड़कागांव के एनटीपीसी पुनर्वास कॉलोनी ढेंगा के पास मौजूद एनटीपीसी माइनिंग एंड आइटीआइ के सभागार में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआरएमएमसी के सीइओ और एलएंडडी के हेड अमृतांशु प्रसाद थे। मैती के प्रिंसिपल इंजीनियर मिथिलेश उपाध्याय ने स्वागत भाषण में कहा कि ट्रेनिंग में सभी युवाओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि जिंदगी में अनुशासन बहुत आवश्यक है। युवा जिस अनुशासन और उत्साह के साथ कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि उद्देश्य के प्रति समर्पित व्यक्ति को कामयाब होने से कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने एनटीपीसी मैती आइटीआइ के प्रशिक्षक और प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। डीजीएम एसके सेनापति ने धन्यवाद ज्ञापन किया। टीएसएमपीएल के मानव संसाधन विभाग के वरिष्ठ महाप्रबंधक बिमल कुमार सिन्हा ने कहा कि आगे भी ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगे, ताकि विस्थापित परिवारों के युवकों को रोजगार से जोड़ा जा सके। एजीएम एचआर आइआर उत्तम कुमार झा, मैनेजर आइआर चंचल कुमार सिन्हा के साथ साथ टीएसएमपीएल के साहेब मलिक और अमन कुमार भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर भव्य शोभायात्रा

**वैदिक मंत्रोच्चारण और जय श्री राम के उद्घोष से गूंजा पूरा क्षेत्र**

**751 कलश यात्रियों ने माथे पर उठाया कलश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बसरिया गांव में बुधवार को श्री श्री 1008 शिव परिवार सह हनुमंत हवनात्मक महायज्ञ को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी। कलश शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाएं, युवतियों ने भाग लिया। मौके पर मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, बीस सुत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद पंसस सरीता देवी पूर्व प्रमुख राम लखन मेहता, पूर्व सलैया मुखिया गोपाल, उप प्रमुख प्रतिनिधि उतिम प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतो, मुखिया कमलेश कुमार, पंसस प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद, संतोष कुमार देव ने संयुक्त रूप से 751 कलश देकर विराट कलश शोभायात्रा यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया। कलश शोभायात्रा में घोड़े पर सवार जीवंत झांकी और गाजे बाजे के साथ यज्ञ स्थल बसरिया से शुरू करते हुए बरवां - बरकट्ठा मुख्य मार्ग से होते हुए एन एच 2 से होकर पातालसूर उत्तरवाहिनी नदी में कथावाचिका प्रीति रामायणी, यज्ञाधिष अशोक पाण्डेय, यज्ञाचार्य छोटी पाण्डेय उप यज्ञाचार्य शंकर पांडेय, संरक्षक पवन पांडेय और अयोध्या से पधारे हुए ब्राह्मणों की मंडली ने पूरे विधिवत रूप से मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना कर कलश को यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया। महायज्ञ में प्रतिदिन शाम सात बजे से नौ बजे तक चित्रकुट दिल्ली से आई हुई कथावाचिका प्रीति रामायणी के द्वारा राम कथा प्रवचन का आयोजन किया जायेगा। कथा के बाद साढ़े नौ बजे रात्रि से अयोध्या से चलकर आये रामलीला की टीम के द्वारा राम लीला का आयोजन किया जायेगा। मौके पर उपस्थित विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि इतने बड़े बड़े महायज्ञ के आयोजनों से लोगों में भक्ति की भावना में जागृति होती है साथ ही ऐसे-ऐसे आयोजनों से लोगों में आपसी तालमेल और भाईचारे की भावनाओं में वृद्धि होती है। पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा कि यज्ञ का आयोजन करने से क्षेत्र में खुशहाल, और पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाती है जिससे लोगों को धर्म और आस्था के प्रति लगाव बढ़ता है। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद, सचिव चंद्रिका सिंह, उप सचिव छोटी रविदास, कोषाध्यक्ष कुलदीप प्रसाद, उपकोषाध्यक्ष सुनिल कुमार, शोभा समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष राहुल कुमार, निगरानी समिति अध्यक्ष अशोक प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, राजू प्रसाद शंकर प्रसाद, संजय सिंह, दिलीप कुमार, रीतलाल प्रसाद समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

## विष्णुगढ़ का युवक सऊदी अरब में फंसा परिजनों को सरकार से उम्मीद



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ का युवक सऊदी अरब में फंसा परिजनों ने सरकार से घर वापसी की गुहार लगायी है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के सिरैय निवासी भीम ठाकुर घर की माली हालत सुधारने का सपना लेकर 9 माह पूर्व सऊदी अरब गया। एजेंट के चक्कर मे फस गया। सऊदी अरब जाने के कुछ दिन बाद ही उसका मालिक हैवान बन गया और उसको यातनाएं देने लगा। तड़पता हुआ भीम अपने परिजनों को मोबाइल से फोन करता है और गुहार लगाता है कि मेरी मदद कीजिए, हमें बचा लीजिए। अब परिवार वाले भी सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं। भीम ठाकुर की विधवा माता चिंता देवी ने बताया कि नौ महीने पूर्व एजेंट के माध्यम से हमारा बेटा सउदी अरब गया था। जहां उन्हें बंधक बनाकर काम कराया जा रहा हैं न ही उन्हे वेतन दिया जा रहा हैं और न ही ठीक ढंग से खाने पीने दिया जा रहा हैं। उपर से विरोध करने पर उन्हें यातनाएं झेलनी पड़ रही हैं। बेटे ने फोन पर बताया कि कफील (मालिक) ने उनके उपर मुकदमा कर दिया है। भीम ठाकुर परिवार का इकलौता कमाने वाला है। जो परिवार का पालन पोषण के लिए रोजी रोटी की तलाश में सऊदी गया हुआ है। भीम के छोटे-छोटे दो पुत्र प्रिंस कुमार (9 ) और प्रतिक कुमार (6) वर्ष का हैं। प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सिकन्दर अली ने कहा कि विदेश में नौकरी की जांच-पड़ताल किए बगैर एजेंट पर भरोसा करने वाले कई लोग वहां मुश्किल में फंस रहे हैं। विदेशों में झारखंड के प्रवासी मजदूरों को बंधक बनाने और वेतन नहीं देने के मामले हमेशा सामने आते रहे हैं।

## हजारीबाग के पत्रकार को मातृ शोक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा गुप्ता की माता गायत्री देवी 88 वर्ष का निधन बुधवार अहले सुबह हो गया। गायत्री देवी कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार खिरगांव मुक्तिधाम में हुआ। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र ने दिया। इस मौके पर कई नेता और पत्रकार उपस्थित थे।

## डिजनीलैंड मेला का उद्घाटन




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के इंद्रपुरी हॉल प्रांगण में डिजनीलैंड मेला का उद्घाटन बुधवार संध्या को हुआ। उद्घाटन समाजसेवी हर्ष अजमेरा, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, जदयू नेता राकेश गुप्ता और मनोज सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजनकर्ता मनोज कुमार साव ने बताया की मेले में बच्चों और बड़ों सबों को ध्यान में रख कर मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी प्रकार के झूले, बच्चों के लिए ब्रेक डांस, मिक्की माउस समेत कई अन्य झूले भी लगाये गये हैं। समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने कहा की डिजनीलैंड मेले लगने से त्योहार के वक्त लोगों को मनोरंजन का साधन मिल गया। बटेश्वर मेहता ने कहा की डिजनीलैंड मेला में बड़े और बच्चों को ध्यान में रखकर दुकान और झूले लगे हैं लोग आवें और इसका लुत्फ उठायें। मौके पर अनूप कुमार वर्मा, कृष्णा कुमार साव समेत शहर के कई समाजसेवी और अन्य उपस्थित थे।

## लेट लतीफी को लेकर ग्रामीण आक्रोशित



**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक प्रखंड के दर्जनों गांव के आवागमन का मुख्य सड़क इचाक टू डाढा भाया दरिया पथ निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा लेट लतीफी अपनाएं जाने से ग्रामीण खासे नाराज हैं। करोड़ों के लागत से बनने वाली सड़क करीब डेढ़ वर्ष पूर्व निर्माण कार्य शुरू किया गया था। परंतु अब तक 5 किलोमीटर भी सड़क पूर्ण रूप से तैयार नहीं हुआ है। दरिया से इचाक बाजार तक 8 किलोमीटर के बीच करीब एक किलोमीटर ढलाई किया गया है। बाकी चार किलोमीटर पर डस्ट और छरी बिछा कर छोड़ दिया गया है। जिससे राहगीरों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। दरिया से डाढा तक यही हाल है। सड़क पर बिखरा छरी और उड़ रहे धूल कण से आने-जाने वाले दो पहिया वाहनों को प्रतिदिन घटना का शिकार होना पड़ रहा है। पथ निर्माण संघर्ष समिति के सचिव सुनील तलवार, बसंत नारायण मेहता, कामेश्वर प्रसाद मेहता, संतोष प्रसाद मेहता, महेंद्र प्रजापति, समसुद्दीन अंसारी, अजीत प्रसाद मेहता, राजेश प्रसाद मेहता समेत अन्य लोगों ने कहा कि पिछले एक दशक से लगातार कर रहे आंदोलन के बाद सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली। दर्जनों गांव के लोगों को अच्छी सड़क पर चलने का उम्मीद जगी। संवेदक को ग्रामीण कह कर थक चुके हैं, मगर संवेदक अपने मन मर्जी से काम कर रहा है। क्षेत्र के सांसद, विधायक की उदासीन रवैया से ग्रामीण क्षुब्ध हैं। लोगों ने यह भी कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में जनता मुंहतोड़ जवाब देगी।

## पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के खैरा पंचायत के करमा गांव में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन 17 अप्रैल से प्रारंभ होगा जिसकी तैयारी गांव के लोगों ने कर रहा है। बुधवार को महाराष्ट से गांव वालों ने भगवान राम, हनुमान, शिव, पार्वति समेत अन्य को लाया जहां सभी ने ढोल नगाडा के साथ स्वागत किया। खैरा चौक से नाचते गाते लोग करमा गांव पहुंचा। मौके पर बलदेव शर्मा, भोला ठाकुर, पवन कुमार, कृष्ण देव राणा, तुलेश्वर राणा, किशोरी राणा, लखन पासवान, शंकर प्रसाद वर्मा, वीरेंद्र राणा, ईश्वर राणा, मुकेश्वर सिंह, कुलदीप राणा, केला पासवान, रामचंद्र राणा, सरजू राणा, नरेश राणा, हीरामन शर्मा, अर्जुन पासवान, छोटी सिंह, संजय सिंह, सुखलाल राणा, विजय पासवान, समेत गांव के महिला पुरुष और भक्त उपस्थित थे।

## आम्रपाली: क्षेत्रीय संप्रेषण प्रबंधक सतीश नायक परियोजना से है फरार

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** आम्रपाली परियोजना में बीते 3 अप्रैल को सीबीआइ की कार्रवाई से परियोजना कार्यालय में हड़कंप का प्रभाव आज भी विद्यमान है। जानकारी के अनुसार परियोजना के क्षेत्रीय संप्रेषण प्रबंधक सतीश नायक सीबीआई की कार्रवाई से डर के साये में कार्यालय छोड़कर फरार हो जाने की चर्चा बाजार में गर्म है। सतीश नायक परिवार वालो से भी संपर्क में नहीं है इससे कई सवाल खड़े हो रहे है। संपर्क में नहीं होने से उनके साथ कोई अनहोनी घटना की आशंका लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है की सीबीआई के कार्रवाई के एक सप्ताह बाद भी न तो वह कार्यालय आये है और न किसी प्रकार का सूचना दिया है। ऐसे में सीबीआई के कार्रवाई के बाद क्षेत्रीय संप्रेषण प्रबंधक के कार्यालय छोड़कर फरार होने की चर्चा परियोजना कार्यालय में हो रही है। सीबीआइ टीम बीते बुधवार को घूस लेने के आरोप में संप्रेषण पदाधिकारी और संप्रेषण कार्यालय के क्लर्क सहित तीन को गिरफ्तार करने के बाद दोबारा टीम गुरुवार की देर शाम आम्रपाली स्थित जीएम कार्यालय पहुंची थी। जहां वह नहीं मिला।

## नव वर्ष पर निकाली प्रभात फेरी



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कॉलोनी परिसर स्थित आर्य बाल उच्च विद्यालय नया नगर बरकाकाना मे हिंदू नव वर्ष के आगमन पर विशेष समारोह का आयोजन किया। आयोजन में सर्वप्रथम अहले सुबह प्रभात फेरी निकालकर लोगो में सुख शांति का संदेश दिया। सेवानिवृत शिक्षक सतपाल वोहरा की अगुआई में निकाली गयी। प्रभात फेरी के दौरान विद्यालय के छात्र छात्रा सहित दर्जनों शिक्षकों के साथ नगर भ्रमण किया। समारोह के दौरान आर्य समाज के मंत्री संतोष स्वर्णकार ने विधिवत हवन पूजन को संपन्न कराया। विद्यालय परिसर में उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को नव वर्ष की मंगलमय कामनाओं के साथ शुभकामनाएं संदेश दिया। मौके पर प्राचार्या आशा देवी, छोटे लाल मुंडा, गीता कुमारी, कुंती कुमारी, संगीता देवी, भारती कुमारी, स्वेता सिन्हा, माधुरी पाठक, बिभा गुप्ता, रीना कुमारी, मीना कुमारी, प्रियंका प्रियदर्शी, कुसुमा कुमारी, सुभाष चक्रवर्ती सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## आर्म्स लाइसेंस का 48 घंटे में करायें सत्यापन : डीसी

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर आर्म्स लाइसेंस का सत्यापन हो रहा है। रामगढ़ जिले में कुछ ऐसे लाइसेंस भारी भी हैं जिन्होंने दूसरे जिले या दूसरे राज्य से लाइसेंस प्राप्त किया है। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने बुधवार को एक निर्देश जारी कर 48 घंटे के अंदर सत्यापन करने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि जिन्होंने अन्य जिला और राज्य से शस्त्र अनुज्ञप्ति प्राप्त कर शस्त्र धारित किया है और वर्तमान में रामगढ़ जिला में निवास करते हुए शस्त्र का उपयोग कर रहे हैं। वैसे सभी अनुज्ञप्तिधारियों को जिले के जिस भी थाना क्षेत्र में निवास करते हो वे संबंधित थाना में अपना शस्त्र अनुज्ञप्ति और उस पर धारित शस्त्र का सत्यापन दो दिनों के अंदर करा लें। समय व्यतीत होने के उपरांत पुलिस अधिकारियों के द्वारा जांच अभियान चलाए जाने के दौरान यदि किसी व्यक्ति के पास अन्य जिला व राज्य द्वारा निर्गत अनुज्ञप्ति एवं उस पर आधारित शस्त्र पाया जाएगा तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम 2016 की सुसंगत धाराओं के तहत शस्त्र को जब्त कर अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

## ईद और रामनवमी पर्व को लेकर बैठक



**कुजू (आजाद सिपाही)।** चैती दुर्गा पूजा, चैती छठ, रामनवमी, ईद, सरहुल व आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कुजू ओपी में बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक परमेश्वर प्रसाद व संचालन मांडू अंचलाधिकारी मोइसर नजर मंसूरी ने की। बैठक में पुलिस प्रशासन ने लोगों से आगामी त्यौहार चैती दुर्गा पूजा, रामनवमी, ईद, सरहुल, चैती छठ शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्देश दिया। साथ ही, असामाजिक तत्वों और अशांति फैलाने वाले उपद्रवियों पर कड़ी नजर रखते हुए सख्ती बरतने की चेतावनी दी। पुलिस प्रशासन ने लोगों से कहा कि ऐसे उपद्रवियों को देख तुरंत ही पुलिस को सूचित करें। वही, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। बैठक के दौरान लोगों ने पर्व के दौरान उत्पन्न होने वाले विभिन्न समस्याओं से पुलिस प्रशासन को अवगत कराया। साथ ही, समस्याओं से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन से सहयोग मांगा। जिस पर पुलिस प्रशासन ने हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही लोकसभा चुनाव के कारण लागू आचार संहिता का सख्ती से पालन करने और बिना लाइसेंस वाले अखाड़ा को एसडीओ से लाईसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया। मौके पर कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय, एसआई संजय हेम्ब्रम, इन्द्र प्रसाद गुप्ता, प्रेम प्रसाद, अमर सिंह, शिव कुमार प्रसाद, रतन प्रसाद साहू, मुखिया जयकुमार उर्फ बुच ओझा, धर्मराज राम, अब्दुल कलाम, मोहसिन खान, लखन प्रसाद, महेश ठाकुर, निर्मल करमाली, मंसूर खान, मो शकील खान, मो समीम लल्लू, अशोक राम, राजू रहमान, नरेश प्रसाद, श्रवण कुमार समेत कई लोग शामिल रहे।

# लूट की योजना बना रहा अपराधी पिस्तौल और कट्टा के साथ धराया

**गिरफ्तार जुनैद का रहा है आपराधिक इतिहास: एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिले के पतरातू प्रखंड क्षेत्र में लूट की योजना बना रहा एक अपराधी को पुलिस ने एक पिस्तौल और देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी पालू टोला मधनिया निवासी जुनैद अंसारी पिता जहरूद्दीन अंसारी है। इस मामले की जानकारी बुधवार को एसपी डॉ बिमल कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि पतरातू क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम देने के लिए जुनैद अंसारी योजना बना रहा था, जैसे ही पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम से नेतृत्व में एक टीम बनायी गयी। छापेमारी के दौरान ग्राम डाडीडीह सरना स्कूल के पास से जुनैद को हथियार के साथ पकड़ा गया। तलाशी के क्रम में उसके कमर से 9एमएम का एक लोडेड देशी पिस्तौल और .315 बोर का एक लोडेड देशी कट्टा बरामद हुआ। साथ ही उसके पास से 9 एमएम की तीन जिंदा गोली और देसी कट्टे की दो जिंदा गोली भी मिली। जुनैद पर अवैध रूप से बिना लाइसेंस के हथियार रखने के आरोप में पतरातू थाना कांड संख्या 91/24 धारा 25(1-बी)ए/26 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दी।

**गिरफ्तार अपराधी चोरी और लूट की घटनाओं को दे चुका है अंजाम:** रामगढ़ एसपी ने बताया कि जुनैद अंसारी पिता जहारुद्दीन अंसारी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। वर्ष 2019 और 2021 में इसने चोरी और लूट की कई वारदातों को अंजाम दिया है। उसके खिलाफ पिठोरिया थाना कांड संख्या 5/19 और पिपरवाह थाना कांड संख्या 32/21 के तहत मामला दर्ज है।

**छापामारी टीम में ये थे शामिल**

पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम, अांचल पुलिस निरीक्षक योगेंद्र सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार, हवलदार संजय कुमार ठाकुर आरक्षी अरुण कुमार, रामपाल महतो पंकज पाडे शामिल थे।

# प्लस 2 उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/ चतरा।** प्रखंड के राम नारायण 10 प्लस टू और उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मंगलवार को जेसीइआरटी की राज्य स्तरीय टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान विद्यालय के विधि व्यवस्था के अलावा आइसीटी, स्मार्ट क्लास की जानकारी लिया साथ ही विद्यालय के छात्राओं से भी मिले और विद्यालय में मिलने वाली शिक्षा और सुविधा के बारे में जानकारी ली। वही बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही सबसे पहले आने वाले बच्चों को फूल देकर सम्मानित करने की सलाह दी गयी । टीम के सदस्यों ने विद्यालय में शौचालय और पेयजल बिजली आदि की भी जानकारी लिया और शिक्षकों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का सलाह दिया गया, ताकि बच्चे प्राइवेट स्कूल में नहीं जायें और सरकारी विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत हो सके। सरकार द्वारा सरकारी विद्यालय में हर सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। सभी सरकारी सुविधा का लाभ बच्चों तक पहुंचाने पर चर्चा किया गया। राज्य स्तरीय टीम में अनुपा तिर्की, प्रीति पूनम कुजूर, अभिघा सेठ, शामिल थी । इस मौके पर प्रधानाध्यापक उमेश कुमार, विनय कुमार सिंह, आशुतोष सिन्हा, सीमा गुप्ता, वशीफ रजा, अनूप कुमार, के अलावा कई शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

## पर्व को लेकर शांति-समिति की बैठक

**हंटरगंज / चतरा।** थाना परिसर में बुधवार को ईद और रामनवमी पर्व को लेकर शांति-समिति की बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक अमरदीप कुमार और संचालन एस आई अजीत कुमार ने किया। ईद और रामनवामी पर्व शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाने को लेकर अपील किया गया। पंचायतवार लाइसेंसी और गैर लाइसेंसी जुलूस का समीक्षा किया गया। पुलिस निरीक्षक ने कहा की ईद और रामनवमी पूजा को आपसी भाईचारे के साथ मनाये। डीजे साउण्ड पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। बैठक में चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर के के शाहा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष वकील खान, मुखिया बृज किशोर सिंह, चैतू यादव, संजय सिंह, समरेश सिंह और पिंटू सिंह, उमेश पांडे, प्रदीप गुप्ता, नंदकिशोर वर्मा, दीपा भारती, इदरीश अंसारी सरदार शमशेर सिंह, बबलू मेहता, छेतेश्वर यादव, रामजी यादव और दर्जनों लोग शामिल थे।

## भाजपा नेता को पीटकर किया घायल

**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बहेरी गांव में बुधवार को भूमि विवाद के निपटारा को लेकर एक बैठक की गयी थी। भूमि विवाद का निपटारा कर रहे पूर्व पंचायत समिति सदस्य और भाजपा नेता 50 वर्षीय अशर्फी सिंह को गांव के ही पिंटू सिंह, मंटू सिंह, विवेक कुमार, रामाधार सिंह, राजशेखर कुमार द्वारा लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों के द्वारा घायल को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घायल के सिर पर गंभीर चोट लगी हुई है। वहीं पिंटू सिंह और विवेक कुमार को भी चोट आयी है। उनका भी इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। दोनों पक्षों द्वारा मारपीट से संबंधित थाना में एक दूसरे के विरुद्ध आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। ज्ञात हो कि रामस्वरूप सिंह, कृष्ण सिंह और संजय सिंह तीनों के बीच एक एकड़ 40 डेसिमल जमीन के बंटवारे को लेकर आपस में विवाद चल रहा है। जिनका निपटारा करने के लिए बैठक बुलाई गयी थी इसी दौरान मारपीट हो गया और तीन लोग घायल हो गये।

# मां भद्रकाली मंदिर की देख-रेख और वित्तीय अधिकार प्रधान जिला न्यायाधीश, चतरा को सौंपने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने अंतरिम आदेश के तहत मां भद्रकाली मंदिर, चतरा की देख-रेख और वित्तीय अधिकार प्रधान जिला न्यायाधीश, चतरा को देने का दिया निर्देश है। इससे पहले हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित करते हुये यह अधिकार चतरा उपायुक्त को दिया था। मां भद्रकाली मंदिर ट्रस्ट के योगेंद्र सिंह की ओर से झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा पुरानी कमेटी को भंग किये जाने और नयी कमेटी बनाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से दलील दी गयी की अंतरिम आदेश के तहत उपयुक्त, चतरा को जो मां भद्रकाली मंदिर की देख रेख और वित्तीय अधिकार प्रदान किया गया था वह उसे खत्म कर हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा गठित नयी कमेटी को यह अधिकार दिया जाये। इस पर प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से इसका विरोध करते हुये कहा गया कि तटस्थ व्यक्ति को यह अधिकार दिया जाना चाहिये। प्रार्थी, राज्य सरकार और नई कमेटी का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने मां भद्रकाली मंदिर की देखरेख का संचालन का जिम्मा उपयुक्त, चतरा के बदले प्रधान जिला न्यायाधीश, चतरा को सौंपने का निर्देश दिया। इससे पहले प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि धार्मिक न्यास बोर्ड ने अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर बिना किसी स्पष्टीकरण से मां भद्रकाली मंदिर की पुरानी कमेटी को भंग कर दिया और नयी कमेटी बना दी, जो कि उनके क्षेत्राधिकार से बाहर है। नयी समिति का गठन करने के पूर्व पुरानी समिति को जो की मंदिर का देखरेख करती है उसे स्पष्टीकरण देना होता है कि वे मंदिर का विकास सही तरीके से नहीं कर रहे हैं। लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

# मनीष जायसवाल का करमा में जनसंपर्क कार्यक्रम

**जात - पात से ऊपर उठकर विकास के लिए भाजपा को दें अपना मत : मनीष जायसवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** पिछले 10 सालों में केंद्र में स्थापित एनडीए सरकार ने देश का चहुमुखी विकास किया है। जिसका श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी को जाता है। पीएम मोदी के महत्वपूर्ण कार्यों में अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण और जम्मू कश्मीर में धारा 370 का हटाया जाना देशहित में सबसे बड़ी उपलब्धि है। उक्त बातें हजारीबाग भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने करमा क्षेत्र में अपने तूफानी जनसंपर्क और जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं से अपने संबोधन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 सालों के शासनकाल में गरीबों को किसी प्रकार की राहत नहीं दी। जबकि 10 वर्षों के भाजपा शासन काल में हर जन कल्याणकारी योजनाओं से देशवासी लाभन्वित है। जिसमे गरीबों का बैंक में खाता खुलवाना, शौचालय का निर्माण सहित कई योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने झारखंड सरकार पर जमकर भड़ास निकालते हुए कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं को बंद कर अबुआ आवास योजना चलाया जा रहा है। जो सीधे तौर पर लोगो को बबुआ बनाकर ठगने का काम जारी है। उन्होंने मतदाताओं से जात-पात से उठकर विकास और अधिकार के लिए मत देने की बात कही। उन्होंने पटेल समाज के आदर्श लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल का पीएम बनने से कांग्रेस द्वारा छल कर रोके जाने का इतिहास से अवगत कराया। कहा की यही समय है कांग्रेस से बदला जरूर लें और लौह पुरुष को सम्मान देने वाली पार्टी बीजेपी का साथ दें। आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व आरा मंडल अध्यक्ष राजेश महतो कर रहे थे। इससे पूर्व, दिगवार में नप मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी की अगुवाई में मनीष जायसवाल का भव्य स्वागत किया गया। अपने तूफानी दौरे और जनसंवाद कार्यक्रम क्षेत्र के करमा उत्तरी और दक्षिणी, छोटकीडुंडी व रतवे में आगामी 20 मई को कमल छाप पर वोट देकर विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े और फूल माला पहनाकर स्वागत करते दिखे। इस अवसर पर प्रवीण मेहता, तिवारी महतो, रंजीत सिन्हा, खिरोधर साहू, जगेश्वर प्रजापति, नरेश महतो, मनोज गिरी, अरुण कुशवाहा, तापेश्वर महतो, पंकज साहा, गुड्डू सिंह, जयकिशोर महतो, प्रकाश महतो, ज्योतिष महतो, विनोद महतो, इंद्रदेव ठाकुर, ईश्वर महतो, सत्यदेव पांडेय, पारसनाथ प्रजापति, चितरंजन जायसवाल, इंद्र कुमार पंडित, रंजन चौधरी समेत कई भाजपाई और आजसू कार्यकर्ता शामिल रहे।

## मंडा पर्व को लेकर ग्रामीणों की बैठक

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बेटुलकला पंचायत अंतर्गत पतरातू गांव प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव आराधना का मंडा पर्व मनाया जायेगा। जिसे लेकर बुधवार को उक्त गांव के लोगों की बैठक शिवमंदिर परिसर में हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से पूर्व जिप सदस्य कपीलदेव मुंडा और जलेश्वर महतो को संयोजक, कार्तिक महतो को अध्यक्ष, पन्नालाल महतो सचिव, उमेश महतो कोषाध्यक्ष व रामजन महतो को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा पंसस पटेल महतो, ब्रजकिशोर महतो, सर्वेश्वर महतो, नरेश महतो, देवधर महतो, बालकिशोर महतो, दिलीप महतो, सुजीत कुमार महतो, तापेश्वर महतो, दीपक महतो, मनोज महतो, धर्मेंद्र महतो, प्रफुल महतो, हीरालाल महतो, मोतीलाल महतो, चुनीलाल महतो को सदस्य बनाया गया। मौके पर दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने बताया कि मंडा पूजा के अवसर पर पश्चिम बंगाल के छऊ नृत्य कलाकारों के द्वारा नृत्य किया जायेगा। यहां दूर दूर से नृत्य देखने के लिए लोग आते हैं।

## यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए उमड़ी भीड़



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा नलकारी नदी तट स्थित छठ मईया मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ के दूसरे दिन बुधवार को कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। इस दौरान अयोध्या के आचार्य पद्मनाभ दास महाराज जी के देख-रेख में आचार्यो द्वारा पूरे विधि-विधान औश्र वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश के साथ यज्ञ मंडप की परिक्रमा शुरू हुई। जिसमें सैंकड़ों लोगों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। महायज्ञ में बतौर यजमान अशोक तिवारी, बिनोद दूबे और गोपाल करमाली सपत्नी शामिल हुए। वहीं रात्रि साढ़े बजे से उज्जैन मध्य प्रदेश के कथा व्यास श्री किशोरी पंडित निवार्णी दुबे जी द्वारा प्रवचन किया गया। यह प्रवचन 14 अप्रैल तक चलेगा। प्रवचन सुनने के लिए श्रद्धालु महिला-पुरूषों की भारी भीड़ उमड़ी रही। महायज्ञ के तीसरे दिन 11 अप्रैल को वेदी पूजन, यज्ञेश्वर आह्वान, प्रतिष्ठा, चौथे दिन 12 को अरणीमंथन, अग्नि स्थापना, होम आरंभ होगा। वहीं सातवें दिन 15 को पुणार्हुति व हवण के साथ महायज्ञ का समापन होगा। जबकि 16 अप्रैल को भव्य भंडारा आयोजन किया जायेगा। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। महायज्ञ को सफल बनाने में संजय मिश्रा, संजय वर्मा, संजीत राम, दीपक कुमार, सतीश सागर, शशि सागर, रवि दीप, विजय कुमार, अमृत कुमार, विक्रम, योगेंद्र करमाली, कुमार आलोक, राजन राउत, विजय, शंकर, विक्की आदि जुटे हैं।

## महाविद्यालय में वृक्षों के साथ मैत्री बंधन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रकृति के साथ अटूट प्रेम बंधन ही सरहुल पर्व है। झारखंड के निवासियों ने शुरू से इस परंपरा का निर्वहन किया है। उनके लिए वृक्ष कोई निर्जीव वस्तु नहीं है, बल्कि यह उनके घर का सदस्य है। यह बातें बुधवार को रामगढ़ कॉलेज प्रांगण में वृक्षों के साथ मैत्री बंधन बनाते हुए प्रोफेसर और छात्रों ने कही। सरहुल की पूर्व संध्या पर विद्यार्थियों और प्रोफेसर कॉलेज परिसर में लगे पेड़ों को रोली-चंदन लगाकर उनके साथ मैत्री बंधन की। इस दौरान उन्होंने यह संकल्प लिया कि प्रकृति और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वे वृक्षों की हर संभव देखभाल करेंगे। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय ने कहा कि मैत्री बंधन एक अटूट बंधन है जो मित्रता के विभिन्न भावों में अंकित होता है। व्यक्तियों की तरह पेड़-पौधों और पशु-पक्षियों के साथ भी मित्रता होती है। मधुर संबंध होते हैं। यही कारण है कि आज पर्यावरण को सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है। एक दूसरा कारण यह भी है कि पर्यावरण संरक्षण से मनुष्य को ही लाभ है। कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कामना राय, डॉ अनामिका ने किया।

## एसी चोरी आरोपी को भेजा बाल सुधार गृह

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी पुलिस ने सांडी स्थित कुमार मैरेज हॉल में एसी मशीन खोलते रंगेहाथ पकड़े गये भरेचनगर निवासी साहिल को बाल सुधार गृह हजारीबाग भेज दिया। मालूम हो कि सांडी स्थित कुमार मैरेज हाल के पिछले हिस्से में लगे एसी को खोलते हुए लोगों ने साहिल को रंगेहाथ पकड़ा था। जिसकी सूचना के बाद कुजू ओपी पुलिस साहिल को ओपी ले आयी। जिस पर मैरिज हॉल प्रबंधन द्वारा आवेदन के बाद मामला दर्ज करते हुए हजारीबाग भेज दिया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**जल पथ प्रमंडल सं०-2 हजारीबाग**
**Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 01/2024–2025**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चौपारण प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विधालय दैहर में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 2 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत परियोजना बालिका उच्च विधालय बरकट्ठा में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 3 | ईचाक प्रखंड अन्तर्गत राजकीय मध्य विधालय, दरिया में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 16,85,850.00 | 33,800.00 | 5,000.00 | 20 Days |
| 4 | ईचाक प्रखंड अन्तर्गत राजकीय मध्य विधालय, डुमरौन में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 5 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत राजकीय कन्या मध्य विधालय, बरकट्ठा में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 7 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत नव प्राथमिक विधालय, भायाडीह में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 8 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत नव प्राथमिक विद्यालय, शांति नगर, गैड़ा में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 8 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विधालय, पिलाडीह में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 9 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विधालय खरियो में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 18.04.2024 को पूर्वाहण 11:00 से अपराहन 1:00 बजे तक।
2. निविदा प्राप्ति की स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 19.04.2024 पूर्वाहण 11:00 से अपराहन 3:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की स्थान तिथि एवं समय : दिनांक 19.04.2024 को अपराहण 3:30 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।
4. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं दूरभाष सं0– : कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। 7903709450
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग

PR 323726 Water Resource(24-25).D



**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी०पी०डबलु०डी०, एम०ई०एस० अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन–लाइन (ई–निविदा) आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना संख्या:** गतिशक्ति/ई–टेन्डर/01/ओपेन/दानापुर/2024–25, **क्रमांक:** 1 **(1) कार्य के नाम, लोकेशन के साथ:** वेना गुडस शेड के अंतर्गत वार्फ का सुधार, एनएच तक पहुँच मार्ग का सुधार, प्रदुषण नियंत्रण उपाय (वृक्षारोपण, रखरखाव और धूल कलेक्टर शीट/दीवार), श्रमिक सुविधाएँ (पेय जल, शौचालय, बोरवेल के साथ आराम की सुविधा), मर्चेट कक्ष आदि। **(2) अनुमानित निविदा राशि:** 6,62,97,732.73, **(3) बयाना की राशि:** 4,81,500/–, **क्रमांक:** 2 **(1) कार्य के नाम, लोकेशन के साथ:** जहानाबाद गुडस शेड के अंतर्गत 08 फीट उँची छिद्रित शीट/दिवार, स्तह सुधार, प्रदुषण नियंत्रण उपायों का प्रावधन (वृक्षारोपण, रखरखाव और धूल कलेक्टर शीट/दीवार) 03 उच्च मस्तूल, श्रमिक सुविधाएँ, पेय जल, शौचालय और आराम की सुविधा। **(2) अनुमानित निविदा राशि:** 4,29,46,249.38, **(3) बयाना की राशि:** 3,64,700/– **(4) निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** निविदा ऑन लाइन www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। निविदाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 30.04.2024 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष निर्धरित तिथि को 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी। **(5) वेव साईट नाम एवं निविदा संबंधी सूचना:** 1. निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेव साईट CRIS website: http.//www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से सबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो, इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जायेगा, बल्कि वेव–साईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। 2. विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा। 3. संशोधनों के लिए वेब साइट देखने और तदनुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।

वरीय मंडल अभियंता (गतिशक्ति)
पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/00048/डीएनआरजीएस/ईएनजीजी/टी/24–25/60

# महाराष्ट्र में सीट बंटवारे पर सहमति

महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी (एमवीए) ने आखिर मंगलवार को गुड़ी पाड़वा के मौके पर सीट बंटवारे की घोषणा कर दी। उसके लिए संतोष की अतिरिक्त बात यह भी है कि अन्य कुछ राज्यों में भले ही एनडीए खेमा ज्यादा व्यवस्थित और अनुशासित नजर आ रहा हो, कम से कम महाराष्ट्र में एमवीए ने उसे पीछे छोड़ दिया है। वहां महायुति के घटक दलों में अभी भी कई सीटों को लेकर मतभेद नहीं सुलझ पाये हैं। सीटों का जिस तरह से बंटवारा हुआ है, उसमें पहली नजर में शिवसेना (यूबीटी) फायदे में नजर आती है, जिसे सबसे ज्यादा 21 सीटें मिली हैं। यानी कम से कम सीटों के बंटवारे के दौरान उसने प्रदेश राजनीति में बड़े भाई की अपनी भूमिका बरकरार रखने का दावा करने लायक स्थिति बनाये रखी है। कांग्रेस को जहां 17 सीटों पर संतोष करना पड़ा, वहीं एनसीपी के हिस्से में महज 10 सीटें आयी हैं। सांगली, भिवंडी और उत्तर पश्चिम मुंबई यानी जिन सीटों को लेकर विवाद सार्वजनिक हुआ था, उन सभी पर कांग्रेस को पीछे हटना पड़ा। हालांकि कांग्रेस इसे तानाशाही के खिलाफ जंग में दी गयी आहुति करार दे रही है, लेकिन देखना होगा कि यह त्याग या समझदारी इन पार्टियों की सांसदों की संख्या में किस हद तक इजाफा कर पाती है। महाराष्ट्र पर इस बार पूरे देश की नजरें अगर विशेष रूप से टिकी हुई हैं, तो उसके पीछे ठोस वजहें भी हैं। यहां से कुल 48 सांसद चुने जाने हैं, जो यूपी (80) के बाद सबसे बड़ी संख्या है। दूसरी बात यह कि विभिन्न पार्टियों में टूट-फूट के चलते न सिर्फ पार्टियों की संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ी हुई है, बल्कि उसकी वजह से प्रत्याशियों और उनके वोटर बेस को लेकर भी ऐसे सवाल उठ खड़े हुए हैं, जिनके जवाब इन चुनाव नतीजों से ही मिलेंगे। इस बार दांव पर महाराष्ट्र की पारंपरिक राजनीति का स्वरूप भी है। जिन नेताओं और परिवारों की प्रदेश राजनीति में साख रही है, न केवल उनकी पार्टियां दो फाड़ हो चुकी हैं, बल्कि वे परिवार के स्तर पर भी जूझते दिख रहे हैं। विपक्षी गठबंधन के नेता इसका सारा दोष बीजेपी पर मढ़ते हैं, जो इसे गलत बताती है। लेकिन इन नेताओं के परिवारवाद को निशाना बनाने में कोई गुरेज नहीं करती। स्वाभाविक ही, लोकसभा चुनाव के नतीजे यह फैसला करेंगे कि प्रदेश की राजनीति में शरद पवार और उद्धव ठाकरे का दबदबा कायम रहेगा या उसके अंत की शुरुआत हो जायेगी। प्रदेश में चुनाव पांच चरणों में होना है। 19 अप्रैल को वहां पहले और 20 मई को आखिरी दौर का मतदान होना है। बहरहाल, सबसे बड़ी बात देखने वाली यही होगी कि इन पार्टियों के वोट एक-दूसरे को ट्रांसफर होते हैं या नहीं और होते हैं, तो किस हद तक।

**कांग्रेस को जहां 17 सीटों पर संतोष करना पड़ा, वहीं एनसीपी के हिस्से में महज 10 सीटें आयी हैं। सांगली, भिवंडी और उत्तर पश्चिम मुंबई यानी जिन सीटों को लेकर विवाद सार्वजनिक हुआ था, उन सभी पर कांग्रेस को पीछे हटना पड़ा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आदिवासियों के सरहुल और मुख्यधारा के समाज का वसंत एक समय में होते हुए भी सांस्कृतिक मान्यतागत अंतर लिये हुए होता है। तथाकथित मुख्यधारा के समाज में आम को पवित्र पेड़ और फल का दर्जा प्राप्त है। इसकी पत्तियों से लेकर टहनियां तक हवन में इस्तेमाल की जाती हैं। इसके विपरीत साल का पेड़ आदिवासी समुदायों में साथी, संगाती, गोतिया, महामानव और रक्षक के रूप में याद किया जाता है। हम यह भी देखते हैं कि तथाकथित मुख्यधारा का समाज बगीचों की देखभाल करता है, जिसमें फलदार पेड़ लगे होते हैं।**

# पर्व ही नहीं, प्रकृति का संदेश भी है सरहुल

जनार्दन उरांव

सरहुल आदिवासियों का प्रमुख पर्व है। पतझड़ के बाद जब पेड़-पौधे हरे-हरे होने लगते हैं, फूल वाले पौधों की डालियों पर कलियां निकलने लगती हैं, यानी जब पूरी धरती रंग-बिरंगी होकर उल्लास से नाच उठती है, तब यह त्योहार मनाया जाना शुरू होता है और कई दिनों तक चलता है। चैत की तृतीया से शुरू होकर यह पर्व महीने भर चलता है। यह आदिवासी समुदाय का वसंत पर्व है। इसी त्योहार से आदिवासियों का नया साल शुरू होता है। इस अवसर पर आदिवासी पेड़ों की पूजा करते हैं। आदिवासी इस अवसर पर नाचते-गाते हैं। समूह गान से पहाड़ गूंज उठता है।

इस प्रकृति पर्व के संबंध में साहित्य में बहुत कुछ लिखा गया है। इनमें आदिवासियों के अपने साहित्य के अलावा गैर-आदिवासियों का साहित्य भी शामिल है। जैसे कालिदास, निराला और नागार्जुन ने भी मुक्त कंठ से इसका उल्लेख किया है। नागार्जुन की एक कविता उरांव समुदाय के पाहन द्वारा किये जाने वाले आह्वान की याद दिला देता है, जो सरहुल के मौके पर खुले मैदान में सैकड़ों लोगों के बीच में साल वृक्ष की पूजा के समय समूह में गाया जाता है।

**वसंत ऋतु में प्रकृति हरी-भरी हो जाती है। तापमान प्रेमानुकूल हो जाता है।**

चैत शुक्ल तृतीया के दिन से जब झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बंगाल के गोंड, मुंडा, उरांव, असुर, पहाड़िया और बडाइक जैसी प्रमुख जनजातियां खूब धूमधाम से इस पर्व को पूरे कहीं पूरे सप्ताह, तो कहीं महीने भर मना रही हैं। पाहन अर्थात गांव का धार्मिक प्रमुख महाबली सिंगबोंगा या सर्वशक्तिशाली धर्मेश और आदिवासी महावृक्ष साल की आराधना करता है, जिसे समूह के सभी लोग दोहराते जाते हैं।



**सरहुल को लेकर कई कथाएं भी कही जाती हैं। उरांव समुदाय में केकड़ा और मछली की कथा बहुत प्रचलित है। यह समुदाय मानता है कि धरती और साल के पहले केकड़ा और मछली आये। केकड़ा ही समुद्र से माटी निकाल कर धरती का निर्माण किया और मछली ने उसको सहयोग दिया, इसलिए ये दोनों प्राणी हमारे आदि पुरखे हैं।**

आदिवासियों के सरहुल और मुख्यधारा के समाज का वसंत एक समय में होते हुए भी सांस्कृतिक मान्यतागत अंतर लिये हुए होता है। तथाकथित मुख्यधारा के समाज में आम को पवित्र पेड़ और फल का दर्जा प्राप्त है। इसकी पत्तियों से लेकर टहनियां तक हवन में इस्तेमाल की जाती हैं। इसके विपरीत साल का पेड़ आदिवासी समुदायों में साथी, संगाती, गोतिया, महामानव और रक्षक के रूप में याद किया जाता है। हम यह भी देखते हैं कि तथाकथित मुख्यधारा का समाज बगीचों की देखभाल करता है, जिसमें फलदार पेड़ लगे होते हैं। आम्रकुंज शृंगार प्रेमियों के लिए आश्रय स्थल होते हैं। सनातन परंपरा में वसंत को कामदेव कहा गया है। थोड़ा गौर करने पर पाते हैं कि भारतीय आदिवासीयेतर समाज में इस ऋतु को कामोत्सव के रूप में मनाया जाता भी रहा है। कामोत्तेजक महोत्सव होने के कारण इसे ऋतुओं का राजा अर्थात ऋतुराज कहा गया है। कालिदास ने ऋतुसंहार में इसे 'सर्वप्रिये चारुतर वसंते' और गीता उपदेश के दौरान कृष्ण ने स्वयं को 'ऋतुनां कुसुमाकराः' कहा है।

### सरहुल के मौके पर समूह नृत्य

वसंत ऋतु में प्रकृति हरी-भरी हो जाती है। तापमान प्रेमानुकूल हो जाता है। अर्थात कामनाओं के लिए समुचित मौसम होने के कारण फागुन और होली (स्त्री दहन) जैसे त्योहारों को दरकिनार कर उन पर भी कामनाओं और शृंगारिकता का अतिव्यापन कर दिया जाता है और 'बुढ़वा भी देवर लगने लगता है'। काम-आकुलता का महिमामंडन संस्कृत साहित्य के साथ-साथ मध्यकालीन साहित्य में भी खूब हुआ है। रीतिकालीन कवि देव ने बहुत तबियत से ऋतुराज का वर्णन किया है।

वसंत की ऐसी मांसल शृंगारिकता सरहुल में नहीं पायी जाती है। सरहुल वन रक्षा के लिए प्रण लेने वाला त्योहार है। इस पक्ष में हंसते, गाते, नाचते आदिवासी समुदाय के लोग जंगल की रक्षा का प्रण करते हैं और बड़े पैमाने पर साल, गुलर, बांस, तेंदु और चीड़ के पेड़ों को रोपते हैं तथा बड़े पेड़ों को पूजते हैं। हम जानते हैं कि ये सभी पेड़ विशाल होते हैं और धरती के जैव मंडल को ऑक्सीजन से भर देते हैं। आदिवासी जीवनदायी पेड़ों को अपना पुरखा मानते हैं। इसीलिए सरहुल पुरखौती गीतों का भी त्योहार है और आदिम लगाव के कारण वन रक्षा और सुरक्षा के लिए जान तक देने के उदाहरण सिर्फ आदिवासी समुदाय में पाया गया है। पर्यावरण सुरक्षा और सजगता का आदिम पर्व है सरहुल, जिसमें हरे-भरे पेड़ों की पूजा की जाती है और कामना की जाती है कि धरती की हरियाली बनी रहे। सरहुल के गीत वन पूजा के गीत हैं।

### सरहुल शब्द विन्यास

इसका अर्थ स्वयं बता देता है। जैसे सर का अर्थ साल और हुल का मतलब पर्व या आंदोलनात्कमक उत्सव। जैसा ऊपर चर्चा किया गया कि जहां मुख्यधारा आम की पूजा करता है, वहीं आदिवासी समाज साल वनों की पूजा करता है। इन पेड़ों का बौद्ध धर्म से भी संबंध है। बुद्ध संप्रदाय में साल वृक्षों की पूजा की जाती है। बताया जाता है कि जब बुद्ध का देहांत हुआ, तब वे दो साल वृक्षों की छाया में आराम कर रहे थे। इसके अलावा आदिवासियों के लिए इस पेड़ का सामाजिक और आर्थिक महत्व भी है। यह एक बहुपयोगी पेड़ है। इसकी लकड़ी से लेकर फल-फूल, पत्ता और छाल सब कुछ काम आता है। छाल का उपयोग धूपबत्ती के रूप में होता है। फूल की सब्जी बनती है। फल खाया जाता है। पत्ती से पत्तल और ढांकने वाली चीजें बनायी जाती हैं। बीज से तेल निकाला जाता है और लकड़ी घर बनाने और जलाने के काम आती है। इसीलिए 'सरना बुरही' (मुंडा, कुरुख, उरांव और असुर आदिवासियों का धर्म) धर्म में साल की पूजा 'सर्जनशील औरतों के समूह', जो आदिवासियों को बच्चों की तरह से सहायता करती हैं, के रूप में की जाती है।

सरहुल को लेकर कई कथाएं भी कही जाती हैं। उरांव समुदाय में केकड़ा और मछली की कथा बहुत प्रचलित है। यह समुदाय मानता है कि धरती और साल के पहले केकड़ा और मछली आये। केकड़ा ही समुद्र से माटी निकाल कर धरती का निर्माण किया और मछली ने उसको सहयोग दिया, इसलिए ये दोनों प्राणी हमारे आदि पुरखे हैं। यही वजह है कि आदिवासियत, सरना धर्म और सिंगबोंगा को महत्व देते हुए झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्य ने साल वृक्ष को राज्य वृक्ष का दर्जा दिया है।

## जमशेदपुर की खबरें

# बहरागोड़ा में खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से तीन महिला मजदूरों की मौत, चार घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा प्रखंड की माटीहाना पंचायत अंतर्गत कोकमारा गांव के समीप चाकुलिया-बहरागोड़ा मुख्य सड़क के किनारे खोड़ी मिट्टी खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से घटनास्थल पर तीन महिला मजदूर की मौत हो गयी और चार महिला मजदूर घायल हो गयी हैं। घटना बुधवार दिन के करीब 11:30 बजे की है। सभी घायल महिलाओं को इलाज के लिए बहरागोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सभी चार महिला मजदूरों का इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि सभी महिलाएं भूतिया पंचायत के बनिया कुंदर गांव की निवासी हैं। तत्काल सूचना पाकर बहरागोड़ा थाना प्रभारी विकास कुमार तथा अंचल पदाधिकारी भोले शंकर महतो दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत जेसीबी मंगवा कर घायलों को तथा मृतकों को मिट्टी से बाहर निकाल कर घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से बहरागोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। मिली जानकारी के अनुसार खोड़ी मिट्टी से ग्रामीण अपने घरों में लेपन करते हैं। बुधवार को सभी महिला मजदूर खुदाई कर रही थीं, इस दौरान अचानक मिट्टी धंस जाने से मजदूरों के ऊपर गिर गयी। इस घटना से तीन महिला मजदूरों की मिट्टी के नीचे दबने से घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी तथा चार महिला मजदूर घायल हो गयीं। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी है।

घटना के बाद बाकी महिलाएं कुछ समझ पाती तब तक दबने से तीन की मौत हो चुकी थी। इस घटना में भूतिया गांव के बनियाकुंदर गांव की महिला मंजू किस्कू (32), सुशीला सोरेन (29), आलमानी टुडु (50) की मिट्टी में दबने से मौत हो गयी, जबकि चार महिलाएं घायल हो गयीं।

# आजसू पार्टी का जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में सम्मेलन 21 अप्रैल को

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर तुलसी भवन में आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक आयोजित की गयी। बुधवार को जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आजसू पार्टी के लोकसभा प्रभारी सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस शामिल हुए। तुलसी भवन में बैठक के दौरान 21 अप्रैल को होने वाले आजसू पार्टी के जमशेदपुर लोकसभा सम्मेलन को लेकर चर्चा की गयी। मौके पर जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा आगामी 21 अप्रैल को होने वाले जमशेदपुर लोकसभा सम्मेलन में 10 हजार ग्राम प्रभारी,चूल्हा प्रमुख समेत पार्टी के अन्य कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। वही लोकसभा प्रभारी सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा सभी विधानसभा के प्रभारी और पंचायत प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में जुट जाए। श्री सहिस ने आजसू पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं को संगठन हित में कार्य करते हुए आगामी लोकसभा स्तरीय सम्मेलन में लोगो को जागरूक करने की बात कही। उन्होंने बताया लोकसभा स्तरीय सम्मेलन में पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो हिस्सा लेंगे। साथ ही पार्टी के सभी विधायक,सांसद के आलावे पार्टी के सभी केंद्रीय नेताओं का आगमन होगा। इस अवसर पर बनविहारी महतो, कन्हैया सिंह,प्रो रवि शंकर मौर्या, फनी भूषण महतो,बुद्धेश्वर मुर्मू, डोमन टुडू ,सागेन हांसदा, संजय सिंह, संजय मालाकार,अप्पू तिवारी, प्रकाश विश्वकर्मा, चंद्रेश्वर पांडेय, धर्मवीर सिंह, जवाहर लाल,अशोक मंडल, कृतिवास मंडल, ललन झा,अजय सिंह बब्बू, हेमंत पाठक,शंभू श्रवण, माणिक महतो, निरंजन महतो, अजीत महतो, अनाथ कुंभकार, नवीन महतो, रामकृष्ण महतो, आदित्य महतो, पूर्णेंदु महतो, बुल्लू रानी सिंह सरदार, तनवीर आलम उर्फ राजू, उमाशंकर सिंह, राहुल सौरभ, चरण सोरेन, जयदेव महतो, रोहित महतो, प्रवीन प्रसाद, दीपक पांडेय, संगीता कुमारी, जय श्री कुंडू, लख्खी राय, संचिता राय, गौरी राय, पाली दास, रंजन राय, धनेश कर्मकार, संतोष सिंह, वीरेन स्वर्णकार, अरूप मल्लिक,सुधीर सिंह, आशीष नामदा, मंगल टुडू, रानी देवी, रौशन सिंह, शैलेंद्र सिन्हा, धीरज यादव समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# राम नवमी अखाड़ा समितियों के साथ थाना प्रभारी ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टेल्को क्षेत्र के राम नवमी अखाड़ा समितियों के साथ थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने बैठक कर शांति पूर्ण विसर्जन संपन्न कराने के लिए दिशा निर्देश दी। मौके पर उन्होंने आदर्श आचार संहिता के आलोक में झंडा निकालने की प्रतिवद्धतान की जानकारी दी। साथ ही टाटा मोटर्स टाऊन विभाग के पदाधिकारी को समय पर सभी अखाड़ों में पानी,बिजली और साफ सफाई सुनिश्चित कराने की बात कही। वहीं आगामी दिनों टेल्को से निकलने वाली जुलूस के मार्ग में पेड़ों की छटाई और संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया। बुधवार को आयोजित बैठक में सर्व धर्म सद्भावना के संयोजक नंदलाल सिंह ने बताया न्यू मार्केट टेल्को ग्राउंड के पास सभी अखाड़ा समिति के अध्यक्षों को समिति के द्वारा पगड़ी व शॉल भेटकर सम्मानित करेगी। साथ ही हजारों लोगों के लिए प्रसाद की व्यवस्था समिति की ओर से किया जायेगा। वही तहरी के ए अदब के संयोजक इम्तियाज अहमद ने बताया टेल्को यूनियन ऑफिस के पास कैंप लगाकर वहां से गुजरने वाले सभी झंडा जुलूस का अभिनंदन कर शांति सद्भावना और भाईचारे का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत की जायेगी। मौके पर खडंगाझाड़ अखाड़ा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह ने कहा खड़ंगाझाड़ हनुमान अखाड़ा समिति विशाल जुलूस निकालती हैं। जुलूस में कलाकार और महिला वीरांगनाएं सम्मिलित होती हैं। वैसे में सुरक्षा का विशेष व्यवस्था प्रशासन को करना चाहिए। सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था जगह जगह पर की जानी चाहिएं। शांति समिति की बैठक में नंदलाल सिंह,ओम प्रकाश सिंह,डी डी त्रिपाठी, प्रकाश सहाय, संजय मणि त्रिपाठी, पी के दास, मनोज सिंह,चिन्ना राव,सोनू सिंह, बलराम रजक,राकेश सिंह, राहुल मिश्र इम्तियाज अहमद, ओम प्रकाश जयसवाल,रजनीश सिंह, नरेश सोनी, लैला तिवारी, उपेंद्र तिवारी सहित रामदीन बगान, मनीफिट, खडंगाझाड़ , राधिकानगर, खड़ंगाझाड़ सामुदायिक विकास, जेमको, टेल्को गेट नंबर 2 , न्यू मार्केट हनुमान मंदिर अखाड़ा समिति के अध्यक्षों के आलावे अन्य अखाड़ा समिति के लोग उपस्थित रहे।

# झारखंड मजदूर यूनियन ने बैठक में प्रदूषण डस्ट प्रवाहित होने पर जताया रोष

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड मजदूर यूनियन की बैठक भुइयांडीह कार्यालय मे की गयी। बुधवार को आयोजित बैठक में पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां शामिल हुए। बैठक में बीते 9 अप्रैल के लगभग शाम 6:00 बजे से लेकर 8:00 बजे तक टाटा पावर कंपनी के चिमनी से प्रदूषण डस्ट प्रवाहित होने के सूचना पर चर्चा की गई। मौके पर स्थानीय लोगो ने पूर्व मंत्री से समस्या का समाधान के लिए गुहार लगाई। वही सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री दुलाल भुइयाँ ने टाटा पावर कंपनी के एचआर हेड से बात कर कहा बीते 9 अप्रैल के लगभग शाम 6:00 बजे से लेकर 8:00 बजे तक टाटा पावर कंपनी के चिमनी से प्रदूषण डस्ट प्रवाहित होने की सूचना स्थानीय लोगों ने दी है। उन्होंने कहा फ्लाई एस डस्ट के प्रदूषण को ठीक नही किया गया तो भविष्य में उग्र आंदोलन किया जायेगा। वही बैठक में झारखंड मजदूर यूनियन केंद्रीय सचिव राजेश सामन्त ने कहा इससे पहले भी टाटा पावर कंपनी से जहरीले डस्ट प्रभावित हो चुका है। जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत होती रही। उन्होंने कहा प्रबंधन इसका ठोस रास्ता निकले अन्यथा कंपनी के आसपास राहरगोड़ा बारिगोड़ा, गधड़ा, तुपुडंग, जसकांडी गोविंदपुर के ग्रामीण कंपनी के खिलाफ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। जरूरत पड़ने पर कंपनी गेट जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 11 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in





## मतदाता सूची में नहीं है नाम तो 15 तक करें आवेदन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के अंतर्गत लोहरदगा जिला में मतदान की तिथि 13 मई 2024 है। ऐसे में मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है। लोहरदगा जिला के जिन योग्य/ पात्र व्यक्ति का नाम जिनका अब तक भी मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो सकता है उनके लिए 15 अप्रैल 2024 तक फॉर्म 6 भरकर अपने बीएलओ के पास जमा करने का अवसर है। जो घर बैठे संबंधित प्रपत्र जमा करना चाहते हैं वे वोटर हेल्पलाइन एप या वोटर्स सर्विस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन जमा कर सकते हैं। मतदान करने के लिए कर सकते हैं। वैकल्पिक पहचान पत्र का इस्तेमाल। जिनका नाम मतदाता सूची में जुड़ चुका है परंतु अभी भी उन्हें मतदाता पहचान पत्र प्राप्त नहीं है, वे निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यताप्राप्त दस्तावेज में का इस्तेमाल मतदान करने के लिए पहचान पत्र के रूप में कर सकते हैं।

## सरहुल पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन का संदेश देता है : सुखदेव भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** संसदीय क्षेत्र के ग्राम टोटो में सरहुल पर्व के अवसर पर शोभायात्रा निकाला गया इसमें अनेक खोड़हा दल शामिल हुए। इस सरहुल जुलूस में मुख्य रूप से लोहरदगा लोकसभा इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत शामिल हुए।

मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि सरहुल प्रकृति पर्व है। आदिकाल से आदिवासी समाज धूमधाम से सरहुल का त्यौहार मनाते आ रहा है। इस पर्व से हमें प्रकृति से संरक्षण व संवर्धन का संदेश मिलता है । आज पर्यावरण के प्रति संपूर्ण विश्व चिंतित है परंतु हमारा आदिवासी समाज आदिकाल से पर्यावरण के प्रति सचेत है। सरहुल के तीन महत्वपूर्ण अंग प्रकृति ,संस्कृति और उत्सव है।

श्री भगत ने कहा कि आज के दिन धरती माता से प्रार्थना करते हैं की धरती पर मौजूद समस्त प्राणी और पेड़ पौधे स्वस्थ रहे। सभी जीव जंतुओं को दाना पानी मिलता रहे। बारिश ठीक से हो ताकि हम खेती-बाड़ी कर सके।

मौके पर सुखदेव भगत उपस्थित सभी लोगों को सरहुल की हार्दिक शुभकामनाएं दिये तथा खोड़हा दल में शामिल होकर जमकर मांदर बजाये। मौके पर इस कार्यक्रम में काफी संख्या में महिला, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हुए।

## गोली कांड की जांच में जुटी फोरेंसिक टीम

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** गोली कांड सेरेंगहातु मामला में व्यवसायिक नरेश साहू उर्फ शिबू हत्या कांड में विधि विज्ञान प्रयोगशाला रांची के टीम द्वारा विधिवत जांच किया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु ग्राम स्थित सैलून में बाल दाढ़ी बनवाने के दौरान सोमवार सुबह तीन अज्ञात अपराधियो के द्वारा सोबरन टोली निवासी छड़ सीमेंट व्यवसायिक का हत्या कर घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके आलोक में पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर उच्च स्तरीय जांच आरम्भ कर दिया गया है। जिस क्रम में बताया जाता है कि विधि प्रयोगशाला रांची टीम के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना का जायजा लिया गया तथा नियम संगत जांच को लेकर घटना स्थल से ब्लड सैंपल लिया गया है। प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर के निर्देश पर एसआइ मनोज कुमार दलबल के साथ विधि विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा जांच के दौरान मौजूद थे। एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने बताया कि घटना की उतभेदन के लिये पुलिस सभी बिंदुओं पर कार्य कर रही है। जिसे जल्द ही नरेश साहु उर्फ शिबु साहु हत्या कांड का खुलासा होगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोली कांड को अंजाम देने में तीन अपराधियो का तस्वीर सीसी टीवी कैमरा में कैद हुआ है। लेकिन इसे पुलिस द्वारा पुष्टि नही किया गया है। वहीं ग्रामीणों के बीच विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

## प्रखंडों में आयोजित हुआ स्वीप कार्यक्रम



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता हेतु (स्वीप) विभिन्न कार्यक्रम प्रखंड मुख्यालयों में आयोजित किये गये। कुडू प्रखंड मुख्यालय बाल विकास परियोजना की ओर से मतदाता जागरूकता हेतु मतदाता शपथ दिलायी गयी। आंगनबाड़ी केंद्र राजरोम भी मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। भंडरा प्रखंड में भी नए मतदाताओं को आगामी 13 मई 2024 को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। उपरोक्त स्वीप कार्यक्रम सीता पुष्पा, वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के निदेशानुसार आयोजित किया गया।

## भाजपा की विधानसभा प्रबंधन समिति की बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव के निमित्त लोहरदगा विधानसभा प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, प्रदेश महामंत्री सह लोकसभा प्रभारी मनोज कुमार सिंह,लोकसभा संयोजक मुनेश्वर साहू, लोकसभा सहसंयोजक सनी टोप्पो, जिला प्रभारी सुनीता सिंह और विधायक रामेश उरांव, सधनु भगत, श्री चंद प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष मदन मोहन पाठक, ब्रज बिहारी प्रसाद, राकेश प्रसाद उपस्थित थे। मौके पर महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता केवल चुनाव के समय ही नहीं चुनाव के अलावे भी निरंतर अपने संगठन के कार्यों के लिए दिन-रात लगे रहता है। कार्यकर्ता का एक ही लक्ष्य होता है वह अपने संगठन का अधिवक्ता के तौर पर कैसे जीत सुनिश्चित हो उसके लिए कार्य करते हैं। संगठन में कार्यकर्ता का भाव ही महान बनाता है। प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं की अपनी-अपनी जिम्मेवारी है प्रबंधन समिति में विशेष जिम्मेवारी निर्धारित होती है सभी कार्यों को करते हुए हमारे विशेष रूप से मिली जिम्मेवारी को प्राथमिकता के तौर पर निर्माण करना है। बैठक में सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव दिये।

## रामनवमी, सरहुल और ईद पर्व पर पैनी नजर रखें : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार रामनवमी सरहुल व ईद पर्व के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था को लेकर उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं रखने की आवश्यकता है। साथ ही हमें विशेष एहतियात एवं निगरानी बरतने की आवश्यकता है, ताकि शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में आगामी त्योहारों को संपन्न कराया जा सके। उपायुक्त ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को रामनवमी पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूरी चौकसी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी तथा थाना प्रभारियों को रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक तथा फ्लैग मार्च करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी तथा पर्याप्त पुलिस बल प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया। त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की गई, तो उसके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि रामनवमी पर्व में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो इसके लिए पूर्व से तैयारी करने की आवश्यकता है। अंचल अधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूर्व में ही जुलुस के रूट मुआयना कर लें। उन्होंने कहा कि साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाएगी। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार कौशल कुमार एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य जुड़े उपस्थित थे।

## सरहुल मनाने को लेकर तैयारी पूरी

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के नचना ग्राम स्थित सरना भवन परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रकृतिक का पर्व सरहुल को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस वर्ष सरहुल पर्व सरकारी नियम के अनुसार 11 अप्रैल गुरुवार को मनायी जा रही है। 10 अप्रैल बुधवार को पूजा स्थल पर चार बजे से विधिवत कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। जहां संध्या सात बजे घड़ा में पानी रखने का कार्यक्रम किया जाना है। 11 अप्रैल को सरना स्थल में पूजा 10 से 11 बजे तक की जायेगी एंव आरती 11 से 12 बजे तक होना सुनिश्चित किया है। आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार धर्म कला संस्कृति 12:30 से 1 बजे तक इसके पश्चात शोभायात्रा निकाली जायेगी। जो सरना स्थल से प्रारंभ होकर एन एच 99 से परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय, बस स्टैंड, राममंदिर, फुलसू मोड़, होते ब्लौक के समीप मैदान मे पहुंच कर समाप्त होगी।

## उग्रवादग्रस्त बूथ पर हेलीकॉप्टर से पोलिंग पार्टी भेजने का अभ्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव को निर्विघ्न और सफल क्रियान्वयन को लेकर सुदूरवर्ती पठारी इलाकों में स्थित मतदान केदो में स समय पोलिंग पार्टी और ईवीएम मशीनों को पहुंचाने का हवाई ट्रायल किया गया। इस दौरान शहरी क्षेत्र स्थित हेलीपैड से पठारी इलाकों में स्थित मतदान केंद्र में ईवीएम समेत पोलिंग पार्टी को कम समय में जल्दी से पहचाने का अभ्यास किया गया। इस दौरान गुमला के बिशनपुर, सेरेंगदाग व पेशरार प्रखंड स्थित हेलीपैड का भी हेलीकॉप्टर से ताजा स्थिति की निरीक्षण कर जायजा लिया गया। उल्लेखनीय है कि, लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र निर्वाचन के दौरान लोहरदगा और गुमला जिले के पश्चिमी पठारी इलाकों में निर्विघ्न चुनाव करना चुनौतियों से भरा रहा है। उग्रवाद प्रभावित लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के पश्चिमी पठारी इलाकों में स्थित मतदान केदो में हवाई मार्ग से पोलिंग पार्टी भेजने से मतदान निर्विघ्न करने में सहूलियत होती रही है।

## पर्व-त्योहार मनाने को लेकर छिपादोहर में शांति समिति की बैठक



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना परिसर में रामनवमी, ईद और सरहुल पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीओ संतोष कुमार शुक्ला ने किया। बैठक में सीओ संतोष शुक्ला ने कहा की एक दूसरे की धार्मिक भावनाओ को समझते हुए आपसी भाईचारे के साथ पर्व को मनायें। शांति समिति की बैठक में सीओ ने डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहने की बात कही। साथ ही सोशल मीडिया पर भी किसी तरह की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली बाते नही फैलाने की बात करते हुए इस पर नजर रखे जाने की बात कही। बैठक में एसडीपीओ वेंकटेश कुमार ने कहा की पर्व के दौरान किसी भी समुदाय की धार्मिक भावना को ठेस नही पहुंचाना है। साथ ही किसी प्रकार की भ्रामक या अफवाह की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। मौके पर थानाप्रभारी धीरज कुमार सिंह निजाम अंसारी राजू प्रसाद समेत शांति समिति के कई प्रबुद्ध लोग शामिल थे।

## एनएच को जमीन देने के लिए तैयार हुए उदयपुरा के ग्रामीण

**4400 सौ रुपये जमीन अगर मिलती है तो हमे दिला दे: ग्रामीण**

मुकेश कुमार सिंह



**लातेहार।** लातेहार के उदयपुरा में ग्रामीण जालिम खुर्द के मुखिया सुनीता देवी सहित कई लोग पहुंचे। ग्रामीणों ने फॉर लेन के अधिकारियों से कहा कि आप जमिन का कितना पैसा देंगे। अधिकारियों ने कहा कि जो सरकारी निधारन है 4400 रु ही दिया जाएगा। तभी सभी ग्रामीणों ने कहा कि हम जमीन देने के लिए तैयार है। जमीन के बदले में जमीन दीजिए। मुआवजा बहुत ही कम है। 4400 में जमीन मिलता कहां है। हम लोग गरीब आदिवासी हैं। 400 वर्ष से हम लोग खेती बाड़ी कर रहे हैं। हमारे जीविका का साधन है। हमारे आने वाला वंशजों के लिए जमीन ही एक आधार है। आने वाले समय मे मेरा जमीन चल जाएगा। सरकार अवने पौने भाव में जमीन लेलेगी। और हम कहां जिएंगे कैसे रहेंगे। इधर जूट हुए ग्रामीण कोई भी जमीन का कागजात नहीं दिया। एनएचआइ के कर्मचारी का कहना था कि, हम इस संबंध में उच्च अधिकारियों से बात करेंगे। वहां ग्रामीण कम रेट में जमीन नहीं देने को तैयार है। उसके साथ ही ग्रामीणों का कहना है की ग्राम सभा हुआ नहीं है। जमीन अधिग्रहन करना कानून के खिलाफ है। वही इस अवसर पर विजय सिंह, संघर्ष समिति के अध्यक्ष गुर्जर उरांव भुवनेश्वर उरांव, विनयकांत पांडेय, कमला देवी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित है।

## बीएस कॉलेज में मनाया गया सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बी एस कॉलेज लोहरदगा में मनाई गई सरहुल पूर्व दिवस कार्यक्रम को बीएस कॉलेज के कुंडुख और नागपुरी विभाग के प्रो सरिता कच्छप प्रो ब्लासियस पन्ना,प्रो रेखा कुमारी, प्रो बुटन महली, लाल अजय नाथ शाहदेव के अगुवाई में संपन्न हुआ। सरहुल पूर्व संध्या के नाम से कॉलेज के छात्र छात्राओं सहित कस्तूरबा बालिका छात्रावास बीएस कॉलेज बालक छात्रावासियों एक से एक बढ़कर सरहुल नृत्य प्रस्तुत कर धूमधाम से मनायी। इसमें कुड़ुख विभाग के छात्र छात्राओं ने सरहुल पर्व से संबंधित कई तरह के गीत प्रस्तुत किये। गीतों में खद्दी तोकना, बरोया, बरोया लुझरी, एवं जेठ जतरा से संबंधित गीत एवं नृत्य पेश किया। यह प्रोग्राम बी एस कॉलेज लोहरदगा के मल्टीपरपस हॉल में आयोजित किया गया था। इसमें कॉलेज के माननीय प्राचार्य एसकेपी गुप्ता, डा शशि कुमार गुप्ता, प्रो नइम खान, प्रो सुरेश सर प्रो आनंद मांझी, प्रो रौशन मिंज, प्रो अंबिका मैम, प्रो अर्जुन लकड़ा, डा अजय नाथ शाहदेव, डा बुटन महली, प्रो सत्यनारायण उरांव, सहित जिला परिषद सामिल उरांव, देवेंद्र तिर्की, प्रो रामकुमार तिर्की, मिटकू उरांव शामिल थे। सभी ने सरहुल मिलन को सराहा और कॉलेज के विकास का विशेष योगदान बताया साथ ही बराबर इस तरह के प्रोग्राम कॉलेज में होते रहने की बात कही।

## स्वस्थ शिशु से ही स्वस्थ विद्यालय की परिकल्पना संभव : सुरेशचंद्र पांडेय



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में शिशु स्वास्थ्य परीक्षण के द्वितीय दिवस पर सदर अस्पताल लोहरदगा के चिकित्सीय दल का सराहनीय योगदान रहा। लगभग 200 शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा स्वस्थ शिशु से ही स्वस्थ परिवार एवं स्वास्थ्य विद्यालय की परिकल्पना की जा सकती है। सदर अस्पताल लोहरदगा के मेडिकल टीम को प्रधानाचार्य द्वारा उनके सराहनीय योगदान पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रदान किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में स्नेही स्नेह लता मिंज, डॉक्टर समित तिर्की, गीता बाखला, नम्रता मिंज, रूपा कश्यप, कमल रोशनी मिंज, आलोक मिंज, द्वारा शिशु स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी आचार्य बंधु भगिनी और भैया बहन उपस्थित रहे।

## सरहुल शोभा यात्रा में मांदर की थाप पर थिरके लोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड अंतर्गत बरही गांव में प्रकृति पर्व सरहुल मनाया गया। सरना आदिवासी समाज के लोग आयोजित सरहुल शोभायात्रा में शामिल हुए। इससे पूर्व गांव के पाहन अखरा में विधि-विधान पूर्वक आदिदेव धर्मेश और मां सरना की पूजा अनुष्ठान किये। सुख समृद्धि के लिए मुर्गे की बलि देने की परंपरा निभाई गई। ग्राम देवता के लिए रंगुवा मुर्गा अर्पित किया गया। पाहन देवता से बुरे आत्मा को गांव से दूर करने की कामना भी किये।

पूजा के दौरान पाहन घड़े का पानी देख वार्षिक भविष्यवाणी की। जिस पर यह बताया गया कि वर्षा सामान्य होगा। इससे पूर्व प्रकृति पूजक उपवास में रहकर जल रखाई की रस्म निभाई। केंद्रीय कमेटी सरना झोपा बरही चटकपुर के बैनर तले आयोजित सरहुल पूजा सह शोभायात्रा में ग्रामीण जन ढोल नगाड़े मांदर की थाप पर जमकर झूमे। बरही पाहन टोली बड़ा अखाड़ा से निकलकर चटकपुर बईर अखड़ा, होते हुए बरही गम्हार टोली अखड़ा अंतिम तक अखड़ा पहुंचकर शोभा यात्रा संपन्न हुआ।

शोभायात्रा के दौरान अखड़ा के समीप चना, गुड़, शरबत, पानी पिलाया गया। शोभा यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में महतो लोहरा उरांव, पाहन सहरू उरांव, पुजार गोपी उरांव, भंडारी नकुल महली, सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत के पूर्व मुखिया सुखदेव उरांव, अमर भगत, बिनीता उरांव, जयप्रकाश भगत, देवाशीष उरांव, राजू उरांव, बासु उरांव, सुनील उरांव सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सरहुल आज, निकाला जायेगा भव्य जुलूस

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ में प्रकृति पर्व सरहुल की धूम है। इसे लेकर आदिवासी समुदाय काफी उत्साहित है। सरना स्थलों में विशेष तैयारी की गयी है। पाहन पूरे विधि-विधान से पूजा करेंगे। पूजा के बाद सरना स्थलों से जुलूस निकाला जायेगा। प्रकृति पर्व सरहुल आज है। आदिवासियों का यह प्रमुख त्योहार है। हर साल चैत्र महीने की तृतीया को यह पर्व मनाया जाता है। पर्व में साल और सखुआ के पेड़ की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही धूमधाम से सरहुल जुलूस निकाला जाता है। बालूमाथ में सरहुल को लेकर सुरक्षा की विशेष तैयारी की गयी है।

## अविराम कॉलेज में मनाया गया सरहुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी में प्राकृतिक सरहुल पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में अविराम कॉलेज के सचिव इंद्रजीत कुमार भारती के द्वारा सरई फूल को पूजा किया। उसके बाद सरहुल पर्व के बारे में बच्चों के बीच सरहुल क्यों मनाया जाता है। उसके बारे में विस्तृत जानकारियां दी और कहा कि सरहुल हम सभी देशवासी को झारखंड वासियों को प्राकृतिक से जुड़े रहने का एक विशेष संदेश देता है। जो हम सभी देशवासी और झारखंड वासी प्राकृतिक से कैसे जुड़े और प्राकृतिक को बच्चों की तरह सेवा करें। वही इस कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के सचिव इन्द्रजीत कुमार भारती ने संस्थान के बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग प्राचार्य अमोला शिल्पी एक्का, अविराम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य भावना कुमारी समस्त शिक्षक और प्रशिक्षु छात्र/ छात्राएं उपस्थित थे।

## रामनवमी और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक



घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक बुधवार को बीडिओ दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान पर्व को सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान लोगों ने कहा रामनवमी जुलूस के दौरान भारी वाहन को रोक दिया जाये, एंबुलेंस व डॉक्टर की मौजूदगी जुलूस के दौरान रहे सहित के चीजों पर पदाधिकारीयो का ध्यान आकृष्ट किया। इस दौरान बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा जितने भी बात बैठक में आए हैं उन सभी पर पहल किया जाएगा। साथ ही उन्होंने आग्रह करते हुए कहा है की आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए त्योहार मनाना है और असामाजिक तत्वों की पहचान कर थाना को सूचित करें ताकि समय से पहले वैसे असामाजिक गतिविधि पर रोक लगाया जा सके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज करने से बचने की बात कही। ईद को लेकर भी कई जानकारी लेते हुवे आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ दिनेश कुमार, थाना प्रभारी तरुण कुमार, समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे, एसआइ विकास कुमार, एसआइ राहुल पासवान, एसआइ उपेंद्र पाठक, समाजसेवी विपिन बिहारी सिंह, संजय सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो की समाधि पैतृक घर के आंगन में बनी



चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत झरगांव गांव में बुधवार को कार्डिनल तेलेसफोर पी टोप्पो की कब्र की मिट्टी पूर्व आर्च विशप फिलिप्स टोप्पो के द्वारा रांची से लाकर एवं उनके माता-पिता सहित कई पूर्वजों की कब्र की मिट्टी उनके पैतृक घर के आंगन में समाधि बनाकर रखी गई एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य अधिष्ठाता सेवानिर्वित आर्चविशप फिलिक्स टोप्पो रांची धर्म प्रांत के आर्च विशप भिसेंट आईन्द एवं गुमला धर्म प्रांत के विशप लिनुस पिंगल एक्का के द्वारा कार्डिनल तेलेसफोर पी टोप्पो की आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गई एवं विशप स्वामी लिनुस पिंगल एक्का ने कार्डिनल तेलेसफोर पी टोप्पो के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को अनंत सुख शांति प्रदान करें। उन्होंने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे सरल स्वभाव के व्यक्ति थे उनसे हमें सीखने की आवश्यकता है। दक्षिणी छोटानागपुर चर्च के विकास में अहम योगदान देने वाले तेलेस्फोर पी टोप्पो एशिया के पहले आदिवासी बिशप थे। कैथोलिक कलीसिया के इतने बड़े पद पर पहुंचने वाले वह एशिया के पहले आदिवासी बिशप थे। मौके पर मुख्य रूप से फादर डीन जेभिरियानुस किंडो, फादर राजेंद्र तिर्की, फादर कॉसमॉस कुजूर, फादर अजीत इक्का, फादर जुवेल, फादर मोजेस फादर अनूप कार्डिनल के भतीजे फादर मक्सीयुस फादर एजिकल टोप्पो पोती सिस्टर सुमन सहित कई पुरोहित उपस्थित रहे। वहीं जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा सहित काफी संख्या में धर्म विश्वासी उपस्थित रहे।


आवश्यकता
रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है
संपर्क करें -
मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहशीन अंसारी:6203 921 912,
Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.





कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योर्तिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची



RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in





S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569





बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material


# सिसई में हुई बैठक, भाजपा कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता



सिसई। भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व से लेकर पंचायत स्तर के नेता तक चुनाव जीतने के लिए गांव गांव अपने कार्यकर्ताओं को सहेजने में जुट गए हैं। पूरे मान सम्मान के साथ कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर उन्हें चुनाव को लेकर जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। इसी निमित्त बुधवार को अनिल साहू के सिसई स्थित वर्कशॉप सभागार में राष्ट्रीय युवा मोर्चा कार्यकारिणी मोर्चा सदस्य अल्बर्ट सोरेन ने प्रखण्ड के बूथ अध्यक्ष व कार्यकत्ताओं के साथ बैठकर उनसे चुनावी रणनीति पर चर्चा किया और उन्हें बूथ जितने के कई टिप्स दिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्त्ता ही पार्टी के नींव हैं, इनके द्वारा एक एक वोटर को प्रेरित कर पार्टी के पक्ष में कराए गए वोट के दम पर ही पार्टी का प्रदर्शन सुनिश्चित होता है। पीएम मोदी सबका विकास, सबका विश्वास और सबका सम्मान के नारों को चरितार्थ करते हुए समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। मोदी सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ लोगों को आवास, मुफ्त बिजली कनेक्शन, शौचालय, राशन, किसान सम्मान निधि जैसे कई लाभ दे रहे हैं। ऐसा शायद ही कोई परिवार होगा जो केंद्र की योजनाओं के लाभ से वंचित होगा। विपक्षी दल के नेताओं ने मान लिया है मोदी को हराना मुमकिन नहीं है। इसलिए एक दूसरे को भ्रष्टाचारी बताने वाले और विचारों के घोर विरोधी दल मोदी के डर से एकजुट होने का प्रयास कर रहे हैं, भोले भाले आदिवासियों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। जनता सब जानती है। उन्होंने सभी बुथ कार्यकत्ताओं को हर बूथ में 370 मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मतदान कराने के मिशन में जुट जाने का आह्वान किया।

मौके पर निरंजन सिंह, अनिल साहु, बसंत यादव, दिलीप कुमार गुप्ता, नंदकिशोर सिंह, संजय महतो, चरवा उरांव, सुखलाल राय, सुनैना देवी, मनोहर नायक, छोटेलाल साहु, नंदकिशोर बड़ाईक, तेजनारायण सिंह, रामानंद सिंह, बलम वर्मा, मनोज यादव, तारकेश्वर साहु, हीरालाल बड़ाईक, रामरती लोहरा, दिवाकर साहु, मनोज उरांव, दिलीप साहु सहित सभी बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। बैठक की निगरानी के लिए एफएसटी मजिस्ट्रेट शशि भूषण साहु, एएसआइ श्रवण कुमार भगत अपने टीम के साथ मौजूद थे।

## शहर में लगा गंदगी का अंबार, त्यौहार में भी नहीं हुई सफाई



आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला शहर में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वही शहर की नालियां भी बजबजा रही है। पर्व त्यौहार को देखते हुए नगर परिषद द्वारा शहर की साफ सफाई को लेकर कोई पहल नहीं की गई। गुमला थाना में शांति समिति की बैठक में भी शहर में गंदगी को लेकर चर्चा परिचर्चा हुआ। इसके बाद नगर परिषद से संपर्क कर मामले की जानकारी दी गई। वहीं वरीय अधिकारी बैठक में शामिल हुए। बावजूद शहर की साफ सफाई नहीं हुई। इधर ईद, सरहुल, रामनवमी, चैती छठ पर्व को लेकर प्रत्येक वर्ष नगर परिषद द्वारा शहर की साफ सफाई की जाती थी। लेकिन इस वर्ष साफ सफाई ही नहीं हुई। वहीं लोगों ने बताया गर्मी आते ही मच्छर का प्रकोप बढ़ जाता है। वही नगर परिषद में फागिंग मशीन में जंग लग रहा है। एक दिन भी शहर में उसका उपयोग नहीं किया गया। जिसको लेकर लोगों में नगर परिषद के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है।

## योजना के क्रियान्वयन के बाद भी सूची नहीं, गड़बड़ी की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता




कामडारा। कामडारा प्रखंड के कुल दस पंचायत में होने वाली विकास कार्य की योजना को पूरा साल बीत गये। लेकिन किसी पंचायत सचिव के पास अपने पंचायत में किये गये कार्य योजना की सूची भी नहीं है, ये जानकर आश्चर्य होगा कि प्रखड के सभी पंचायत में 15 वित आयोग द्वारा सभी मुखिया के फंड धन राशि भेज दी गयी थी। जिसका सभी मुखियाओं ने पिछले साल भर पहले उपयोग कर कई योजनाओं का क्रियांवयन किया और राशि भी खर्च किया गया परंतु किन योजना कितना राशि खर्च की गयी। इसकी सूची तक पंचायत सचिव के पास नही होने से कई सवाल खड़े होते हैं। चूंकि कामडारा पंचायत एवं सालेगुटु पंचायत के सचिव रमेश खड़िया से योजना संबंधी जानकारी मांगी गयी। योजना पूर्ण अथवा अपूर्ण होने की सूची से संबंधित जानकारी मांगी गयी तो इन्होंने साफ बोल दिया अभी कोई सूची नहीं बनाये हैं बनेगा तो बता देंगे । इन पंचायत सचिव की बात सुन ऐसा लगता है की सरकार की राशि पहले खर्च करो फिर सोच सोच के खर्च का ब्योरा देंगे। इधर 23-24 वित्तीय वर्ष में 15वीं वित से कई कार्य प्रखंड क्षेत्र में किया तो गया है लेकिन धरातल में कहीं नहीं है जो ग्रामीण इनका लाभ ले सके।

## हत्या की जांच को लेकर मृतक के परिजनों ने एसपी को सौंपा आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिला प्रशासन ने हत्या को दुघर्टना बता कर केश को रफा-दफा किया। जिसके बाद आज गांधी नगर करमटोली के पिड़ित परिवार वालों ने गुमला पुलिस अधीक्षक को इस मामले को आवेदन देकर करवाई कराने की मांग किया है।

गुमला करमटोली गांधी नगर के युवक की मौत हिमाचल प्रदेश में सहयोगियों द्वारा मार फेंक दिया गया था। जिसका जानकारी परिजनों ने मजदूर संघ गुमला जिला व झारखंड प्रदेश कार्यालय अजाद बस्ती में आवेदन दे कर करवाई सहित उचित मुआवजा की मांग कर चुके हैं। जिसमें दो लोगों को हिरासत में हिमाचल प्रदेश प्रशासन द्वारा लिया गया था लेकिन उन दोनों को बिना पुछताछ के ही हिमाचल प्रदेश प्रशासन ने दुसरे दिन ही छोड़ दिया गया। जिसे परिजनों में काफी मायूसी छा गया। लेकिन जब मजदूर सुखराम महली के मौत होने पर मौके पर मौजूद अन्य लोगों से हिमाचल प्रदेश प्रशासन ने दबाव देते हुए उन्हें गलत बोलने का दबाव दिया जाने लगे तथा मृतक मजदूर के बेटा संदीप महली को भी गलत बयान देने का दबाव प्रशासन द्वारा दिया गया। मृतक मजदूर सुखराम महली के पत्नी सुरजमनी देबी ने गुमला पुलिस अधीक्षक जा कर लिखित आवेदन दे कर आरोपियों पर उचित कानूनी कर्रवाईं करवाने का आवेदन दी है और न्याय कि गुहार लगायी है।

## मंगलवारी जुलूस में उमड़ी लोगों की भीड़



आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। शहर में मंगलवारी जुलूस को लेकर विभिन्न अखाड़ा व कमेटी के लोगों ने शहर के पुराना नगर पालिका कार्यालय के समक्ष एकत्रित होकर पूजा पाठ करते हुए अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन किया। न्यू गुमला क्लब देवी मंदिर, मां भवानी संघ, नव युवक संघ, शक्ति संघ, माता अंजनी संघ सहित तर्री, रामनगर, करौंदी, करमटोली, डूमरडीह ,सोसो, दुंदरिया, चेटर, जवाहर नगर, बड़ाइक मोहल्ला सहित कई स्थानों से लोग मंगलवारी जुलूस में शामिल हुए। वहीं लोगों ने एक से बढ़कर एक करतब का प्रदर्शन किया। मौके पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने संघ के लोगों को रामनवमी पूजा की शुभकामनाएं दी।

## इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डीएवी के विद्यार्थी सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




गुमला। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा गत वर्ष अक्टूबर माह में आयोजित इंटरनेशनल मैथमैटिक्स ओलंपियाड में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य डॉक्टर रमाकांत साहु ने आज वंदना स्थल पर कक्षा प्रथम की अदिति खेस, सुनिधि राज गोप एवं प्रनील कुमार साहू, कक्षा चतुर्थ के अजिंक्य साहु, कक्षा पंचम के आदित्य आर्यन, कक्षा षष्ठ की ख्याति मंत्री, यश कुमार झा एवं शिवम कुमार जायसवाल, कक्षा सप्तम के चेतन साहु, अथर्व त्रिपाठी एवं आराध्या मेहता, कक्षा अष्टम की श्रुति मालानी, आरवी रौनियार एवं आदित्य, कक्षा नवम के अयान मेहता, अक्षयवंश प्रसाद एवं किशन शांडिल्य, कक्षा दशम की ताशा झा, अक्षत सिंह एवं अस्मिता प्रिया तथा कक्षा एकादश के कृष कुमार को गोल्ड मेडल आफ एक्सीलेंश एवं सर्टिफि केट देकर सम्मानित किया. ओलंपियाड कोआर्डिनेटर अभिजीत झा को साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की तरफ से एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कारों की घोषणा शिक्षिका संजुक्ता खटुआ ने की.प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि डीएवी का उद्देश्य छात्रों का समग्र विकास है, इसलिए यहां मूल्य आधारित शिक्षा दी जाती है। ताकि यहां पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी भविष्य में सद्गुणों के साथ उच्च स्तरीय जीविकोपार्जन करें। हमारे विद्यार्थी पढ़ाई ही नहीं खेल एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में भी राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियाँ हासिल कर रहे हैं। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम आयोजित



बसिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कुम्हारी डोमरा बगीचा झापा टोली में सरहुल पूर्व संध्या का आयोजन आदिवासी सरना सुरक्षा मंच के बैनर तले किया गया। इस कार्यक्रम में बसिया प्रखंड के सैकड़ो खोडहा दल के द्वारा परंपरागत वेश भूषा पहनकर प्राकृतिक पर्व सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य संगीत प्रस्तुत किया गया।सभी खोड़हा दल द्वारा गाजा बाजा ओर घंट के साथ सरहुल पूर्व कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया गया। कार्यक्रम में आदिवासी सुरक्षा मंच के मुख्य संयोजक सुकरात उरांव, थाना प्रभारी पुनीत मिंज, ललित भगत, दुर्गा पहान, सुखराम उरांव, अभिषेक लकड़ा, मुखिया मंगलेश्वर उरांव द्वारा सरहुल पर्व पर अपने विचारों को रखा गया। मंच द्वारा खोडहा दल को सम्मानित भी किया गया।

## भाजपा की बूथ स्तरीय बैठक हुई



पालकोट (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने पालकोट गोबरशिली बगीचे में बूथस्तरीय बैठक का आयोजन भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल प्रसाद केशरी की अध्यक्षता मे किया गया। जिसमे मुख्यातिथि सिमडेगा विधानसभा के प्रभारी सैलेंद्र सिंह जी पालकोट मंडल के चुनाव प्रभारी अमरनाथ बालमिया उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए शैलेंद्र सिंह ने कहा हमे इस चुनाव में भारी जनमत के साथ हमारे सांसद अर्जुन मुंडा जी को जीता कर सांसद भवन भेजना है और प्रधान मंत्री जी की हाथों को मजबूत करना है। साथ ही कहा की भाजपा जो कहती है वो करती है जैसे राम मंदिर धारा 370 तीन तलाक जो भाजपा की मुख्य बिंदु थी उसपे काम किया और कहा की इस बार मोदी जी को पूर्ण बहुमत की सरकार बना कर भारत को विश्व गुरु बनाना है। बैठक में जिला ओबीसी मंत्री नंद कुमार गुप्ता मंडल महामंत्री मनोज साव केशरी, अरविंद सिंह, जिला मंत्री प्रतिमा देवी युवा मोर्चा अध्यक्ष अमर कुमार सोनी मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू बिंदेश्वर सिंह सुकांति देवी शांति देवी महिला मोर्चा अध्यक्ष तारा देवी और सभी बूथ के अध्यक्ष सभी सक्ति केंद्र के संजोजक और कार्यकर्ता उपस्थित हुए।


!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखण्ड मे अब तक का सबसे बड़ा मेला
अंडर वाटर फिश टनल सह डिजनी लैण्ड मेला
Date : 08.04.2024 से
Time : 5:15 PM
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi





Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw





ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Franchise Benefit
FREE FRANCHISE
☑ All Computer Courses
☑ Vocational Courses
☑ Authorization Letter
☑ Authorization Certificate
☑ Web Login ID & Password
☑ Study Material Support
☑ PDF Certificate in 24 Hrs
☑ Hard Copy Certificate & Mark sheet
☑ Students Placement Support
☑ Marketing Support
☑ Online & Offline Certificate
☑ Yearly Career Guidance
☑ Seminar in your City
Certified with
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546



VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

## डीएवी स्कूल में 14 अप्रैल को छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। कक्षा दसवीं सत्र 2023-24 के जो छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा दे चुके हैं, उन सभी छात्रों के लिए डीएवी स्कूल भवनाथपुर की ओर से कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए आगामी 14 अप्रैल 2024 को छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिसमें साइंस और कॉमर्स के सभी छात्र-छात्राएं अच्छे अंक लाकर छात्रवृत्ति का लाभ ले सकते हैं। उक्त परीक्षा सुबह 11 बजे दिन में ली जायेगी तथा परीक्षाफल प्रकाशन 16 अप्रैल को होगी। छात्रवृति परीक्षा में भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, गणित, अंग्रेजी तथा सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न होंगे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# जनवितरण प्रणाली की दुकान से मिलने वाले खाद्यान्न में मिलावट का लगा आरोप

**जांच के बाद परमुख ने कहा चावल में आर्टिफिशियल चावल मिक्स किये गये हैं**

**दो प्रमुखों ने राशन गोदाम का किया निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** जनवितरण प्रणाली में वितरण किये जाने वाले चावल में बनावटी चावल मिक्स होने के शिकायत के बाद विशुनपुरा प्रमुख दीपा कुशवाहा और रमना प्रमुख करुणा सोनी ने गोदाम का निरक्षण किया। जांच क्रम में चावल के बोरी से सैंपल निकाला गया। जिसमे एक अलग तरह का चावल मिक्स पाया गया। जिसकी जानकारी देते हुए प्रमुख करुणा सोनी ने बताया कि गरीबों को निशुल्क मिलने वाला चावल में आर्टिफिशियल चावल मिक्स किया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त मिलावटी चावल के खाने से गरीबों के सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने डीएसओ गढ़वा से अविलंब जांच कर करवाई करने की मांग की है। वहीं विशुनपुरा प्रमुख दीपा कुमारी ने कहा की लाभुको के द्वारा शिकायत की गयी थी कि चावल में मिलावटी चावल मिक्स है, जिसकी जांच उनके द्वारा की गयी। जिसमें बनावटी चावल देखने को मिला है। उन्होंने बताया कि इस तरह के खाद्य आपूर्ति विभाग के द्वारा सप्लाई करना बहुत ही गलत है। कहा कि इस तरह के चावल खाने से गंभीर तरह के बीमारी हो सकती है। जिसे तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग सबंधित अधिकारी से की है। वहीं खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि सैंपल मंगाया गया है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# पीएम मोदी का मुद्दा ही हमारा चुनावी मुद्दा है : बीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** मंगलवार को देर शाम सांसद बीडी राम ने भाजपा से तीसरी बार पलामू से उम्मीदवार बनायें जाने पर केतार भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा किया। मतदान की प्रतिशत बढ़ाने की बात कहा। साथ ही सभी को दिल से सहयोग कर पिछले बार से भी अधिक मतों से जिताने की बात कहा। हालांकि कुछ कार्यकर्ता यहां भी दबी जुबान से उनका विरोध प्रकट कर रहे थे। और कार्यालय के बाहर रह कर बैठक में शामिल नहीं हुए।

इसके पश्चात उन्होंने कार्यालय में बैठक समाप्त कर सब्जी मार्केट अंबेडकर चौक तक कार्यकर्ताओं के साथ पैदलमार्च कर केतार की आम जनता, दुकानदारों व राहगीरों से मिलकर वोट देने की बात कही। वहीं उनसे पलायन और बेरोजगारी पर सवाल करने पर उन्होंने कहा कि अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर भवनाथपुर में बने इसके लिए कितनी लड़ाई लड़ी गयी है आज के दिन में भी मैं प्रयासरत हूं, ताकि भवनाथपुर में हब बने और पलायन और बेरोजगारी की समस्या दूर हो। वहीं उनसे इस बार की चुनाव मुद्दा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि देश की मुद्दा मोदी जी के मुद्दा ही हमारी चुनावी मुद्दा है। इसके बाद उन्होंने अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के बाद सभी कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने मां भगवती के दर्शन किये।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह, उमेंद्र यादव, मुखिया मूंगा साह, विजय गुप्ता, विनय प्रसाद, शकल बैठा, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।11

## बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पुनः हुए पार्टी में शामिल



गढ़वा (आजाद सिपाही)। बहुजन समाज पार्टी जिला कमिटी गढ़वा के तत्वाधान में वरिष्ठ बसपा नेता नथुनी राम के आवास पर पार्टी की बैठक संपन्न हुई। उक्त अवसर पर पार्टी से निष्कासित पूर्व जिला अध्यक्ष संजय कुमार गौत्तम को रांची प्रदेश कार्यालय में पुनः पार्टी में पिछले दिनों शामिल किए जाने के फैसले का स्वागत गढ़वा जिला कमिटी द्वारा किया गया। इसी के आलोक में गढ़वा जिला कमिटी के द्वारा फूलमाला देकर संजय कुमार गौतम को सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर संजय कुमार गौतम के द्वारा आश्वस्त किया गया कि पार्टी अनुशासन में रहकर पार्टी के कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे, और आने वाला आसन्न लोकसभा चुनाव में पलामू का चुनाव जीतकर बसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के हाथों को मजबूत करेंगे। उक्त अवसर पर बसपा के वरिष्ठ नेता नथुनी राम,चतरा लोकसभा प्रभारी सह गढ़वा विधान सभा क्षेत्र पूर्व प्रत्यासी वीरेंद्र साव, जिला प्रभारी नंदा पासवान, जिला कोषाध्यक्ष ज्ञानी राम,पूर्व जिला अध्यक्ष बिगु राम, पूर्व जिला प्रभारी रामचंद्र राम, पूर्व उपाध्यक्ष वीरेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया यमुना प्रसाद रवि आदि शामिल थे।

## तत्काल वोटर लिस्ट में नाम जोड़ा जाये: रुद्र प्रताप

भंडारिया (आजाद सिपाही )। भंडरिया प्रखंड मुख्यालय के सभागार में आज दिन बुधवार को रंका का अनुमंडल पदाधिकारी रुद्र प्रताप के अध्यक्षता में अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को मध्य नजर देखते हुए सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि अपने अपने क्षेत्र में जो आदमी अगर भंडारिया से गढ़वा में अस्थायी रह रहा है, उस आदमी को स्वेच्छा के अनुसार अगर गढ़वा में नाम जुड़वाना चाहते हैं व वोट डालना चाहते हैं, तो यहां से फॉर्म भरकर वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने का कार्य करें, और तत्काल वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने का काम करें। जांच पड़ताल कर ही नाम काटने का प्रयास करें, साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार अंचला अधिकारी राकेश भूषण सिंह ने भी बारी-बारी से समीक्षा जानकारी दी। इस मौके पर शिक्षक नितेश कुमार वर्मा शिक्षक रतन रंजन राजस्व कर्मचारी शिवपत राम राजस्व कर्मचारी दिलीप बैठा और भंडरिया प्रखंड के सभी बीएलओ और शिक्षक उपस्थित थे।

## रामनवमी महापर्व मनाने को लेकर बैठक आयोजित

सगमा (आजाद सिपाही)। रामनवमी महा पर्व को अकर्षक ढंग से मनाने को लेकर प्रखंड के मकरी गांव में बैठक आयोजित कर ग्रामीणों के द्वारा। मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा के संरक्षण में पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा अध्यक्ष के रूप में सुधीर सिंह यादव को अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया। अध्यक्ष चयन के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सुधीर सिंह यादव ने कहा कि रामनवमी महापर्व को लेकर मकरी के ग्रामीण काफी उत्साहित हैं। पांच सौ वर्षों के अथक प्रयास के बाद अयोध्या धाम में रामलाल विराजित हुए है यह सनातन धर्म के लिए गर्व की बात है, इसे ध्यान में रखते हुए इस वर्ष रामनवमी महापर्व को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से पूजा समिति का गठन किया गया है। हम सभी ग्रामीण मिलजुलकर शांतिपूर्वक ढंग से पर्व को मनाया जायेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष के रूप में रामचंद्र साह कोषाध्यक्ष मुनेश्वर प्रजापति, सचिव अनिल ठाकुर महामंत्री पंकज जयसवाल, मीडिया प्रभारी सोनू मौर्या तथा संरक्षक के रूप में मुखिया इंद्रजीत कुषवाहा का चयन किया गया।

# पलामू मे एकबार फिर से परचम लहरेगा: ममता भुइयां

**इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता ने डंडई में चलाया जनसंपर्क अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** बुधवार को पलामू लोकसभा क्षेत्र के राजद नेत्री इंडिया गठबंधन सांसद प्रत्याशी ममता भुइयां ने अपने समर्थकों के साथ डंडई प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव और डंडई साप्ताहिक बाजार में जनसंपर्क किया। इस दौरान ममता भुइयां ने प्रखंड के सोनेहारा, रारो लवाही तथा प्रखंड मुख्यालय में जनसंपर्क किया। लोगों से संपर्क के दौरान ममता भुइयां ने कहा की हमपर आरजेडी सुप्रीमो लालु प्रसाद यादव ने पलामू संसदीय क्षेत्र के नेतृत्व करने के लिए मौका दिया है, इसके लिए वह लालु प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव का पुरे पलामू में एकबार फिर से परचम लहरेगा। इस दौरान डंडई पहुंचने पर ममता भुइयां ने सर्वप्रथम अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण की और उन्हें नमन किया। इसके बाद ममता भुइयां ने दोनो हाथ जोड़कर प्रखंड मुख्यालय के मेन बाजार में घूम घूम कर लोगों से समर्थन और आशीर्वाद मांगा। ममता ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र का जितना विकास होना चाहिए था, वह नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव व तेजस्वी यादव ने उन्हें पलामू में परचम लहराने के लिए आशीर्वाद दे दिया है। वहीं यहां के दलित पिछड़े आदिवासी बहुसंख्यक समाज बहुत दिनों से इन्हे अपेक्षित किया गया है। जनता के आशीर्वाद से वह सांसद बनेंगी तब सबका सर्वांगीण विकास वह करेंगी। क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान झामुमो नेता रामाशीष प्रसाद, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, राजद प्रखंड अध्यक्ष सुभाष मेहता, राजद युवा प्रदेश महासचिव मुनेश्वर सिंह, राजद युवा नेता सोनू यादव, नकछेदी कांत राम, युवा राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, क्रीडा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष संतोष कुमार चौधरी, युवा नेता रोहित भारती, दीनानाथ पांडे, उर्मिला देवी सहित काफी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे।

## अलख होम्यो क्लीनिक में डॉक्टर हैनीमैन की जयंती मनायी गयी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। चिनिया रोड स्थित अलख होम्यो क्लीनिक में होम्योपैथिक के जनक डॉक्टर हैनीमैन की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर डॉक्टर हैनीमैन के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर डॉक्टर कृष्ण बिहारी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर बोलते हुए होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर कृष्ण बिहारी ने कहा कि डॉक्टर हैनीमैन के दिखाएं मार्ग पर चलकर समाज के पीड़ित और गरीब लोगों की मदद की जा सकती है। उन्होंने कहा, होम्योपैथिक पद्धति के जनक डॉक्टर हैनीमैन के द्वारा इस चिकित्सीय पद्धति का आविष्कार कर उन्होंने मानवता की सेवा की है। इस पद्धति में कोई साइड इफेक्ट नहीं रहता। इससे गंभीर से गंभीर बीमारियों का इलाज होता है। इसका लाभ आज पूरी दुनिया ले रहा है। इस अवसर पर गुड्डू तिवारी, राकेश पांडे, राजेश पांडे, पुतुल बिहार एवं अंजू केरकेट्टा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सरकारी दवा को फेंके जाने पर जल्द हो कार्रवाई, नहीं तो दूंगा धरना: शशांक शेखर



युवा समाजसेवी शशांक शेखर

कांडी (आजाद सिपाही)। लाखों की कामयाब सरकारी दवाएं फेंक दिये जाने जैसे अति गंभीर मामले पर जिला प्रशासन व सिविल सर्जन से जांच कर कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की गयी है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की जाती है तो झारखंड के स्वास्थ मंत्री के रांची स्थित आवास पर युवा समाज सेवी और दृष्टि यूथ आर्गनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने धरना दिये जाने की चेतावनी दी है। शशांक शेखर ने इस शर्मनाक घटना पर कड़ी टिप्पणी करते हुए फेंके गये सरकारी दवा मामले पर उचित जांचकर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। शशांक ने कहा कि इस घटना को 24 दिन गुजर चुके हैं और मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। उन्होंने गढ़वा सिविल सर्जन को भी फोन कर जानकारी ली। लेकिन संतोष जनक जवाब नहीं मिला। अगर एक सप्ताह के अंदर इसकी जांच और कार्रवाई नहीं की गयी, तो इस काफी गंभीर सवाल को लेकर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलेंगे। फिर भी कोई रिजल्ट नहीं आता है, तो मंत्री बन्ना गुप्ता के सरकारी आवास पर धरना पर बैठ जायेंगे। इसकी सारी जवाबदेही सरकार और विभाग की होगी।

# रामचरितमानस को समझने के लिए पहले मन को शुद्ध करने की आवश्यकता : प्रपन्नाचार्य जी

**नरगीर आश्रम में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर श्री राम कथा प्रारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** रामकथा समिति नरगीर आश्रम गढ़वा द्वारा आयोजित बुधवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को कथा मंच के उदघाटन के साथ अयोध्या से आए परमपूज्य संत श्री बालस्वामी प्रपन्नाचार्य जी द्वारा राम कथा का प्रारम्भ हुआ। इसके पहले कथा मंच पर श्रीराम दरबार के समक्ष मुख्य अतिथि अलखनाथ पाण्डेय, मुरली प्रसाद गुप्ता, राकेश पाल, अवधेश कुशवाहा, सुखबीर पाल आदि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि अलखनाथ पाण्डेय ने भगवान श्रीराम के चरित्र को अतुलनीय और प्रेरक तथा रामचरित मानस को सभी ग्रंथों का सार वाला अदभुत ग्रन्थ बताया। इसमें जीवन मे आनेवाली हर समस्या का समाधान निहित है। यह सभी मजहबों एवं पंथों के लिए सार्वग्राह्य है। इसमें कहीं भी कट्टरता एवम संकीर्णता नही है। डा मुरली प्रसाद गुप्ता ने कहा कि अयोध्या मे स्थापित रामलला के दर्शन के पूर्व वहां से आए महात्मा जी द्वारा रामलला के चारित्रिक गुणों को वर्णन सुन कर अपने को पवित्र करें। राकेश पाल ने श्रीराम जी के चरित्र को अनुकरणीय बताया।

कथा के पहले दिन प्रपन्नाचार्य जी ने मंगलाचरण के साथ साथ रामचरित मानस की विशेषता एवम लोकप्रियता, भक्ति के तरीके, संतो एवम असंतों के प्रकृति पर विशेष रुप से प्रकाश डाला। भगवद प्राप्ति के लिए आचरण की सरलता एवम मन की निर्मलता का होना अनिवार्य है। मन मे छल कपट रखकर कभी भगवान को नहीं पाया जा सकता है। यही कारण है कि कथा तो हजारों लोग सुनते है लेकिन कथा कुछ ही लोगों के पास पहुंच पाती है। आगे प्रपनाचार्य जी ने बताया कि बिभिन्न रामायणो मे सर्वाधिक लोकप्रिय रामचरित मानस है। जिसे अवधी भाषा मे लिख कर तुलसीदास ने इसे सरल, सुग्राह्य और आसानी से हृदयंगम करने योग्य बनाया। विषयों के विलास से विरक्ति होने पर ही भक्ति उत्पन्न होती है। और इससे भगवान मे अनुराग उत्पन्न होता है। गोस्वामी जी ने मानस के प्रारम्भ मे ही गणेश जी, सरस्वती जी, भवानी शंकर के साथ साथ गुरुओं, साधु संतो यहां तक कि असंतों की भी वन्दना की है। असंत भी भक्ति को दृढ़ रखने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कथा समिति के अध्यक्ष चंदन जायसवाल ने लगातार तीसरा बार कथा आयोजन के लिए सभी कार्यकर्ताओं, मुहलावासियों और सहयोग करने वालों धमार्नुरागियों के साथ साथ महाराज जी और उनके पूरे टीम के प्रति हृदय से आभार जताया। मौके पर गौरी शंकर, मनीष कमलापुरी, नीतेश कुमार गुड्डू, संजय अग्रहरि, दिनानाथ बघेल, जयशंकर राम आदि अन्य उपस्थित थे।

## ऐसे आयोजन से धर्म, संस्कृति और संस्कार आता है : डॉ अनिल साह



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध मां सायर देवी धाम प्रांगण में चतुर्थ वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन मंगलवार की रात्रि में रासलीला का मंचन वृंदावन से आये कलाकारों द्वारा किया गया। श्री कृष्ण लीला की जीवंत प्रस्तुति देखकर श्रद्धालु दर्शक भावविभोर होकर देर रात्रि तक रासलीला का आनंद उठाते रहे। इससे पहले रासलीला मंच का उद्घाटन सुप्रसिद्ध चिकित्सक व गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ अनिल साह, आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय भगत, मानस मंडली के संयोजक द्वारिका नाथ पांडे, प्रेमचंद प्रसाद, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। उस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शक श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए डॉ अनिल साह ने चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा की मां दुर्गा का प्रथम स्वरूप शक्ति है जिसकी भक्ति हम सभी को करनी चाहिए। उन्होंने मां दुर्गा से सभी को आरोग्य प्रदान करने की कामना की। डॉ साह ने कहा कि ऐसे आयोजन से धर्म, संस्कृति और संस्कार आती है। रासलीला देखकर अपने अंदर की वृत्तियों में सुधार लाने की आवश्यकता है, हमारी जो प्राचीन संस्कृति है उससे बच्चे संस्कारवान बनेंगे। **कलाकारों ने राधा-कृष्ण झांकी की आरती के साथ शुरू किया रासलीला का मंचन :** वृंदावन से आए कलाकारों ने राधा-श्री कृष्ण की आरती 'गिरधर तेरी आरती गाऊं' से की गयी। इसके बाद राधा-श्री कृष्ण के रूप का जीवंत लीला का मंचन कर श्रद्धालुओ को भाव विभोर कर दिया। वाद्य यंत्रों पर कलाकारों के ब्रज की मधुर स्वर से ऐसा लग रहा था मानो पूरा मेराल वृंदावन हो। रासलीला से आसपास का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है।

## नगर उंटारी में निर्वाचन संबंधी बैठक आयोजित

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय नगर उंटारी के सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिला भू अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा संजय कुमार प्रसाद की अध्यक्षता में निर्वाचन संबंधी बैठक बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ आयोजित की गयी। बैठक में सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध आवश्यक सेवाए जैसे शौचालय, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, मतदान कक्ष इत्यादि अनिवार्य रूप से बहाल करने की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान मतदान केंद्र 245 सामुदायिक भवन उसका कला, मध्य विद्यालय गरबंध में बीएलओ द्वारा आवश्यक सुविधाओं की कमी की जानकारी दी गयी। इस पर शीघ्र व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया।

# शक्ति पर धर्म का विजय ही राम हैं: महाराज कृष्णकांत

**श्री राम लला मंदिर परिसर में श्री रामचरित्र मानस कथा प्रारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता






**गढ़वा।** श्री राम लला मंदिर परिसर में नवरात्रि के प्रथम दिन से श्री रामचरित्र मानस कथा प्रारंभ हुआ। श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रकांड विद्वान युवा आचार्य पंडित श्री कृष्णा कांत जी महाराज ने प्रथम दिन के कथा में कहा कि रावण शक्ति का प्रतीक था, जबकि भगवान राम धर्म के। शक्ति पर धर्म का विजय ही राम हैं। राम की पूजा इसलिए की जाती है वह गुण हैं। सदगुण से समावेशित भगवान राम को यदि याद करते हैं सारे दुर्गुण समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान को प्राप्त करने के लिए पहले अपने मन की गंदगी को साफ करना होगा, जिस तरह से हम घर की गंदगी को साफ करने के लिए अपने आंगन में झाड़ू लगाते हैं, बर्तन को धोते हैं। इस तरह मन को पवित्र करने के लिए भी पहले अपने मन की गंदगी को दूर करना होता है। इसके लिए भगवान भक्ति को हमारे पास भेजते हैं और भक्ति जब हमारे मन को साफ कर देती है तब भगवान राम का हमारे हृदय में प्रवेश होता है। भगवान राम का हमारे हृदय में वास होने का मतलब यह है कि हमारे अंदर सद्गुण, सद्विचार, सद्चरित्र आ जाता है। मन में किसी के प्रति कोई दुर्भावना नहीं होती है। मन के भाव सदैव परोपकारी और पवित्र होते हैं। किसी के अहित में नहीं होते। राम को प्राप्त करने का मतलब यही होता है कि आप सबके लिए सरल हो जाएं। सबके लिए व्यावहारिक हो जाएं। सबके लिए सहयोगी हो जायें। आपकी दृष्टि आपके व्यवहार, आपके चाल-चलन, आपके एक-एक गतिविधि दूसरों को कष्ट न दे। बल्कि उनके सदकार्यों में सहायता प्रदान करे। आचार्य जी ने कहा कि भगवान राम में मातृत्व की दृष्टि थी और इस मातृत्व के आधार पर उन्हें सर्वत्र स्वीकार किया गया। मातृत्व के भाव हम सब में आये इसके लिए ही है, हम राम की आराधना करते हैं। मातृत्व का भाव संपूर्ण सनातनी समाज में आ जाये तो फिर यहां की मां,बहने, बेटियां सुरक्षित हो पाएंगी। आसुरी शक्तियां उन्हें परेशान नहीं करेंगी, क्योंकि आपके पास धर्म की ध्वजा है, जो राम के रूप में आपके हृदय में वास कर रहा है। भगवान राम का निवास आपके हृदय में होने से आपका मन पवित्र हो जाता है और आप पर संपूर्ण हिंदू समाज और प्रकृति का पूर्णतः विश्वास जाग जाता है। ऐसी स्थिति में आप किसी भी परिस्थिति में गलत नहीं कर पाते हैं। क्योंकि आपके हृदय में स्वयं भगवान बैठे होते हैं। कथा के प्रथम दिन श्री राम लला मंदिर समिति के उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह, सचिव धनंजय सिंह, कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार गोंड, कार्यालय मंत्री धनंजय ठाकुर, मुख्य यजमान दिलीप कमलापुरी, सदस्य जितेंद्र कमलापुरी, मदन कमलापुरी ने आचार्य श्री को माला पहनकर उनका स्वागत किया और मंच पर सम्मानित किया। इस मौके पर समिति के कई पदाधिकारी और सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में धर्म अनुरागी भाई बहने उपस्थित थे। आरती और प्रसाद वितरण के बाद प्रथम दिन की कथा का समापन हुआ।

## एसडीओ ने वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर किया बैठक

केतार (आजाद सिपाही)। बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मृधा ने केतार प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में बीडीओ सावित्री कुमारी के उपस्थिति में सभी आंगनबाड़ी सेविका, बिएलओ, डीलर, जेएसपीएल और प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक कर वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चर्चा किया। श्री मिर्धा ने कहा की पिछले चुनाव में भवनाथपुर विधानसभा का वोट प्रतिशत सबसे खराब था। इसलिए हम सभी की जिम्मेवारी है कि इस बार वैसी स्थिति नहीं आये। इसके लिए वोटर को अधिक से अधिक जागरूक करे। इसके लिए कम से कम दो तीन बार वोटर जागरूक रैली आप सभी मिलकर निकाले। और जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग ले। वहीं श्री मिर्धा ने कहा कि चुनाव के दिन मतदातोओं वोट देने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए भी सारी तैयारी 13 मई से पहले हो जाना चाहिए। मौके पर प्रखंडकर्मी राकेश कुमार, राजीव कुमार, दीपक जायसवाल, डीलर, आंगन बाड़ी सेविका उषा, सोनी, जेएसपीएल के कर्मी उपस्थित थे।

## भलूही गांव में भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के समर्थन में चुनावी चौपाल का आयोजन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर एक के भलुही गांव में भाजपा की ओर से बुधवार को चुनावी चौपाल लगाया गया। जिसमें पलामू सांसद सह भाजपा प्रत्यासी विष्णु दयाल (वीडी) राम को तीसरी बार भारी मतों से मतदान कर जीताने का संकल्प लिया गया। चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल युवा भाजपा नेता अजय दूबे ने ग्रामीणों को मोदी सरकार की उपलब्धियां बताई। सांसद बीडी राम के विकाश कार्यों को भी गिनाया। अजय दूबे ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने गरीब कल्याण के लिए काफी कार्य किया है। देश को विकास की ऊंचाइयों पर ले गए है। उन्होंने सांसद वीडी राम की तारीफ करते हुए कहा कि इनका 10 वर्षों का कार्यकाल विकास के नाम रहा है। जो भी कार्य अधूरा रह गया है उसे अगले कार्यकाल में पूरा किया जायेगा। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, जिला कार्य समिति सदस्य शंभू शरण सिंह, बैजनाथ सिंह, शिववंश मिश्रा, धर्मेंद्र राम, अनुज राम, विदेशी राम, दिनेश राम, राजू राम आदि उपस्थित थे।

## श्री दुर्गा महायज्ञ मंदिर स्थापना विग्रह प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर निकाली कलश यात्रा



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** मालवारिया में श्री दुर्गा महायज्ञ व मंदिर स्थापना विग्रह प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर बुधवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। जो यज्ञस्थाल से शुरू हुआ। यात्रा को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, जिला पार्षद सह प्रादेशिक भाजपा नेता अरविंद सिंह, वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, महायज्ञ कमेटी के संरक्षक मनोज सिंह और अध्यक्ष ललन सिंह ने भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ मुरमा, मालवरिया, पांडेयपुर सहित कई गांवों का भ्रमण कर नदी तट पहुंचा। जहां वैदिक मंत्रोचारणो के बीच कलश में जल भरकर श्रद्धालु वापस यगस्थल पहुंचे। बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने यज्ञशाला का उद्घाटन कर श्रद्धालुओं को यज्ञशाला में प्रवेश कराया। जिसके बाद पूरे विधि विधान के साथ कलश को स्थापित किया गया। इसके साथ ही सात दिवसीय महायज्ञ शुरू हो गया। इस महायज्ञ की पूर्णाहुति 16 अप्रैल को होगी। इस दौरान यज्ञ कमेटी ने अतिथियों और साधु संतों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अमृत शुक्ला ने कहा कि जहां यज्ञ से अंतर्मन के साथ वातावरण भी शुद्ध हो जाता है। वहीं, धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र में हरियाली खुशहाली आती है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विभाकर पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, पूर्व मुखिया राजमणि सिंह, रामबचन राम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, वेदप्रकाश शर्मा, राजाराम मेहता, रामसेवक पासवान, सुशील ठाकुर, संतोष रजवार, अजब नारायण शुक्ला, प्रिंस शुक्ला, सोनाबच्चा शुक्ला सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

### सख्ती : हुसैनाबाद एसडीपीओ के नेतृत्व में कार्रवाई

# झारखंड से बिहार जा रही शराब की खेप जब्त, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** एसडीपीओ मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में हुसैनाबाद पुलिस ने झारखंड से बिहार तस्करी कर ले जाई जा रही शराब की खेप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान सन्नी कुमार सिंह (25) के रूप में की गई है। वह हैदरनगर थाना क्षेत्र के चचेरिया गांव का रहने वाला है। एसडीपीओ ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात गुप्त सूचना मिली कि बाइक से स्कॉट कर ब्लू रंग की एक कार से अवैध शराब की खेप को हुसैनाबाद से लादकर नहर रोड के रास्ते गांव सोन वर्षा लोटनिया और एकौनी में स्थित ईंट भट्ठा होकर बिहार ले जाने की तैयारी है। इससे वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को दबोच लिया गया। उसके पास से कुल 1896 पीस शराब की बोतलें जब्त की गई। साथ ही एक बाइक और ब्लू रंग की टाटा नेक्सोन कार भी जब्त कर ली गई। उसके खिलाफ हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 80/24 में भादवि की धारा 2,273, 279, 307, 353, 34 और 47 (1) उत्पाद अधिनियम के तहत अंकित किया गया है। लगे हाथ पकड़े गए सन्नी को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। वहीं, छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिह, एसआई संजय कुमार यादव, आरक्षी राजेन्द्र मोची, रमेश कुमार, जय प्रकाश कुमार भी शामिल थे।



शराब की तस्करी में परकड़ा गया युवक, जब्त शराब व बरामद कार।

## डीसी व एसपी ने की सभी से सामाजिक सौहार्द्र रखते हुए त्योहार मनाने की अपील

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** डीसी सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को ईद, रामनवमी व सरहुल पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। टाउन हॉल में आयोजित बैठक में जिलेभर में ईद, सरहुल व रामनवमी के त्योहार को पारंपरिक उत्साह, आपसी प्रेम एवं भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। डीसी ने रामनवमी पर विधि-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही। कहा कि शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने के लिये सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि पर्व में डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से बंद रखने पर बल दिया। साथ ही सभी रामनवमी जुलूस को रात 10 बजे तक समाप्त करने की भी बात कही। कहा कि यह पर्व आस्था व पवित्रता के साथ मनाया जाता है यह सिलसिला जारी रहे। डीसी ने शांति समिति के सदस्यों को अपने स्तर से भी असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने की अपील की। बैठक में रामनवमी महासमिति के सदस्यों द्वारा बिजली व पेयजल से संबंधित उठाए गए समस्याओं को लेकर डीसी ने नगर निगम, बिजली विभाग व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारियों को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए जुलूस रुट में पड़ने वाले सभी तरह के समस्याओं का निराकरण कराने की बात कही। उन्होंने तीनों एसडीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत निकलने वाले सभी जुलूस के साथ एक मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों की नियुक्ति करने व जुलूस के निगरानी के लिए सीसीटीवी लगाने, वीडियो ग्राफर की व्यवस्था रखने की बात कही। वहीं, डीसी ने सभी एसडीओ को जुलूस के लिए निर्धारित किए गए मार्गों को ड्रोन के माध्यम से पूरी तरह से स्कैन करने लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि डीजे पर पूर्ण रूप से बैन रहेगा इस दौरान पारंपरिक साउंड बॉक्स की अनुमति रहेगी।

## जपला एके सिंह कॉलेज में जलवायु परिवर्तन पर संगोष्ठी का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला एके सिंह कॉलेज में आईक्यूएसी एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जलवायु परिवर्तन विषय पर एक दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉक्टर केसी झा, मुख्य वक्ता के रूप में नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के पीजी हेड डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह, गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय गढ़वा के डॉक्टर अरुण कुमार सिंह, संत तुलसीदास महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संतोष मिश्रा, जीसीपीए कॉलेज छतरपुर के प्राचार्य जितेंद्र प्रसाद मुख्य रूप से शामिल हुए। सेमिनार की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर सूर्य मणि सिंह और संचालन भूगोल विभाग के प्रो राजेश कुमार सिंह ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक प्रतिनिधि डॉ आनंद कुमार ने किया। इस दौरान डॉक्टर केसी झा ने जलवायु परिवर्तन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। जैसे पर्यावरण की सुरक्षा, प्राकृति की सुरक्षा, सतत विकास एवं ग्लोबल वार्मिंग के अंतर्गत आस पास के पांच गांव को गोद लेकर युवा विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। जबकि डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि सतत विकास और जलवायु परिवर्तन दोनों के साथ ही पर्यावरण और प्रकृति की सुरक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने मुख्य अतिथि व अन्य वक्ताओं द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को उपस्थित शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को व्यवहार में लाने की बात कही। इस अवसर पर आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो अरुण सिंह, मुकेश कुमार, जयशंकर प्रसाद सिंह, शशीभूषण, डॉक्टर चंदन सिंह, अभिषेक कुमार, सुनील सिंह, रेखा सिंह, राहुल सिंह, नरेश सिंह, डॉक्टर रविरंजन मिश्रा, प्रभारी प्रधान लिपिक ओम प्रकाश सिंह, अर्चना कुमारी, बृंदा कुमारी आदि थे।

## गिरिडीह के एसपी ने किया नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** त्योहारों के साथ चुनाव को लेकर भी गिरिडीह पुलिस सक्रिय है। बुधवार को जिले के अलग-अलग थानों की पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। वहीं गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा पुलिस जवानों के साथ नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान कर्मियों के साथ पुलिस जवानों के आवागमन के रास्ते की सुरक्षा की पूरी जानकारी लिया। इस दौरान एसपी ने कुछ गांवों के ग्रामीणों से मुलाकात भी की और विश्वास दिलाया कि वो बेखौफ मतदान करें। सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इतंजाम होगें। एसपी के साथ अभियान एएसपी कौशर अली, डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद, पीरटांड और खुखरा थाना प्रभारी समेत पुलिस जवान मौजूद थे। जहां जरूरत पड़ी एसपी अपने बॉडीगार्ड के साथ बाईक में बैठकर कई इनामी माओवादी के गांव भी गए। लाखों के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा के साथ पीरटांड, हरलाडीह, डुमरी, खुखरा और ढोलकट्टा, चतरो, सोहरेया, बंदगांव, भवानंद आंगनबाड़ी मतदान केंद्र, सोबरनपुर समेत कई अतिनक्सल प्रभावित गांव में घुसे और एक साथ कई मतदान केंद्रों का जायजा लिया। जबकि सुरक्षा बलों के जवानों के ठहरने को लेकर कई भवन की सुरक्षा और इंतजाम की तैयारी को देखा।

## हथियार जमा नहीं करने वालों के लाइसेंस होंगे रद्द : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने लोकसभा चुनाव 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में संपन्न करने के लिए सभी शस्त्रधारकों को 13 अप्रैल तक अपने हथियार संबंधित थाना में जमा करने का आदेश जारी किया है। इसके मुताबिक जिला अंतर्गत वैसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी जिन्होंने शस्त्र जमा नहीं किया है और जिन्हें स्क्रीनिंग समिति के निर्णय के आलोक में शस्त्र जमा करने से विमुक्ति प्रदान नहीं की गयी है वे सभी 13 अप्रैल तक अपना हथियार संबंधित थाना अथवा वैध शस्त्र दुकान में जमा कराये। इसकी पावती रसीद संबंधित थाने में भी जमा कराना सुनिश्चित करें। ऐसा नहीं करने वाले लाइसेंसधारियों के विरुद्ध लाइसेंस रद्दीकरण की एकतरफा कार्रवाई की जायेगी।

## उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल आयुक्त ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने बुधवार को जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। क्रमवार बेरमो, गोमिया एवं बोकारो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र में उपलब्ध दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, पेयजल, शौचालय, बिजली, वरिष्ठ मतदाताओं को मिलने वाली सुविधा की जानकारी ली। मौके पर उपस्थित बीएलओ से कई सवाल जवाब भी किया। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी आदि थे।

## विश्रामपुर पंचमुखी मंदिर प्रांगण में रामकथा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण में हिंदू नव वर्ष व चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। जिसकी शुरूआत मंगलवार देर शाम को हुई। कथा पंडाल का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कथावाचक आचार्य शांतनु जी महाराज का आशीर्वाद लिया। कथावाचक को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया। कहा कि भगवान राम के आदर्शो को जीवन में उतारने का प्रयास करें। ताकि इस कलयुग में भी राम राज स्थापना की कल्पना पूरी हो सके। वहीं, आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहा कि राम कथा श्रवण मात्र से ही मानव जीवन धन्य हो जाता है। मौके पर समाजसेवी विजय पांडेय, आयोजक मंडली के प्रमुख पंकज लाल, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय आदि मौजूद थे।




































आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 11 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार



एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गुप्त सूचना पर पंचित ओपी क्षेत्र अंतर्गत गोल घर स्थित डीवीसी क्वार्टर तीन में अधोहस्ताक्षरी एवं दंडधिकारी आशीष राणा की उपस्थिति में छापामारी की गयी। इस दौरान करीब 5081 बोतल बियर बरामद किया गया। छापामारी में बियर के साथ दो आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया। उनके नाम विनोद सिंह (42) और आयुष कुमार है। दोनों को कांड संख्या 102/24, धारा-272, 273, 290, 34 भादवि एवं धारा-47 (ए) के तहद पकड़ा गया है। निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने अपने मैथन स्थित कार्यालय में बुधवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर इसकी जानकारी दी। वहीं, छापामारी दल में पुलिस पदाधिकारी चिरकुंडा सर्किल इंस्पेक्टर फागु होरो, पंचित ओपी प्रभारी प्रभात रंजन राय, रितेश मिश्रा, नवल डांग और आरक्षित उमाकांत शामिल थे।

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष में जम कर मारपीट, चार घायल

# महिला व नाबालिग को तेजाब डाल कर जलाने की कोशिश

**हमले के बाद दूसरा पक्ष हुआ फरार, पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता



तेजाब के हमले में झुलसी महिला और नाबालिग लड़की।

**धनबाद।** जिले के हरिहरपुर थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। इस बीत दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी चली। एक पक्ष ने दूसरे पर तेजाब फेंक कर हमला कर दिया। जिसमें एक महिला और नबालिग लड़की झुलस गई है। जिन्हें पुलिस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक हरिहरपुर थाना क्षेत्र के चमड़ा गोदाम में जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में जबरदस्त मारपीट हो गई। जिसमें चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गया। बुधवार तड़के चार बजे एक पक्ष के लोग विवादित जमीन पर सैकड़ों लोगों के साथ हरवे हथियार व एसिड लेकर निर्माण कार्य कर रहे थे। दूसरे पक्ष को जब इसकी भनक लगी तो वे भी मौके पर पहुंच गए और निर्माण कार्य का विरोध करने लगे। दीवारों से महिला को गिरा दिया गया। जिसके बाद निर्माण कार्य करने वाले लोग लाठी डंडे और कुल्हाड़ी से दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। किसी ने उन पर तेजाब से हमला कर दिया, जिसमें एक महिला और नाबालिग लड़की झुलस गई। उनकी पहचान रीता गुप्ता और नंदिनी कुमारी के रूप में की गई है। रीता की पीठ और नंदिनी का हाथ तेजाब से झुलस गया है। वे लोग तुरंत पुलिस के पास पहुंच गए। पुलिस ने सभी को तोपचांची साहुबहियार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति गंभीर देख धनबाद सीएनएमएमसीएच अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी ओर, हमला करने वाले सभी लोग घटना के बाद से फरार हैं। पीड़ित परिवार ने बताया कि मंगलवार की रात विनोद महतो, राहुल महतो उनकी जमीन पर जबरन निर्माण कार्य करा रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर वे लोग जब वहां पहुंचे तो एक साजिश के तहत उन लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। विनोद महतो और राहुल महतो ने करीब 15 लोगों के साथ मिलकर लाठी, डंडे और तेजाब से उनपर हमला किया है। इसी हादसे में गोपाल सोनी और लव नारायण स्वर्णकार को भी चोट लगी है। भुक्तभोगी रीता देवी ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसके गले से सोना की चेन लूट ली है। वहीं, स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधि ने कहा कि जमीन विवाद का मामला कोर्ट में चल रहा है। दूसरे पक्ष के लोग जबरन निर्माण कार्य करा रहे थे। विरोध करने पर महिला व नाबालिग लड़की पर हमला किया गया। उन्होंने सभी दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

# बेटे के नाम पर ढुल्लू महतो ने खरीदी 2.06 करोड़ रुपये की जमीन : सरयू राय

### धनबाद लोस से भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ फिर हुए हमलावर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने एक बार फिर से ढुल्लू महतो पर हमला बोला है। बाघमारा विधायक धनबाद से भाजपा के उम्मीदवार हैं। सरयू राय ने भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी सहित भाजपा के राष्ट्रीय और राज्य नेताओं को ढुल्लू महतो द्वारा खरीदी गयी जमीन का विवरण उपब्ध कराया है। सरयू राय ने बताया कि ढुल्लू महतो ने अपने 20 वर्षीय पुत्र प्रशांत कुमार के नाम पर वर्ष 2022 में 2.06 करोड़ रुपये की जमीन खरीदी है।

### रजिस्ट्री के दस्तावेज मेरे पास हैं उपलब्ध

सरयू राय ने कहा कि इन भूखंडों की रजिस्ट्री के दस्तावेज की प्रति उनके पास उपब्ध है। इन भूखंडों का म्यूटेशन करने के लिए वहां के अंचलाधिकारी कार्यालय में की जा रही कार्रवाई के बारे में आधिकारिक दस्तावेज सार्वजनिक कर रहा हूं। तीन अलग-अलग की गयी रजिस्ट्रियों के अनुसार, खरीदे गये भूखंडों का क्षेत्रफल करीब 80 डिसमिल है। ये भूखंड धनबाद के नवाडीह में स्थित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं, खासकर झारखंड प्रदेश के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी को अपने ज्ञान के अनुसार स्पष्टीकरण देना चाहिए और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की उक्तियों के अनुरूप प्रभारी की भूमिका का निर्वाह करना चाहिए।

### भूखंडों की खरीद और भुगतान किये गये स्टांप शुल्क का पूरा ब्योरा इस प्रकार है

**भूखंड संख्या : 1**

खरीद तिथि : 5 जनवरी 2022
भूखंड का क्षेत्रफफ : 16 डिसमिल
भूखंड का पता : नवाडीह मौजा, धनबाद सर्किल
भूखंड की कीमत-46,75,000 रुपये
स्टांप शुल्क भुगतान : एक लाख 87 हजार रुपये
भूखंड का क्रेता : प्रशांत कुमार (21), अभिभावक-ढुल्लू महतो
भूखंड विक्रेता : कामख्या नारायण सिंह, अंबिकापुरम, एलसी रोड, धनबाद।
खाता नंबर 36 और 50
- ब्लॉट नंबर 1623, 1672, 1624

**भूखंड संख्या : 2**

खरीद की तिथि : 24 जनवरी 2022
भूखंड का क्षेत्रफल : 56 डिसमिल
भूखंड का पता : नवाडीह मौजा, धनबाद सर्किल
भूखंड की कीमत : एक करोड़ 36 लाख 36 हजार रुपये
स्टांप शुल्क भुगतान : पांच लाख 45 हजार 450 रुपये
भूखंड का क्रेता : प्रशांत कुमार (21) अभिभावक- ढुल्लू महतो, ग्राम- चिटाही बस्ती, पो- टुंडू, थाना- बरोरा, बाघमारा, जिला धनबाद
भूखंड विक्रेता : कामख्या नारायण सिंह एवं आशा देवी, अंबिकापुरम, एलसी रोड, धनबाद
खाता नंबर 50
प्ल्ट नंबर 1624 और 1626
खरीद की तिथि : 29 अप्रैल 2022
भूखंड का क्षेत्रफल : 8 डिसमिल

**भूखंड संख्या-3**

भूखंड का पता : मौजा-नवाडीह, सर्किल-धनबाद
भूखंड की कीमत : 23 लाख 40 हजार रुपये
स्टांप शुल्क भुगतान : 93 हजार 600 रुपये
भूखंड का क्रेता : प्रशांत कुमार (21) अभिभावक : ढुल्लू महतो, ग्राम- चिटाही, पो-टुंडू, थाना-बरोरा, बाघमारा, जिला-धनबाद
भूखंड विक्रेता-नारायण मंडल, करोयाटांड, बर्ली अड्डा, धनबाद।
खाता नबर 104
प्लॉट नंबर : 1624 और 1674

### इन भूखंडों की सरकारी दर पर कीमत और स्टांप शुल्क के भुगतान का ब्यौरा

1. भूखंड की सरकारी दर पर कीमत : 46 लाख 75 हजार रुपये
2. भूखंड की सरकारी दर पर कीमत : एक करोड़ 36 लाख 36 हजार
3. भूखंड की सरकारी दर पर कीमत : 23,40,000 रुपये
4. तीन भूखंडों की सरकारी दर पर कुल कीमत -2,06,51,000 रुपये
5. स्टांप शुल्क भुगतान : 1,87,000 रुपये
6. स्टांप शुल्क भुगतान : 5,45,450 रुपये
7. स्टांप शुल्क भुगतान : 93,600 रुपये
8. कुल स्टांप शुल्क भुगतान का जोड़ : 8,26,050 रुपये

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## बोकारो जिले में विधायक आवास पर भाजपा महिला मोर्चा की बैठक, प्रचार-प्रचार पर जोर




बोकारो (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश महिला मोर्चा की ओर से सभी लोकसभा केंद्रों में महिला संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में धनबाद लोकसभा केंद्र के तहत बोकारो जिले में पड़ने वाले बोकारो व चंदनकियारी विधानसभा केंद्रों की महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष, महिला संपर्क अभियान की संयोजक, सह संयोजक एवं मंडल /प्रखंड मोर्चा के पदाधिकारी की उपस्थित में बोकारो विधायक के आवास सेक्टर एक स्थित पं दीनदयाल सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गिरिजा देवी ने की। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह शामिल हुईं। इनके अलावा महामंत्री सीमा सिंह, बोकारो विधायक की पत्नी नीना नारायण, धनबाद लोकसभा केंद्र के प्रत्याशी ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी, प्रियंका रंजन, बबिता वर्मा, अर्चना सिंह, संजू देवी, आरती राणा, जिला महामंत्री संजय त्यागी, लीला देवी, रिम्पा चक्रवर्ती और कार्यक्रम संयोजक प्रीति गुप्ता आदि मौजूद थी। इस दौरान सभी ने पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार प्रचार करने और मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने की बात कही।

## बोकारो स्टील प्लांट की मेजबानी में आयोजित होगा रिफ्रैक्टरीज पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो स्टील प्लांट की मेजबानी और इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया एवं इंडियन सिरेमिक सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में 12-13 अप्रैल को रिफ्रैक्टरीज पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन मानव संसाधन विकास विभाग में होने जा रहा है। आरईएफआईएस-4.0 नाम से आयोजित यह द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'नैनो प्रौद्योगिकी और टिकाऊ समाधानों के माध्यम से लौह और इस्पात उद्योग में रिफ्रैक्टरीज में प्रगति' विषय पर आधारित होगा। इस सम्मेलन में रिफ्रैक्टरी सेक्टर में देश को आत्म-निर्भर बनाने, इंडस्ट्री-4.0 टेक्नोलोजी के इस्तेमाल द्वारा कम लागत व उच्च गुणवत्ता वाले रिफ्रैक्टरी का निर्माण के साथ ही इस्पात एवं रिफ्रैक्टरी उद्योग के परस्पर हितों से संबंधित सभी बिन्दुओं पर गहन मंथन कर भविष्य के लिए रोड मैप तैयार किया जायेगा। राउरकेला स्टील प्लांट प्रभारी निदेशक एवं बोकारो स्टील प्लांट के अतिरिक्त प्रभार अतानु भौमिक इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि रहेंगे। बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (संकार्य) वीरेंद्र कुमार तिवारी एवं डॉ चाको जैकब, प्रोफेसर (आइआइटी खड़गपुर) और डॉ दीपक जैन महनिदेशक (एफआइआइ) विशिष्ट अतिथि होंगे। वीपी उपाध्याय मुख्य महाप्रबंधक (रीफ्रैक्टरीज) सम्मेलन के अध्यक्ष रहेंगे। इसके अलावा देश के विभिन्न हिस्सों से रिफ्रैक्टरीज उद्योग के प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल होंगे।

## चिरकुंडा में बंद दुकान से एक महिला का शव बरामद

एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। चिरकुंडा थाना अंतर्गत हीरो बाइक शो रूम के समीप स्थित बंद एक दुकान के भीतर से 30 वर्षिय एक महिला का सड़ा गला शव बरामद होने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही महिला के परिजन जुनकुदर बाबूडंगाल निवासी घटनास्थल पहुंचे गए और शव की पहचान की। परिजनों ने मृतक का नाम जोबना देवी बताया। इस बाबत मृतक की भाभी एवं भाई ने बताया कि जोबना देवी तीन दिनों से लापता थी। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। वे लोग पिछले तीन दिनों से तलाश कर रहे थे। इस बीत बुधवार की सुबह पता चला कि हीरोहोंडा शो रूम के समीप एक महिला का शव मिला है। जिसकी शिनाख्त उनलोगों ने अपनी बहन व ननद के रूप में की है। पश्चिम बंगाल के आसनसोल के निमचा निवासी के साथ मृतका की शादी हुई थी। उससे दो बच्चे (एक बेटी व एक बेटा) है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, मृतक के परिजनों की ओर से थाना में विनती व लिखित दिए जाने के बाद अंततः पुलिस ने परिजनों को शव को सौंप दिया। इस संबंध में चिरकुंडा थाना के इंस्पेक्टर सह प्रभारी सुनिल कुमार सिंह ने बताया कि नगर परिषद के सफाई कर्मियों से सर्व प्रथम घटना की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पूरे प्रकरण की जांच की।

# सिंदरी हर्ल में मतदाता जागरूकता फोरम का गठन, कार्यशाला का भी आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त बलियापुर बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में बुधवार को हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड (हर्ल सिंदरी) में मतदाता जागरूकता फोरम का गठन करने के साथ ही कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता हर्ल सिंदरी के महाप्रबंधक सुरेश प्रमाणिक ने की। इस अवसर पर बीडीओ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य के ऐसे सभी कार्यालय/प्रतिष्ठान/संस्थान जहां 10 अथवा उससे अधिक व्यक्ति कार्यरत है, उन्हें मतदाता जागरूकता फोरम के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदान के लिए जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में इस दिन हर्ल के सभी पदाधिकारी-कर्मचारी पर्यवेक्षकों के बीच इस कार्यशाला में जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं मतदाता हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया। यहां आगामी 13 अप्रैल को कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है, उनके लिए विशेष निबंध शिविर का आयोजन कराया जाएगा। इश दौरान सभी को मतदाता जागरूकता के विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बीडीओ ने सभी कर्मचारियों को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाई। कार्यक्रम में एएमओ मंशुल कुमार जैन, निर्वाचन प्रभारी रवि कुमार चौरसिया आदि उपस्थित थे।

## ढुल्लू महतो को सबसे ज्यादा वोट झरिया से ही मिलेगा : सुरेश साव




झरिया (आजाद सिपाही)। झरिया के आरएस गार्डन में बुधवार को भाजपा लोकसभा चुनाव प्रबंध समिति की बैठक हुई। जिसमें उपस्थित लोकसभा प्रभारी सुरेश साव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी है। अब कार्यकर्ताओं को अपनी छवि और ताकत को दिखाने का समय आ गया है। इसलिए अब कोई भी कार्यकर्ता घर पर ना बैठें। बूथ अध्यक्ष से लेकर प्रदेश तक को चुनाव में पूरी ईमानदारी से लगना होगा। कहा कि मोदी की गारंटी को जनता जानती है। मोदी जो कहते हैं वो करते भी हैं। कहा कि ढुल्लू महतो को झरिया से ही सबसे ज्यादा वोट मिलेगा। हर एक व्यक्ति मोदी सरकार चाहती है। 400 पार के लिए ढुल्लू महतो को जिताकर संसद भवन भेजने का काम करें।

### डीसी ने किया झरिया के अग्नि प्रभावित मतदान केंद्रों का निरीक्षण

# उम्मीद है इस बार झरिया में बढ़ेगा मतदान का प्रतिशत : माधवी मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



झरिया में अग्निप्रभावित मतदान केंद्रों की निरीक्षण करती डीसी माधवी मिश्रा।

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने झरिया विधानसभा क्षेत्र के घनुआडीह स्थित मध्य विद्यालय सेंट्रल कुजामा का बुधवार को निरीक्षण किया। यहां चार मतदान केंद्र है। साथ ही लोदना कोलियरी हाई स्कूल, जहां 5 मतदान केंद्र है, का भी निरीक्षण किया। इस क्रम में मतदान केंद्रों में साफ-सफाई, मतदान से एक दिन पहले पानी की व्यवस्था, शौचालय की साफ-सफाई को लेकर बीएलओ को निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने कहा कि झरिया विधानसभा में कुछ मतदान केंद्र अग्नि प्रभावित है। यह चुनाव कराने के लिए सुरक्षित है या नहीं, इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक एवं एआरओ के साथ निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों की सुरक्षा को लेकर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के साथ बैठक कर मतदाताओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाएंगे। डीसी ने कहा कि झरिया में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इसलिए स्वीप कोषांग द्वारा तत्परता से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिला प्रशासन को उम्मीद है कि इस बार झरिया में मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, झरिया सीओ, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक आदि मौजूद थे।

# मेरा वोट मेरा अधिकार, इस बार मतदान 80 प्रतिशत पारः गिरिजा

**मतदाता जागरूकता को लेकर 'रन फॉर वोट' का आयोजन, बेरमो प्रशासन के साथ आमजनों ने लगाई दौड़**

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/बेरमो।** स्वीप कोषांग की ओर से बुधवार को बेरमो प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से मतदाता जागरूकता को लेकर 'रन फॉर वोट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड व अंचल कर्मी, बाल विकास परियोजना कार्यालय के कर्मी, नगर परिषद् फुसरो, जेएसएलपीएस, बेरमो पुलिस, सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अध्यापक, सहायक शिक्षक एवं सीआरपी, बीआरपी, नोडल पदाधिकारी, सीसीएल बीएण्डके व ढोरी के कई अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। 'रन फॉर वोट' दौड़ बेरमो प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से रवाना हुई, जो नया रोड फुसरो, बैंक मोड फुसरो, फुसरो बाजार होते हुए फुसरो वी मार्ट तक पहुंची। इस दौरान लोगो के द्वारा हाथों में तख्तियां लेकर आमजनो से मतदान करने को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही यहां सभी को मतदान करने एवं कराने को लेकर प्रेरित करने की शपथ भी दिलाई गयी। बेरमो सीओ सह प्रभारी वीडीओ संजीत कुमार सिंह ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रन फॉर वोट का आयोजन किया गया था। मतदान केंद्रों में इस बार शेड और पेयजल आदि सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि मतदाताओं को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। कहा कि मतदान दिवस के दिन मतदान करने व छूटे हुए अधिकारी व कर्मियों जिनका अभी भी मतदाता सूची में नाम नहीं है, उन्हें मतदाता सूची में नाम दर्ज करने को लेकर फार्म-6 भरकर संबंधित क्षेत्र के बूथ लेवल आफिसर को जमा कर दें। वहीं, बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में क्षेत्र का मतदान प्रतिशत संतोषजनक नहीं है। इसे बढ़ाने को लेकर सभी बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है। लोग धर्म, जाति से उपर उठकर मतदान करें। नोटा में कोई भी मतदान ना करें। उन्होंने 'मेरा वोट मेरा अधिकार इस बार मतदान 80 प्रतिशत पार' का नारा लगाया। मौके पर बेरमो के थाना प्रभारी अशोक कुमार, एएसआई अनुप नारायण सिंह, मनोहर मंडल, एसआई विक्रांत कुमार, लक्ष्मण चौधरी, फुसरो नप के कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार, सीटी मैनेजर कुमार निशांत, सीसीएल ढोरी के सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, बीएंडके के सीएसआर अधिकारी संजीत कुमार, पशुपालन विभाग से डॉ सुजाता मुखर्जी, विधायक प्रतिनिधि उतम सिंह, प्रभारी प्रखंड सांख्यिकी प्रवेक्षक सुनील कुमार, बेरमो प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक, युवा व्यवसायी संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष सुशांत रायका, पूर्व पार्षद भरत बर्मा, जेएसएलपीएस नीलकंठ कच्छप और सीडीपीओ गीता सोई आदि मौजूद थे।

## मतदान आईकॉन श्वेता किन्नर ने मतदाताओं को किया जागरूक

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** मतदाता मतदान जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को जगजीवन नगर स्थित आयुष फाउंडेशन के कार्यालय में मतदान आईकॉन श्वेता किन्नर ने नए व पुराने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। साथ ही सभी से मतदान के दिन अपने-अपने बूथ पर जाकर वोट देने के की आग्रह किया। कहा कि मतदान करते वक्त अपनी सूझबूझ से ही मतदान करें। किसी के बहकावे में आकर मतदान ना करें। कहा कि मतदान के दिन पहले मतदान करें, फिर जलपन करें। स्वेता किन्नर ने आयुष फाउंडेशन को मतदान जागरूकता के इस पहल के लिए धन्यवाद दिया।

# संबलपुर-कटक राष्ट्रीय राजमार्ग 55 की खराब स्थिति के लिए कौन जिम्मेदार है : प्रणब दास

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** संबलपुर लोकसभा सीट से बीजू जनता दल (बीजेडी) उम्मीदवार प्रणब प्रकाश दास ने सोशल मीडिया एक्स के जरिए बीजेपी उम्मीदवार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर हमला बोला। पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने में केवल 9 दिन बचे हैं, प्रणब ने दोनों के बीच सोशल मीडिया एक्स के जरिए युद्ध शुरू कर दिया है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार धर्मेंद्र प्रधान को भाई कहकर संबोधित किया और पिछले 10 वर्षों में संबलपुर-कटक राष्ट्रीय राजमार्ग-55 की दूरस्थता पर सवाल उठाया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स के जरिए लेखा धर्मेंद्र भाई, संबलपुर-कटक राष्ट्रीय राजमार्ग-55 के दूरस्थता होने के कारण पिछले 10 वर्षों में 200 से अधिक दुर्घटनाओं में 400 से अधिक बहुमूल्य लोगों की जान चली गयी है। किसके लिए किसकी अक्षमता और अस्थिरता के कारण 10 साल तक केंद्रीय मंत्री रहने के बावजूद आप एक भी सड़क का काम पूरा नहीं करा सके। इससे बड़ी विफलता क्या हो सकती है आप किस मुंह से संबलपुर की जनता का सामना करेंगे जिनकी जीवन रेखाओं को आपने बाधित किया है। संबलपुर के लोगों के पास केंद्रीय मंत्री के रूप में आपकी 10 साल की विफलता का रिकॉर्ड है। लोग आपको करारा जवाब देंगे।

# सीयूओ का पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के साथ एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूओ) कोरापुट ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण संवाददाता सम्मेलन में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) नयी दिल्ली के साथ एक महत्वपूर्ण पारस्परिक शैक्षणिक सहयोग की योजना की घोषणा की। सभा का उद्देश्य शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत सीयूओ और संस्कृति मंत्रालय के तहत आईजीएनसीए के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा करना था। समझौता ज्ञापन का उद्देश्य पारंपरिक ज्ञान की रक्षा और प्रचार करना है। वर्तमान में, आईजीएनसीए के 55 प्रतिनिधि और सीयूओ के छात्र और संकाय दोनों संस्थानों के संयुक्त उद्यम में क्षेत्र अनुसंधान के लिए कोरापुट क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी, माननीय कुलपति, सीयूओ ने शिक्षा और अनुसंधान के दूसरे स्तंभ के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता और आदिवासी संस्कृति पर विशेष ध्यान देने के साथ सांस्कृतिक अध्ययन में विशेष पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए आईजीएनसीए के साथ साझेदारी की संभावना पर प्रकाश डाला। आईजीएनसीए में भारतीय साहित्य विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अरुण के भारद्वाज ने ज्ञान के आदान-प्रदान और प्रलेखन के लिए संयुक्त प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने मंदिर संसाधनों, प्राकृतिक संसाधनों और आदिवासी परंपराओं पर विशेष अध्ययन करने में आईजीएनसीए के साथ सहयोग करने वाले एकमात्र केंद्रीय विश्वविद्यालय सीयूओ की सराहना की। साझेदारी में डिजिटल प्रारूप में पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण और प्रलेखन के साथ-साथ सांस्कृतिक ज्ञान और अध्ययन के प्रसार के लिए ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की शुरूआत भी शामिल है। औपचारिक प्रक्रिया के अलावा, क्षेत्र के समृद्ध वनस्पतियों और जीवों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का आयोजन जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधन संरक्षण विभाग (डीबीसीएनआर) सीयूओ के छात्रों के सौजन्य से किया गया था।

बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा की बैठक

# कार्यकर्ता तन-मन से चुनाव की तैयारी में जुट जायें : लक्ष्मण सिंह



बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते लक्ष्मण प्रसाद सिंह व अन्य।


आजाद सिपाही संवाददाता

**गावां।** गावां प्रखंड स्थित बादीडीह पंचायत में भाजपाकी बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह के अलावा बादीडीह, पटना व सांख पंचायत के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में तीनों पंचायतों के लिए बूथ संयोजक व टोली का गठन करते हुए वहां के संगठनात्मक स्थिति पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि भाजपा के चार सौ पार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की सक्रियता अत्यंत आवश्यक है। कार्यकर्ता तन-मन से चुनाव की तैयारी में जुट जायें।

मौके पर सांसद प्रतिनिधि श्रीराम यादव, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, सुबोध राय, भगवान दास वर्णवाल, कांग्रेस यादव, अमरदीप निराला, पवन सिंह, देवनन्दन सिन्हा, राजेन्द्र चौधरी, विनोद मिष्टकार, जयप्रकाश आनंद, उदय प्रसाद यादव, मनोज सिंह, सुनीता देवी, मुकेश यादव, सौदागर साव, सिकंदर यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# बीजेडी ने चुनाव इश्तिहार समिति बनायी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बीजू जनता दल ने 2024 चुनाव इस्ताहार समिति का गठन किया। बीजेडी ने 38 सदस्यों की एक कमेटी बनाई है। वरिष्ठ बीजेडी नेता और ब्रह्मपुर सांसद चन्द्रशेखर साहू समिति के अध्यक्ष होंगे। इसी तरह बीजेडी की ओर से छह वरिष्ठ नेताओं को सह-अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी है। इनमें देवी प्रसाद मिश्र, प्रताप देव, सुदाम मरांडी, मंगला किशान, पद्मनाव बेहेरा, कस्तूरी महापात्र शामिल हैं। इसी तरह पार्टी ने पूर्व राज्यसभा सांसद अमर पटनायक को संयोजक और सस्मित पात्र को सह-संयोजक नियुक्त किया है। बीजेडी ने चुनाव इस्ताहार में 3 अप्रवासी ओड़िया सुकांत महापात्र, सोफेन्दु महांति और अमिय मिश्र को शामिल किया है, जबकि पार्टी ने 26 सदस्यों को जिम्मेदारी दी है। बीजेडी समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की राय के आधार पर अपना चुनाव इस्ताहार आयोजित करेगा। इससे पहले बीजू जनता दल ने चंद्रशेखर साहू को समिति का अध्यक्ष घोषित किया था और आज बीजू जनता दल ने 38 सदस्यों के नामों की घोषणा की है। बीजू जनता दल (बीजेडी) नवीन ओड़िशा, एक मजबूत ओड़िशा के निर्माण के लिए यह चुनावी इस्ताहार लायेगा।

# पुलिस नहीं करा सकती टैटू, डीसीपी ने जारी किये नियम




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शरीर पर टैटू बनवाना ओड़िशा पुलिस के सम्मान को ठेस पहुंचा रहा है, ऐसे निर्देश विशेष सुरक्षा बटालियन ने जारी किए हैं। कोई भी कमिश्नरेट पुलिस अधिकारी चेहरे, गर्दन या हाथ पर टैटू नहीं बनवायेगा। अगर किसी पुलिस अधिकारी के पास कोई टैटू है तो उसे 15 दिन के अंदर इसे मिटाने का आदेश दिया गया है। पुलिस की वर्दी पहनने के बाद अगर टैटू दिख जाए तो वह स्वीकार्य नहीं होगा। टैटू नहीं हटाने पर उन्हें विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**